खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, मंगलवार 2 सितम्बर 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 92 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :25°C
न्यूनतम: 24°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 9 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



परिषदीय स्कूलों के विलय मामले में अगली सुनवाई 22 सितम्बर को पेज 2



महिला वनडे विश्वकप: पुरस्कार राशि में चार गुना वृद्धि खेल टाइम्स



जल प्रलय के संदेश सम्पादकीय



कृति सैनन बनीं यूएनएफपीए की मानद राजदूत पेज़ 12

## 42 दिन बाद उपराष्ट्रपति आवास से निकले धनखड़

**नई दिल्ली।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अब दक्षिणी दिल्ली के छतरपुर इलाके में स्थित अभय चौटाला के फॉर्महाउस में रहेंगे। सोमवार शाम 6 बजे उन्होंने इस्तीफे के 42 दिन बाद उपराष्ट्रपति आवास छोड़ा। इंडियन नेशनल लोकदल के प्रमुख अभय चौटाला ने बताया कि हमारे परिवार के घनखड़ जी से पुराने रिश्ते रहे हैं। हमने उनसे हमारे घर में रहने की अपील की, जो उन्होंने मान ली। धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए मानसून सत्र के पहले दिन 21 जुलाई को पद से इस्तीफा दे दिया था। तब वे सार्वजनिक कहीं नजर नहीं आए। इस दौरान विपक्ष ने हाउस अरेस्ट जैसे कई आरोप लगाए। हालांकि सरकार ने इनसे इन्कार किया। धनखड़ अब तक संसद भवन के पास उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में रह रहे थे। उनका कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। धनखड़ अभय चौटाला के फॉर्महाउस में तब तक रहेंगे, जब तक उन्हें टाइप-8 सरकारी बंगला आवंटित नहीं कर दिया जाता, जिसके वे पूर्व उपराष्ट्रपति होने के नाते हकदार हैं।

## सकल GST राजस्व अगस्त में 6.5 % की वृद्धि के साथ 1,86,315 करोड़

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की सकल वसूली अगस्त 2025 में सालाना आधार पर 6.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,86,315 करोड़ रुपये रही। पिछले साल अगस्त में सकल जीएसटी प्राप्ति 1,74,962 करोड़ रुपये थी। रिफंड के बाद जीएसटी से शुद्ध प्राप्ति अगस्त में 1,66,956 करोड़ रुपये रही जो पिछले साल के 1,50,791 करोड़ रुपये से 10.7 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्रालय के जारी आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य माह में घरेलू बाजार के सौदों से जीएसटी की सकल वसूली 9.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,36,962 करोड़ रुपये रही। इसमें केंद्रीय जीएसटी का योगदान 34,076 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी का 42,854 करोड़ रुपये और आईजीएसटी का योगदान 48,639 करोड़ रुपये रहा।

## MBBS, BDS में दाखिला संबंधी तेलंगाना के नियम पर सुप्रीम मुहर

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने नौवीं से 12वीं कक्षा तक तेलंगाना में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को एमबीबीएस और बीडीएस में दाखिले से संबंधित राज्य सरकार के मूल निवास संबंधी आरक्षण का लाभ देने वाले राज्य सरकार के नियम को बरकरार रखा है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने सोमवार को तेलंगाना सरकार की अपील स्वीकार कर ली। अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की याचिका पर यह फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पांच अगस्त को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। उच्च न्यायालय ने पिछले साल इस नियम को मनमाना करार दिया था। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि मूल निवास संबंधी नियम कुछ वर्षों के लिए राज्य से बाहर गए स्थायी निवासियों के बच्चों को दाखिले से वंचित कर देगा।

# अफगानिस्तान में भूकंप से तबाही

## गांव के गांव बर्बाद, 800 लोगों की मौत, 2500 घायल

**काबुल, वार्ता**

**पूर्वी अफगानिस्तान** में आए एक शक्तिशाली भूकंप में लगभग 800 लोगों की मौत हो गई। अब तक 2,500 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है। रविवार देर रात 6.0 तीव्रता का भूकंप नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर के पास कुनार प्रांत के कई कस्बों में आया, जिससे भारी नुकसान हुआ।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, रात 11:47 बजे आए भूकंप का केंद्र नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर से 27 किलोमीटर पूर्व-उत्तर-पूर्व में था। इसकी गहराई महज 8 किलोमीटर थी। कम तीव्रता वाले भूकंप ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। इसके बाद भी इलाके में कई झटके आए। सोशल मीडिया और समाचार चैनलों पर प्रसारित वीडियो फुटेज में बचावकर्मी घायल लोगों को ढही हुई इमारतों से स्ट्रेचर पर उठाकर हेलीकॉप्टरों में ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि कई लोग अपने हाथों से मलबा हटाने की कोशिश कर रहे हैं। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मृतकों की संख्या बढ़कर 800 हो गई है। 2,500 लोग घायल हुए हैं। ज्यादातर लोग कुनार प्रांत में हताहत हुए हैं। कुनार के सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में से एक नूरगल जिले के एक निवासी ने बताया कि लगभग पूरा गांव ही तबाह हो गया है। बच्चे मलबे के नीचे हैं। बुजुर्ग मलबे के नीचे हैं। युवा मलबे के नीचे हैं। हमें मदद की जरूरत है। हमें लोगों की जरूरत है, जो यहां आकर हमारी मदद करें। पूर्वी अफगानिस्तान पहाड़ी इलाका है। यह दूरदराज के इलाकों में फैला है। भूकंप के कारण संचार व्यवस्था बिगड़ गई है। एक जीवित बचे व्यक्ति ने बताया कि उसने अपनी आंखों के सामने घर ढहते और लोगों को मदद के लिए चीखते हुए देखा।



### मोदी ने जान-माल के नुकसान पर शोक किया व्यक्त

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अफगानिस्तान में रविवार रात आए विनाशकारी भूकंप में हुए जानमाल के नुकसान पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए भारत की तरफ से हरसंभव मानवीय सहायता प्रदान करने की पेशकश की है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में सोमवार को कहा कि अफगानिस्तान में आए भूकंप में हुई जान-माल की हानि से अत्यंत दुखी हूं। इस कठिन घड़ी में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। भारत प्रभावित लोगों को हर संभव मानवीय सहायता और राहत प्रदान करने के लिए तत्पर है।

### भारत ने अफगानिस्तान में एक हजार तंबू और 15 टन खाद्य सामग्री भेजी

**नई दिल्ली।** भारत ने अफगानिस्तान में भूकंप से हुई भारी तबाही के बाद मदद का हाथ बढ़ाते हुए तत्काल सहायता के तौर पर वहां एक हजार तंबू तथा 15 टन खाद्य सामग्री भेजी है। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तक़ी से बात कर भूकंप के कारण हुई जान-माल की हानि पर संवेदना व्यक्त की और कहा कि इस कठिन समय में भारत अफगानिस्तान के साथ है। उन्होंने कहा कि भारत ने काबुल में एक हजार तंबू पहुंचाए हैं। काबुल स्थित भारतीय मिशन द्वारा कुनार तक 15 टन खाद्य सामग्री भी तुरंत पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से कल और राहत सामग्री भेजी जाएगी। डा. जयशंकर ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि सोमवार को अफ़ग़ानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तक़ी से बात की। भूकंप में हुई जान-माल की हानि पर अपनी संवेदना व्यक्त की। भारत ने आज काबुल में 1000 परिवारों के लिए तंबू पहुंचाए हैं। भारतीय मिशन द्वारा काबुल से कुनार तक 15 टन खाद्य सामग्री भी तुरंत पहुंचाई जा रही है। मंगलवार (आज) से भारत से और राहत सामग्री भेजी जाएगी। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। इस कठिन समय में भारत अफगानिस्तान के साथ है।

# उत्तराखंड: चारधाम यात्रा पांच सितम्बर तक स्थगित

## हिमाचल आपदा प्रभावित राज्य घोषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- हरियाणा में 2.50 लाख एकड़ में फसलों को नुकसान
- शिमला में लैंडस्लाइड, चार लोगों की मौत

**नई दिल्ली/देहरादून।** उत्तर भारत के हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश से हालात खराब हैं। हिमाचल में रविवार से तेज बारिश हो रही है। शिमला के कोटखाई, जुब्बल और जुन्गा में देर रात लैंडस्लाइड से 4 लोगों की मौत हो गई।

सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा में राज्य को आपदाग्रस्त प्रदेश घोषित किया है। चंडीगढ़-मनाली फोरलेन सहित 5 नेशनल हाईवे और करीब 800 सड़कें बंद पड़ी हैं। कुल्लू समेत 10 जिलों में सोमवार को स्कूल-कॉलेज बंद हैं। उत्तराखंड में केदारनाथ नेशनल हाईवे पर सोमवार को लैंडस्लाइड के बाद दो यात्रियों की मौत और छह लोग घायल हो गए। रेड और ऑरेंज अलर्ट के बाद चार धाम और हेमकुंड साहिब यात्रा 5 सितम्बर तक स्थगित कर दी गई है। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में लैंडस्लाइड के कारण 12 घर टूट गए। हरियाणा के 6 जिलों में भी बाढ़ जैसे हालात हैं। सिरसा में एक नहर टूटने से 50 एकड़ में खड़ी फसल पानी में डूब गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में अब तक 2.50 लाख एकड़ में फसलों को नुकसान हुआ है। करीब 40 हजार किसान प्रभावित हुए हैं। सोमवार सुबह हथिनीकुंड बैराज से 29,313 क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिससे यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। दिल्ली सरकार ने बाढ़ का अलर्ट जारी किया है। पंजाब के 9 जिलों फाजिल्का, फिरोजपुर, कपूरथला, पठानकोट, तरनतारन, होशियारपुर, मोगा, गुरदासपुर और बरनाला में बाढ़ के हालात हैं। अब तक 1312 गांव बाढ़ से प्रभावित हो चुके हैं। भाखड़ा डैम में फ्लड गेट 4-4 फीट तक खोल दिए हैं। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में रविवार शाम को सड़क पर विशाल पेड़ गिर गया। वहां कई लोग और गाड़ियां खड़ी थीं। हालांकि, किसी को नुकसान नहीं पहुंचा। उत्तराखंड में सोनप्रयाग और गौरीकुंड के बीच मुनकटिया में लैंडस्लाइड हुई। इसके बाद वाहन फंसे हुए हैं। एसडीआरएफ टीम राहत कार्य में जुटी है।

# SCO ने की आतंकवाद के विरुद्ध कड़ी घोषणा

## भारत की पहल पर एससीओ देशों ने की पहलगाम हमले की निंदा

**तियांजिन / नई दिल्ली।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों ने अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है और इस हमले में शामिल लोगों, इसकी साजिश करने वालों और इसका प्रायोजन करने वालों को कानून के हवाले किए जाने पर बल दिया है।

एससीओ की तियांजिन में आयोजित 25वीं शिखर बैठक में अनुमोदित प्रस्तावों में आतंकवाद को लेकर एक कड़ा प्रस्ताव पारित किया गया। एससीओ के सदस्यों ने आतंकवाद की, उसके हर रूप और हर तरीके की कड़ी निंदा की है। संगठन ने इस विषय में भारत की पहल को स्वीकार करते हुए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से आतंकवाद का मुकाबला करने का आह्वान किया है, जिसमें सीमापार से आतंकवादियों की घुसपैठ के खिलाफ कार्रवाई का आह्वान भी शामिल है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सम्मेलन के पूर्ण अधिवेशन में कहा था कि आतंकवाद कहीं भी हो, किसी भी रूप में हो, उसका कड़ाई से मुकाबला -**शेष पृष्ठ दो पर**



### पुतिन ने यूक्रेन संकट समाधान में भारत के प्रयासों को सराहा

**तियांजिन।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन संकट में मध्यस्थता के लिए भारत और चीन के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनकी पहल ने चल रही शांति वार्ताओं को और मूल्यवान बनाया है। श्री पुतिन ने यह बात कही।

### आतंकवाद साझा चुनौती, इस पर दोहरा मापदंड मंजूर नहीं : मोदी

**तियांजिन/नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद को विकास की राह में बड़ी बाधा करार देते हुए कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सभी सदस्य देशों को इस मुद्दे पर दोहरा मापदंड छोड़कर मानवता के खिलाफ इस साझा चुनौती का एकजुट होकर विरोध करने के अपने दायित्व को निभाना होगा। श्री मोदी ने सोमवार को यहां शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्र प्रमुखों के 25 वें शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए आतंकवाद के मुद्दे पर पूरी मजबूती के साथ भारत का पक्ष रखते हुए कहा कि सुरक्षा, शांति और स्थिरता किसी भी देश के विकास का आधार होते हैं लेकिन आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद इस राह में बड़ी चुनौतियां हैं।

# एटम बम से बड़ा हाइड्रोजन बम ला रहे, मोदी जी मुंह नहीं दिखा सकेंगे: राहुल

**पटना, वार्ता**

**राहुल गांधी** ने कहा कि महाराष्ट्र में हमसे चुनाव चोरी किया गया था। तकरीबन एक करोड़ नए वोटर लोकसभा चुनाव के बाद जोड़े जाते हैं। जितना हमें लोकसभा में मिला, उतना विधानसभा में गया। नए सारे वोट भाजपा के खाते में चले गए। क्योंकि, चुनाव आयोग और भाजपा ने मिलकर वोट चोरी की।

हमने साफ दिखाया कि एक क्षेत्र में एक लाख से ज्यादा फर्जी वोटर थे। हमने डाटा के साथ दिखाया। चुनाव आयोग हमें वोटर लिस्ट नहीं देती। सीसीटीवी नहीं दिखाती। चार महीने, 16-17 घंटे काम कर हमने देश के सामने सबूत रखा। बिहार के युवाओं को मैं कहना चाहता हूं, वोट चोरी का मतलब अधिकार की चोरी, आरक्षण की चोरी, रोजगार की चोरी, शिक्षा की चोरी, लोकतंत्र की चोरी, युवाओं के भविष्य की चोरी। यह आपकी जमीन, आपका राशन कार्ड लेकर अडानी- अंबानी को दे देंगे। महात्मा गांधी की हत्या करने वाली शक्ति संविधान की हत्या करने की कोशिश कर रहे हैं। हम इन्हें संविधान की हत्या नहीं करने देंगे। हमने बिहार की यात्रा की। बिहार के सारे के सारे युवा खड़े हो गए।




# अल्पसंख्यक स्कूलों को RTE छूट वाले फैसले पर SC संशय में

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 2014 के प्रमति एजुकेशनल एंड कल्चरल ट्रस्ट मामले के उस फैसले पर गंभीर सवाल उठाए हैं, जिसमें कहा गया था कि अल्पसंख्यक स्कूलों को बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा देने वाले कानून (आरटीई एक्ट, 2009) से छूट है।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस आगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि उन्हें इस फैसले की सही होने पर संदेह है और उन्होंने यह मुद्दा मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई के पास भेज दिया है। आरटीई एक्ट के तहत छह से 14 वर्ष तक के बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार दिया गया है। कानून में प्रावधान है कि निजी स्कूलों को 25 प्रतिशत सीटें कमजोर वर्गों और वंचित तबकों के बच्चों के लिए सुरक्षित रखनी होंगी। लेकिन 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने प्रमति केस में यह कहा था कि अल्पसंख्यक स्कूलों को इस प्रावधान से छूट दी जाएगी। मौजूदा पीठ ने सवाल उठाया कि क्या यह छूट सही है और क्या इसे दोबारा विचार की जरूरत है। पीठ ने कहा कि अगर आरटीई एक्ट अल्पसंख्यकों के अधिकारों (अनुच्छेद 30) का उल्लंघन करता है, तो प्रमाटी फैसले में यह विचार करना चाहिए था कि धारा 12(1)(ब) को उस समुदाय के कमजोर तबके के बच्चों तक सीमित कर पढ़ा जा सकता था। अदालत ने कहा कि पूरी तरह छूट देना सही नहीं था।



- सीजेआई के पास भेजा मामला

## इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल विवाद: सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिना इथेनॉल वाले पेट्रोल का विकल्प दिए 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री को उपभोक्ता अधिकारों के खिलाफ होने का दावा करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने याचिकाकर्ता अक्षय मल्होत्रा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शादान फरासत की गुहार ठुकरा दी। पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता फरासत ने नीति आयोग की 2021 की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि उस रिपोर्ट में इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल मानकों का पालन न करने वाले पुराने वाहनों के प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त की गई है। अधिवक्ता मल्होत्रा की इस याचिका में दावा किया गया था कि यह उन लाखों वाहन मालिकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है, जिनके वाहन इथेनॉल मिश्रण के अनुकूल नहीं हैं। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता ने केवल प्रसिद्धि पाने के लिए इस मामले में शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस याचिका के पीछे एक बड़ा गुट काम रहा है।

# सम्भल मस्जिद विवाद में यथास्थिति बढ़ी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- सुप्रीम कोर्ट ने दो हफ्ते के लिए बढ़ाई समयसीमा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के सम्भल मस्जिद विवाद में यथास्थिति बनाए रखने के अपने आदेश को दो हफ्ते के लिए बढ़ा दिया।

न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक राधे की पीठ ने कहा कि इस मामले में जामा मस्जिद सम्भल की प्रबंधन समिति की ओर से दो अपीलें दायर की गई थीं, जिनका प्रतिनिधित्व इसके सचिव (पहली याचिका) और उपाध्यक्ष (दूसरी याचिका) कर रहे थे। इसके बाद शीर्ष अदालत ने अपनी रजिस्ट्री को मामले की जांच करने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। मुकदमे में हिंदू पक्षकारों की ओर से पेश हुए अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने यथास्थिति बढ़ाने का विरोध किया। हालांकि, मस्जिद प्रबंधन का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने रिपोर्ट प्रस्तुत होने तक अवधि बढ़ाने की मांग की। शीर्ष अदालत इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की ओर से दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी।

## संक्षिप्त समाचार

### परिषदीय स्कूलों के विलय मामले में अब सुनवाई 22 को

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने उत्तर प्रदेश के परिषदीय स्कूलों के विलय मामले में अगली सुनवाई की तारीख 22 सितंबर को नियत की है। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ल की खंडपीठ ने सोमवार को यह आदेश मामले में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध विशेष अपीलों पर दिया हैं। बीती 24 जुलाई को उच्च न्यायालय ने विलय प्रक्रिया में उजागर हुई स्पष्ट अनियमित. ताओं के मद्देनजर सीतापुर के स्कूलों के विलय पर यथास्थिति बरकरार रखने का आदेश दिया था।

### नन्ही मायरा बोली प्रवेश करा दीजिए डाक्टर बनना है

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दर्शन कार्यक्रम में अपनी मां के साथ आई कानपुर की नन्हीं बच्ची ने कहा कि स्कूल में एडमिशन करा दीजिए, वह डाक्टर बनना चाहती है। योगी ने पास खड़े अधिकारियों से बच्ची के एडमिशन तुरंत कराने के निर्देश दिए। अपने सरकारी आवास में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 50 से अधिक फरियादियों की समस्याएं जानी।

### टीसीए कल्याणी ने महालेखा नियंत्रक का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी टीसीए कल्याणी ने सोमवार को वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग में महालेखा नियंत्रक (सीजीए) का पदभार संभाला। मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए कहा कि आईसीएएस की 1991 बैच की अधिकारी श्रीमती कल्याणी इस प्रतिष्ठित पद पर आसीन होने वाली 29वीं अधिकारी हैं।

# उत्तर प्रदेश में आज भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में रुक रुककर बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक कई जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश में सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश होगी।

मौसम विभाग ने 15 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 2 सितंबर तक भारी बारिश की आशंका है। लखनऊ सहित कई जिलों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है इसलिए सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मानसूनी रेखा उत्तर की ओर खिसकी है। इस कारण दो सितंबर तक कहीं भारी तो कहीं अत्यधिक भारी बारिश होगी।



■ मुजफ्फरनगर समेत 15 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में भारी बारिश की संभावना है। चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मीरजापुर, भदोही, बहराइच, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बारा. बंकी, रायबरेली, अमेठी, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी व आसपास के इलाकों में भी अधिक बारिश के आसार हैं।

# जेलों में गंभीर बीमार बंदियों की समयपूर्व रिहाई के नियम सरल किए जाएं: सीएम योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीर बीमारियों से ग्रसित बंदियों की समयपूर्व रिहाई से संबंधित नियमों को और अधिक सरल, स्पष्ट तथा मानवीय दृष्टिकोण से परिभाषित किए जाने की आवश्यकता जताई।

सोमवार को कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाओं की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का अनुपालन करते हुए प्रदेश की नीति को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि पात्र बंदियों की रिहाई स्वत: विचाराधीन होनी चाहिए और इसके लिए उन्हें अलग से आवेदन न करना पड़े। उन्होंने निर्देश दिए कि प्राणघातक रोग से पीड़ित होने की आशंका वाले सिद्धदोष बंदी, जिसे मुक्त करने पर उसके स्वस्थ होने की उपयुक्त संभावना है तथा वृद्धावस्था, अशक्तता या बीमारी के कारण भविष्य में ऐसा अपराध करने में स्थाई रूप से असमर्थ बंदी, जिसके लिए वह दोषी ठहराया गया हो के साथ-साथ घातक बीमारी या किसी प्रकार की अशक्तता से पीड़ित सिद्धदोष बंदी जिसकी मृत्यु निकट भविष्य में होने की संभावना हो, के संबंध में प्रदेश के सभी कारागारों में सर्वेक्षण कर वास्तविक संख्या का आकलन किया जाए।



■ कारागार प्रशासन व सुधार सेवाओं की समीक्षा बैठक में बोले सीएम

इनमें महिलाओं, बुजुर्गों को प्राथमिकता के आधार पर रिहा करने की व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने कैदियों को कृषि, गोसेवा आदि कार्यों से जोड़कर उनकी जेल अवधि के सदुपयोग करने के लिए व्यवस्था बनाने की भी आवश्यकता बताई।

### पारदर्शिता बढ़ाने को शीघ्र लागू होगा नया सोसाइटी पंजीकरण एक्ट: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के स्थान पर उत्तर प्रदेश में नया कानून लागू किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि सोसाइटी के रूप में पंजीकृत संस्थाओं के पंजीकरण, नवीनीकरण तथा उनकी संपत्तियों के पारदर्शी प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए युगानुकूल और व्यावहारिक प्रावधान किए जाने चाहिए। वर्तमान अधि. नियम में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने, निष्क्रिय अथवा संदिग्ध संस्थाओं के निरस्तीकरण/ विघटन और संपत्ति के सुरक्षित प्रबंधन, तथा सदस्यता, प्रबंधन और चुनाव संबंधी विवादों के समयबद्ध निस्तारण के स्पष्ट प्रावधानों का अभाव है। इसी प्रकार, वित्तीय अनुशासन के लिए ऑडिट, निधियों के दुरुपयोग पर नियंत्रण और संपत्ति प्रबंधन से संबंधित नियम भी पर्याप्त नहीं हैं।

## चीन को भारत की तरह आतंकवाद से पीड़ित देश बताना गलत : कांग्रेस

# पीएम का बयान चीन के सामने झुकने वाला

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने कहा है कि चीन ने हमेशा पाक के आतंकवादियों का समर्थन किया है और इसे देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चीन को भारत की तरह आतंकवाद से पीड़ित देश बताने वाला बयान अनुचित है।

कांग्रेस ने कहा कि मोदी ने रविवार को तियानजिन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मुलाकात में चीन को भारत की तरह आतंकवाद से पीड़ित देश बताया है, यह एक तरह से चीन के सामने झुकने वाला बयान है। पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को यहां एक बयान में कहा कि भारत लंबे समय से चीन पर आतंकवाद के मुद्दे पर 'दोहरे मानदंड' और 'दोहरी भाषा' बोलने का आरोप लगाता रहा है, लेकिन अब प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग से कहा है कि भारत और चीन, दोनों आतंकवाद के शिकार हैं। उन्होंने इसे चीन के सामने झुकने वाला बयान बताया और कहा कि अगर यह तथाकथित हाथी का तथाकथित ड्रैगन के आगे झुकना नहीं है, तो फिर क्या है।



■ भारत लंबे समय से चीन पर आतंक के मुद्दे पर 'दोहरे मानदंड' और 'दोहरी भाषा' बोलने का आरोप लगाता रहा

इससे भी ज्यादा राष्ट्र-विरा. धी बात यह है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन और पाकिस्तान की जुगलबंदी के बारे में प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत में एक शब्द तक नहीं कहा। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए कहा कि स्वघोषित 56 इंच सीने वाले नेता अब पूरी तरह से बेनकाब हो चुके हैं। उन्होंने 19 जून, 2020 को चीन को क्लीन चिट देकर राष्ट्रहित के साथ विश्वासघात किया। अब, 31 अगस्त, 2025 भी तियानजिन में उनके बयान को बदनामी के दिन के रूप में याद किया जाएगा।

### जीडीपी के आंकड़े मजबूत होने के बावजूद अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी की दर का आंकड़ा भले ही मजबूत हो, लेकिन विनिर्माण सहित कई क्षेत्रों में वृद्धि घट रही है जिससे साफ है कि मजबूत जीडीपी के बावजूद आर्थिक विकास की रफ्तार धीमी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को जीडीपी के आंकड़ों पर कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी आंकड़ों को लेकर उत्साह अतार्किक है। जीडीपी के अप्रैल-जून के आंकड़ों में कुछ स्पष्ट विरोधाभास भी हैं, जिन पर एक जाने माने बैंक की रिपोर्ट ने सवाल उठाए हैं । उन्होंने अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण शहरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि शहरी खपत अब भी काफी कमजोर बनी हुई है, जबकि ग्रामीण खपत संरचनात्मक बाधाओं से जूझ रही है। जीडीपी की मामूली वृद्धि दर अब भी धीमी है और जनवरी-मार्च 2025 की तुलना में स्पष्ट रूप से कम है। लाभ वृद्धि के विपरीत, विनिर्माण क्षेत्र में बिक्री की वृद्धि लगातार धीमी हो रही है। सामान्यत: उपभोग, निवेश और व्यापार जीडीपी वृद्धि के मुख्य निर्धारक हैं लेकिन आश्चर्यजनक रूप से, तिमाही वृद्धि दर का पूरा 1.8 प्रतिशत अंक इन तीनों निर्धारकों से नहीं समझाया जा सकता।

# अखिलेश ने ईसी को बताया जुगाड़ आयोग

लखनऊ, वार्ता

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग को 'जुगाड़ आयोग' कहकर निशाना साधा और 17,986 हलफनामों पर कार्रवाई न होने पर सवाल उठाए। यादव ने आरोप लगाया कि एआई से बड़े घोटाले पकड़ने वाला आयोग, सपा के हल्कनामों को अनदेखा कर रहा है।

अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि पार्टी की तरफ से पेश किए गए 17,986 हलफनामे पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस्तेमाल से 1.25 करोड़ रुपये से अधिक के घोटाले का पता लगाने में सक्षम चुनाव आयोग, सपा के हलफनामे पर ध्यान नहीं दे रहा है। यादव ने सोमवार को चुनाव आयोग को जुगाड़ आयोग करार दिया और सवाल किया कि उसने उनकी पार्टी की तरफ से जमा किए गए 17,986 हलफनामों का जवाब क्यों नहीं दिया? उन्होंने एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें दावा किया गया था कि पंचायत चुनावों के सिलसिले में 1.25 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं और गांवों में नकली मतदाताओं की पहचान के लिए एआई का इस्तेमाल किया जा रहा है।



■ 18 हजार हलफनामों में सिर्फ 14 का मिला जवाब



सेंसेक्स 8036449
निफ्टी 24625.05



सोना रु. 104493
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 122800
प्रति किलो



# सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ बंद

मुंबई, वार्ता

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में उम्मीद से ज्यादा वृद्धि के बाद सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में निवेशकों में उत्साह रहा और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक करीब 555 अंक की बढ़त से साथ बंद हुआ।

बाजार में सुबह से ही तेजी रही। सेंसेक्स 19.34 अंक की मजबूती के साथ 79,828.99 अंक पर खुला और अंत में 554.84 अंक (0.70 प्रतिशत) ऊपर 80,364.49 अंक पर बंद हुआ। इसका दिन का निचला स्तर 79,818. 38 अंक और उच्चतम स्तर 80,406. 84 अंक रहा। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 5.85 अंक ऊपर 24,4342.70 अंक पर खुला और पूरे दिन हरे निशान में रहने के बाद 198.20 अंक यानी 0.81 प्रतिशत चढ़कर 24,625.05 अंक पर पहुंच गया। पहली तिमाही के जीडीपी के आंकड़े में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जारी किया गया है। इससे बाजार में निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। फार्मा को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों की कंपनियों में लिवाली का जोर रहा।



बिक्री के मजबूत आंकड़े आने से ऑटो क्षेत्र की कंपनियों में जमकर लिवाली हुई। एनएसई में महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 3.52 प्रतिशत, बजाज ऑटो से 4.01 प्रतिशत, हीरो मोटोकॉर्प के 3.18, टाटा मोटर्स से 3.09, हीरो मोटोकॉर्प के 3.18 प्रतिशत चढ़े। इसके अलावा, आईटी, रियलिटी, बैंकिंग, धातु, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और तेल एवं गैस क्षेत्र में निवेशकों ने खूब पैसा लगाया। एनएसई में 3,156 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 2,133 के शेयरों में तेजी और 935 में गिरावट रही। वहीं 88 कंपनियों के शेयरों के भाव अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 से 23 कंपनियों से शेयर हरे निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 3.65 प्रतिशत चढ़े। टाटा मोटर्स में 3.17 फीसदी, ट्रेंट में 2.71, इटरनल में 2.23, एशियन पेंट्स में 2.13 और इंफोसिस में 2.04 फीसदी की तेजी देखी गई। टेक महिंद्रा का शेयर 1.71 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स का 1.68, पावर ग्रिड का 1.63 और एक्सिस बैंक का 1.52 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, बीईएल, अल्ट्राटेक, टाटा स्टील और एनटीपीसी के शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक चढ़े। सनफार्मा में सबसे अधिक 1.87 प्रतिशत की गिरावट रही। आईटीसी का शेयर भी 0.99 प्रतिशत टूटा। हिंदुस्तान यूनीलिवर, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए।

### सोना 1.04 लाख के ऑलटाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम सोमवार को अपने ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज सोना 2,105 रुपए बढ़कर 1,04,493 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 1,02,388 रुपए पर था। चांदी की कीमत भी 5,228 रुपए बढ़कर 1,22,800 रुपए प्रति किलो हो गई है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,030 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,200 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,05,8800 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,050 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,05,880 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,050 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,05,880 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,050 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,05,910 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,100 रही। सोना केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमे. रिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बनी हुई है। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है और इसकी डिमांड भी बढ़ रही है।

### चावल-चीनी महंगी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घटबढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल की कीमत में उछाल देखा गया, जबकि गेहूं में नरमी रही। दालों के दाम बढ़ गए। चीनी भी मजबूत हुई, जबकि खाद्य तेलों में घट.बढ़ रही।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 118 रुपए बढ़कर 3,848.88 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं तीन रुपए फिसलकर 2,849.43 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी छह रुपए सस्ता हुआ और 3,300.30 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया। सरसों तेल औसतन 101 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। पाम ऑयल में 40 रुपए और सोया तेल में 68 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सूरजमुखी तेल की कीमत करीब 41 रुपए और मूंगफली तेल की 20 रुपए बढ़ गई। वनस्पति 83 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में तेजी का रुख रहा। तुअर दाल की औसत कीमत 208 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 134 रुपए और मूंग दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत में 146 रुपए और उड़द दाल में 40 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़त दर्ज की गई। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में गुड़ की औसत कीमत करीब 75 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ी। चीनी भी करीब 22 रुपए महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे : दाल-दलहन : दाल चना 7980.86 रुपए, मसूर काली 8153.63 रुपए, मूंग दाल 10105.84 रुपए, उड़द दाल 10446.71 रुपए, अरहर दाल 10759.71 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2849.43 रुपए और चावल 3848.88 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4307.56 रुपए और गुड़ 4965.90 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17822.06 रुपए, मूंगफली तेल 17788.83 रुपए, सूरजमुखी तेल 15410.63 रुपए, सोया रिफाइंड 13815.05 रुपए, पाम ऑयल 12356.08 रुपए और वनस्पति 14506.34 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

### अपने बयानों से विपक्ष के नेता पद की गरिमा गिरा रहे: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रवि शंकर प्रसाद ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा को विफल बताते हुए कहा है कि वह अपने बयानों से लोकसभा में विपक्ष के नेता के पद की गरिमा गिरा रहे हैं।

प्रसाद ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में श्री गांधी के एटम बम और हाइड्रोजन बम वाले बयान पर कहा कि कर्नाटक में मतदाता सूची का उनका एटम बम फुस्स हो गया, तो वह अब जनता को भ्रमित करने के लिए हाइड्रोजन बम फोड़ने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अपने बयान से अपने वजूद को क्यों हल्का बना रहे हैं, आप लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं। कम से कम इसकी गरिमा का ख्याल रखिए। प्रसाद ने कहा कि सभी लोगों को पता है कि पहले जब बिहार में चुनाव होते थे, तब कितनी बूथ कैप्चरिंग होती थी, बूथ तक लूट लिया जाता था। लेकिन अब ईवीएम के चलते बूथ कैप्चरिंग खत्म हो गई है।













**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**एससीओ ने की...**

किया जाना चाहिए। एससीओ के देशों ने पहलगाम हमले में मारे गए और घायल लोगों के परिजनों के प्रति गहन संवेदना और शोक व्यक्त किया है। एससीओ की तियानजिन घोषणा में कहा गया है कि संगठन के सदस्य देश पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 के आतंकवादी हमले की कठोर भर्त्सना करते हैं। इसमें आगे कहा गया है कि ऐसे हमले करने वालों, इसकी साजिश रचने वालों और इसके प्रायोजकों को निश्चित रूप से कानून के हवाले किया जाना चाहिए। एससीओ के सदस्य देशों ने आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए अपनी ठोस प्रतिबद्धता को दोहराया है। घोषणा पत्र में स्वीकार किया गया है कि आतंकवादियों, पृथकतावादियों और अतिवादियों के गिरोहों को भाड़े के टट्टू की तरह इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। एससीओ ने कहा है कि आतंकवादी और अतिवादी तत्वों के खतरों के विरुद्ध कार्रवाई करने में देशों की सरकारों और उनकी एजेंसियों की अग्रणी भूमिका को मान्यता दी है। संयुक्त घोषणा पत्र में आतंकवाद पर सबका साथ आना और उसकी निंदा करना भारत के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसकी वजह यह है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दो महीने पहले एससीओ के संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर नहीं किए थे। इस बयान में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र नहीं होने के कारण उन्होंने इस पर दस्तखत करने से इंकार कर दिया था, लेकिन अब इस संगठन ने भारत के रुख को स्वीकार कर लिया है। यह आतंकवाद के मुद्दे पर भारत की बड़ी जीत है। पाकिस्तान और चीन के रहते आतंकवाद को संयुक्त घोषणा पत्र में जिक्र होना और सभी देशों का साथ आना भारत की कूटनीतिक जीत को दिखाता है।

# सरकार का करोड़ों रुपयें 'अस्वच्छ' कर गई सरधना नगर पालिका

## स्वच्छ मिशन के नाम पर करोड़ों डकारे, डस्टबिन और नई ठेलियों में भारी घोटाला

**शाहीन मिर्जा/शाह टाइम्स**

**सरधना।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के सपने को भारत सरकार पिछले दस वर्षो से स्वच्छ भारत अभियान में खरबों रूपयों लगाकर देश को स्वच्छ बनाने में लगी हुई है, वहीं दूसरी तरफ सरधना नगर पालिका केन्द्र सरकार के पैसों को 'अस्वच्छ' कर रही है। केन्द्र सरकार द्वारा दिये गए बजट से भी नगर पालि. का सरधना नगर को स्वच्छ करने मे पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। आलम यह है कि निधि की तरफ से करोड़ों रूपयों के डस्टबिन भी गायब है साथ ही बनाएं गये शौचालयों पर भी तालें लटकें हुए है। नगर में लगें गंदगी के ढ़ेर व बिन बारिश जलभराव से लोगों को जीना मुहाल है।



2014 में केन्द्र की सत्ता में आने के बाद एनडीए सरकार के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए उनके जन्मदिवस के मौके 2 अक्टूबर 2014 को इस मिशन को नई उड़ान देने के लिए स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की थी। इस निधि के तहत भारत वर्ष में प्रत्येक वर्ष सरकार अरबों रूपयें खर्च कर रही है। इस योजना में मुख्य रूप से शौचालय निर्माण, डस्टबिन व डोर टू डोर कूड़ा क्लेकशन का कार्य होना था, जिसमें नगर पालिका पूरी तरह से विफल साबित हो रही है। लेकिन सरधना नगर पालिका परिषद में करोड़ों रूपयों इस निधि के लगने के बाद भी नतीजा शून्य है। करोड़ों रूपयों के नगर पालिका द्वारा लगाएं गये डस्टबिन भी सड़कों से गायब है। कई वार्डो में बनाएं गये शौचालयो की हालत भी खस्ताहाल है, कई जगह पर तालें लटके हुए है। इस मिशन के करोड़ों रूपयों की निधि नगर पालि. का डकार गई, कई सभासदों का कहना है कि नगर पालिका में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। स्वच्छ भारत अभियान में करोड़ों रूपयों को घोटाला साफ नजर आ रहा है।

### अमृत सरोवर योजना के तीन करोड़ खर्च, नतीजा शून्य

अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत तालाबों के सौंदर्यकरण के लिए इस योजना के तहत नगर पालिका द्वारा कराएं जा रहे तहसील रोड पर तालाब के सौंदर्यकरण के लिए करीब 3 करोड़ रूपये पालिका अब तक खर्च कर चुकी है, लेकिन दो वर्ष बीतने के बाद भी कार्य आधा भी पूरा नही हो सका। जिससे वार्डवासियो का जीना मुहाल है, गंदगी व जलभराव की समस्या से परेशान लोग दर्जनों बार पालिका से शिकायत कर चुके है, लेकिन कोई समाधान नही हो सका। अमृत योजना के इस सौंदर्यकरण के लिए पालिका कई ठेकेदारों को ठेका छोड़ चुकी है। जिसमें कार्य शुरू होते ही पालिका द्वारा अपने चेहतों ठेकदारों को रनिंग भुगतान कर दिया जाता है। 3करोड़ रूपये खर्च होने के बाद भी इस तालाब के सौंदर्यकरण का काम पूरा नही हो सका। हालत यहां तक खराब है कि बारिश से गड्ढे में जमा पानी की वजह से लोगों को हादसे होने की आशंका बनी हुई है।





### जंग खा रही हैं लाखों रुपयों की नई ठेलियां

स्वच्छ भारत मिशन के करोड़ों रूपयों के भ्रष्टाचार में घिरी नगर पालिका में मौजूद लाखों रूपयों की नई ठेलियां जंग खा गई, जिनका इस्तेमाल अभी तक नही किया गया। आलम यह है कि नगर पालिका में पड़ी ठेलियों पर घास तक उग गई। सूत्रों की मानें तो करीब एक ठेली की कीमत 25-30 हजार दर्शा कर भुगतान भी कर दिया गया है। ठेलियां का ही करीब 25-30 लाख रूपयों को घोटाला सामना आ रहा है।

### राजनीति की भेंट चढ़ रहे वार्ड 18 के लोग

अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत बनाएं जा रहे तालाब के सौंदर्यकरण की भेंट वार्ड नंबर 18 कुम्हारान के लोग चढ़ रहे है। करीब दो सालों से मुख्य मार्ग की सड़क टूटी पड़ी है, लेकिन शिकायतों के बावजूद भी इस तरफ पालिका ध्यान नही दे रही है। सभासद पति कासिम अंसारी का कहना है कि इस संबंध में नगर पालि. का को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन राजनीतिक भेंट के चलते इस सड़क का निर्माण नही हो पा रहा है। इस सड़क पर स्कूली बच्चों व धार्मिक स्थल जानें वाले लोगों के साथ राहगीरों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

### दूसरे दिन में जलभराव की समस्या से जूझे लोग, कहा कब होगा समाधान

सोमवार सुबह से हुए झमाझम बारिश के बीच दूसरे दिन भी नगर में लोगों को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ा। नगर के मुख्य मार्गो पर जलनिकासी नही होने की वजह से दिनभर नगर की सड़कों पर पानी भरा रहा। जिससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### ईओं साहिबा बोली तीन दिन बाद करेंगे बात

पूरे प्रकरण की जानकारी करने के लिए इस संबंध में हमारे संवाददाता ने खुद नगर पालिका परिषद जाकर ईओं दीपिका शुक्ला से वार्ता करते हुए मामले की जानकारी करने का प्रयास किया जो ईओं साहिबा ने जवाब दिया कि वह अभी तीन दिन बाद लखनउ से लौटी है, इस विषय में तीन दिन बाद वार्ता की जायेंगी। और तभी इसकी जानकारी दी जाएगी।

# पुलिस लाइन में मकान की छत गिरी, आठ दबे

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन में एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक मकान की जर्जर छत अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा तफरी मच गई। हादसे में आठ लोग घायल हो गए। जिनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं वहीं एक ही हालत गंभीर बताई जा रही है सभी को अस्पताल में उपचार के लिए भेज दिया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम और बचाव दल मौके पर पहुंच गए और तुरंत राहत कार्य शुरू कर दिया। फिलहाल मलबा हटाने का काम किया जा रहा है। एडीजी भानु भास्कर और डीआईजी कला निधि नैथानी ने बताया कि मकान काफी पुराने निर्माण का था और इसकी छत जर्जर हालत में थी। पुलिस लाइन गेट नंबर तीन के पास यह घटना हुई है। मकान धोबी ओमकार का बताया जा रहा है। जो फोर्थ क्लास कर्मचारी है। घायलों को सुशीला जसवंत राय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ओमकार पुलिस के सरकारी टेलर हैं वह अपने मकान में अपने परिवार के साथ मौजूद थे। तभी मकान की छत गिर गई। मलब में परिवार के 8 लोग दब गए। हादसे के बाद पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही आसपास के अन्य मकानों की भी स्थिति का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा न हो। स्थानीय लोग लगातार प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि जर्जर भवनों की सूची बनाकर जल्द कार्रवाई की जाए, जिससे बड़े हादसे को टाला जा सके।

## मोहल्ला खेवान में बारिश के बाद गिरी मकान की छत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मोहल्ला खेवान में बारिश के कारण एक मकान की छत गिर गई। जिसके मलबे में दबकर काफी सामान दब गया। गनीमत रही कि जिस समय यह घटना हुई उस समय मकान में कोई नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो जाता। मिली जानक. ारी के अनुसार मोहल्ला खेवान में कृष्णा देवी का मकान है। जिसमें वह अकेली रहती है। उसका मकान कच्चा है, जिसकी छत काफी दिनों से जर्जर अवस्था में थी। किसी हादसे की आशंका के चलते हर रोज रात को कृष्णा देवी अपने देवर हजारी प्रसाद के मकान में सोने के लिए चली जाती थी। देर रात भी वह देवर के घर सोने के लिए चली गई। इसी बीच तेज बारिश हुई तो उसके मकान की छत भरभराकर गिर गई। छत के मलबे में दबकर अंदर रखा सामान दब गया। सुबह में कृष्णा देवी अपने घर पहुंची तो छत गिरी हुई थी। उसने मोहल्ले के लोगों की मदद से छत का मलबा हटाकर सामान बाहर निकाला। पीड़िता ने एसडीएम को एक प्रार्थना पत्र देकर आर्थिक मदद की गुहार लगाई है। वहीं परिवार के लोगों में दहशत का माहौल है।

## फलावदा में तालाब के पानी से ग्रामीण परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** क्षेत्र के गांव बातनौर में झाड़ फूस व गंदगी से अटे पड़े तालाब के पानी की निकासी ने होने के कारण सफाई के अभाव में तालाब का गंदा पानी कई वर्षो से मुख्य मार्ग पर भरा रहता है। और एक मोहल्ले में स्थित लोगों के घरों के दरवाजे तक गंदा पानी भरा होने के कारण घरों में लगे नलों से दूषित जल निकल रहा है। ग्रामीणों को रोजाना मुख्य मार्ग पर भरे गंदे पानी में होकर गुजरना पड़ रहा है। यह तालाब खसरा संख्या 502 का रकबा दस बीघा है।



तालाब सफाई के अभाव में अटा पड़ा है और उस पर घास-फूस व झाड़-झंकाड़ उग आए हैं। पानी की निकासी नहीं होने से गांव में मुख्य मार्ग पर कई वर्षो से जलभराव है। एक जगह रुका पानी काला पड़ गया है। उक्त गांव में मुख्य मार्ग पर पिछले 10 वर्षो से तालाब के गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। मुख्य मार्ग पर आर्य समाज मंदिर व शमशान घाट, होते हुए फलावदा महलका मार्ग को जोड़ता है तालाब झाड़-फूंस व गंदगी से बुरी तरह अटा पड़ा है। इतना ही नहीं, ओवरफ्लो होने व पानी की निकासी की व्यवस्था दुरुस्त न होने के चलते गांव के मुख्य मार्ग पर पिछले लगभग 10 वर्षो से जलभराव की समस्या बनी हुई है। अमित खटीक, आकाश चौधरी, नकुल सैनी, जसबीर, दयाराम, बिजेंद्र, सोनू, नकुल, रामसिंह, कमल सिंह, शमशाद, महबूब, घसीटा, आदि का कहना है यह गांव का मुख्य मार्ग है। जल भराव होने से यहां से निकलना मौत को दावत देना है। लोगों का ज्यादातर आवागमन इसी मार्ग से होता है। 900 मीटर लंबे मुख्य मार्ग पर जलभराव से क्षत्रिग्रस्त होकर खराब हो गया है। दूसरी और यह मार्ग महलका नंगली साधु सहित कई गांवों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग जलमग्न है। जलभराव के कारण संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना है। यह हाल तो तब है, जब यह गांव सरकार की ओर से सुन्दर माडल योजना में शामिल है। ग्रामीण तहसील से लेकर जिला मुख्यालय तक अधिकारियों के समक्ष समस्या रख चुके हैं, लेकिन उन्हें आश्वासन मिला, समाधान नहीं। लोगों का इस मार्ग से पैदल निकलना दूभर हो गया और तालाब में बड़े-बड़े झाड़ फूस और गंदी कीचड़ से अटा पड़ा है। जिससे मुख्य मार्ग और इस मुहल्ले की गलियों व लोगों के घरों में गत दिवस से तालाब का गंदा पानी भरा रहता है। गांव के लोगों को गंदे पानी में होकर गुजरने को मजबूर होना पड़ रहा है। जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रधान से कई बार मिले और समाधान की मांग रखी, लेकिन आज तक ग्रामीणों की नहीं सुनी गई। उधर, ग्राम प्रधानपति शुजाउद्दीन का कहना है कि जल्द ही तालाब की सफाई कराकर जलभराव की समस्या से ग्रामवासियों को निजात दिलाई जाएगी। लेकिन गांव के लोगों ने तालाब के पानी की निकासी के लिए पहले से कच्चे नाले पर कुछ लोगों ने कब्जा कर तालाब के निकासी के पानी को रोक दिया है। नाले व तालाब को कब्जामुक्त कराकर साफ कराया जाएगा। इस संबंधा में दो बार एसडीएम को प्रार्थना पत्र भी दिया गया था, लेकिन आज तक कोई अधिकारी नाला बनवाने नहीं पहुंचे।

# निर्वस्त्र युवक की दहशत: महिलाओं को खेत में खींचने का करता है प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला/लावड़।** बीते एक सप्ताह से दौराला थाना क्षेत्र में एक निर्वस्त्र युवक की दहशत से महिलाएं खेतों में जाने से कतरा रहीं हैं वहीं कुछ महिलाएं अपने परिवार के लोगों के साथ ही खेतों पर पहुंच रही हैं। लगभग एक सप्ताह पहले राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज लावड़ की छात्राएं छुट्टी के बाद अपने घर जा रही थी तभी जैनपुर गांव के सामने रजवाहे की पटरी पर ईख के खेत से एक निर्वस्त्र युवक निकला और छात्राओं की ओर इशारे करने लगा जिसके बाद छात्राएं घबराकर तेजी से जाने लगी बताया जाता है कि युवक ने कुछ दूर तक उनका पीछा किया और फिर खेतों में घुस गया। वहीं बीते तीन दिन पहले दौराला क्षेत्र के ही शिवाय भराला मार्ग पर एक महिला को निर्वस्त्र युवक ने खेत में खींचने का प्रयास किया जिसके बाद शोर सुनकर वेद इंटरनेशनल स्कूल का गार्ड ओर स्टाफ मौके पर पहुंचे तो युवक खेत में जा छिपा।

दौराला पुलिस दो दिनों से ड्रोन उड़ाकर निर्वस्त्र युवक की तलाश कर रही है लेकिन अभी कोई सफलता नहीं मिली है। इसी तरह थाना क्षेत्र के इकलौता गांव में भी स्कूल से घर जा रही छात्रा को एक निर्वस्त्र युवक ने खेत में खीं. चने का प्रयास किया था जिसका विरोध करने पर छात्रा के साथ मारपीट की गई जिसमें छात्रा मामूली रूप से घायल हुई थी। वहीं क्षेत्र में चर्चा है कि आरोपी युवक केवल महिलाओं को देखकर ही खेतों से निकलता है। **महिला दरोगा कर रही निगरानी**- निर्वस्त्र युवक केवल महिलाओं पर ही अटैक कर रहा है जिस कारण क्षेत्र में महिला दरोगाओं को निगरानी के लिए सिविल में लगाया गया है।



# घर के बाहर खड़े युवक पर फायरिंग बाल-बाल बचा, वीडियो वायरल

## गांव के ही दो युवकों ने की तीन राउंड फायरिंग, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** चौकी क्षेत्र के ग्राम खरदौनी में रविवार की देर शाम घर के बाहर खड़े युवक पर गांव के ही दो लोगों ने तीन राउंड फायरिंग कर दी। जिससे युवक बाल- बाल बच गया और भाग कर अपने ताऊ के मकान में घुसकर जान बचाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार खरदौनी गांव निवासी सद्दाम पुत्र रोशन अली का किसी बात को लेकर तीन दिन पहले गांव के ही रहने वाले औरंगजेब के छोटे भाई हड्डी से झगड़ा हो गया था जिसमें गांव के लोगों द्वारा दोनों के बीच समझौता करा दिया गया था। आरोप है की रविवार को देर शाम सद्दाम अपने घर के बाहर चौराहे पर बैठा था उसके पास एक अन्य युवक भी बैठा हुआ था तभी औरंगजेब पुत्र तैमूर व अफाक पुत्र हारून मोटरसाइकिल पर आए उन्होंने अपने हाथों में तमंचे लिए हुए थे तभी सद्दाम के पास बैठे अन्य युवक ने सद्दाम को वहां से भागने के लिए कहा तभी बाइक सवार दोनों युवकों ने सद्दाम पर तीन राउंड फायरिंग की जिससे वो बाल बाल बच गया और उसने पास में ही अपने ताऊ के मकान में घुसकर अपनी जान बचाई। उक्त घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। सद्दाम ने इंचौली थाने पर पहुंचकर अपनी हत्या की आशंका जताई और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देते हुए कड़ी कार्यवाही की मांग की। वहीं इंचौली थाना प्रभारी जितेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### किसानों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भाकियू (बलराज) ने सोमवार को कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर किसानों की समस्या से अवगत कराया। जिसके बाद अधिकारियों ने उनकी समस्या का जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया है।

## समाज ने मरहूम शफीक अल्वी के लिए मांगी दुआ-ए- मगफिरत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अल्वी एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ताज मोहम्मद अल्वी ने राष्ट्रीय कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष अतीक अल्वी के वालिद मरहूम हाजी शफीक अल्वी के लिए मेरठ कमेटी द्वारा खिराज ए अकीदत पेश की गयी। इसके अलावा उनके लिए दुआ ए मगफिरत कारी अनवार शहर अध्यक्ष जमीयत उलमा ए हिन्द ने करायी। दुआ में ताज मोहम्मद अल्वी, अमन ताज अल्वी, मोहम्मद अतीक अल्वी, डाक्टर परवेज आलम, मोहम्मद शाहरुख अल्वी, डॉ. अलीजान अल्वी, उमर हबीब अल्वी, बाबू अल्वी, शकील अल्वी, सलीम अल्वी आदि मौजूद रहे।



# पूर्व पार्षद ने आरसीसी से नाली व खड़ंजा बनवाने की रखी मांग

## एकता सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष अबरार ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को एकता सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष अबरार अहमद पूर्व पार्षद ने चमन कालोनी के नाली खड़ंजे आरसीसी से बनवाने के संबंध में दर्जनों चमन कालोनी के क्षेत्रवासी एवं अपने पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित एक ज्ञापन नगर आयुक्त को सौंपा है। उनका कहना था कि क्षेत्र में बारिश के कारण गलियों में पानी भरा हुआ है। क्षेत्रीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल जाने के लिए बच्चों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। नालियों की सफाई नहीं हो रही है।



अधिकारियों को मांग पत्र सौंपते पूर्व पार्षद।

## एंटी करप्शन टीम ने एसीएम चतुर्थ कोर्ट के कर्मचारी को रिश्वत लेते दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कचहरी परिसर स्थित अपर नगर मजिस्ट्रेट चतुर्थ, मेरठ के न्यायालय में सोमवार को एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कार्यालय में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रणवीर को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार, संतरपाल नामक व्यक्ति का एक वाद लंबे समय से एसीएम चतुर्थ के न्यायालय में लंबित था। उसके निपटारे के लिए रणवीर ने पांच हजार रुपये की मांग की थी। संतरपाल ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन विभाग से की। जिसके बाद अधिकारियों से अनुमति लेकर एंटी करप्शन की टीम ने संतरपाल को नोटो में कैमिकल लगाकर दिया और सोमवार सुबह से ही जिला मुख्यालय पर डेरा डाल दिया जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह के कार्यालय में पहुंचते ही उनसे इजाजत ली गई और टीम न्यायालय चतुर्थ के आसपास सक्रिय हो गई। जैसे ही संतरपाल ने आरोपी को पैसे दिए, टीम ने मौके पर ही रणबीर को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद टीम आरोपी रणवीर को सिविल लाइन थाने ले गई है। बताया जाता है कि रणबीर रिश्वत के मामले में चर्चित था और चपरासी होकर भी ब्रेजा गाड़ी से कार्यालय आता था।



### नमो भारत स्टेशन: यात्री सुरक्षा की ओर एक और अहम कदम

# साहिबाबाद और गाजियाबाद नमो भारत स्टेशनों के पास पुलिस चौकी का निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नमो भारत के यात्रियों के लिए सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर करने की दिशा में एनसीआरटीसी उत्तर प्रदेश पुलिस के सहयोग से प्रत्येक स्टेशन के करीब पुलिस चौकी का निर्माण कर रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को साहिबाबाद और गाजियाबाद नमो भारत स्टेशनों के पास पुलिस चौकी का उद्घाटन कर इन्हे यूपी पुलिस को सौंपा गया। ऐसी पुलिस चौकी दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के प्रत्येक स्टेशन पर बनाई जाने की योजना है।

इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नमो भारत कॉरिडोर के लिए दो थाने भी नियत किये गए हैं जिनमें से एक थाना गाजियाबाद कमिश्नरेट और दूसरा थाना मेरठ जनपद में होगा, जिनकी निर्माण प्रक्रिया जारी है। नमो भारत स्टेशनों पर बनने वाली पुलिस चौकी इन्हीं थानों के अंतर्गत कार्य करेंगी। इसी कड़ी में साहिबाबाद और गाजियाबाद स्टेशनों की पुलिस चौकी का सोमवार को शीर्ष अधिकारियों की मौजूदगी में यूपी पुलिस को हैंडओवर किया गया। साहिबाबाद नमो भारत स्टेशन के गेट नंबर-2 के पास इस पुलिस चौकी का निर्माण किया गया है। इस चौकी में नमो भारत ट्रेन व स्टेशनों पर होने वाली घटनाओं से जुड़े मामलों की शिकायत दर्ज कराई जा सकेंगी। ये चौकी थाना लिंक रोड और ट्रांस हिडन जोन के अंतर्गत आती है। बाद में केवल नमो भारत स्टेशन व इससे जुड़े मामले और शिकायतों का ही इस चौकी में निवारण होगा और नियत थाना के अंतर्गत कार्य किया जाएगा। वहीं, गाजियाबाद नमो भारत स्टेशन के पास बनी पुलिस चौकी नगर (गाजियाबाद) जोन के अंतर्गत है, जहां गाजियाबाद स्टेशन से जुड़े मामलों की शिकायत दर्ज कराई जा सकेंगी। एनसीआरटीसी यात्रियों की सुरक्षा हेतु हरसंभव प्रयास करता रहा है। इसके लिए प्रत्येक स्टेशन और ट्रेन में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, जिनसे स्टेशनों पर होने वाली गतिविधियों की 24 घंटे निगरानी होती है। इसके साथ ही स्टेशन में एक पुलिस रूम भी होता है, जिसकी निगरानी केंद्रीय सुरक्षा कंट्रोल करता है। प्रत्येक स्टेशनों में प्रवेश के समय यात्रियों की सुरक्षा जांच, मल्टी जोन डोर फेम मेटल डिटेक्टर डीएफएमडी द्वारा की जाती है जिससे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है।






# सरधना पुलिस ने अंतर्राज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** पुलिस ने सड़को पर घूमने वाले आवारा गौवंशो की खरीद फरोख्त करने वाले अंतर्राजीय गिरोह के दो सदस्यों को पकड़ा है। उनके पास से चार गाय भी पुलिस ने बरामद की है। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया।

थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह ने बताया कि एसएसपी के आद. ेश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध संचालित अभियान के अंतर्गत रविवार को मुखबिर की सूचना दुर्वेशपुर से बहादुरपुर मार्ग पर दबिश दी गयी। दबिश के दौरान अंकल ड्राइवर बुकिंग एप के माध्यम से गाड़ी बुक कर अवैध रूप से गायों की खरीद-फरोख्त कर अन्य राज्य हरियाणा में ले जाने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के दो शातिर सदस्यों को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम प्रेमनाथ पुत्र शिवनाथ निवासी कलंदर कालोनी, दिलशाद गार्डन, थाना शिवपुरी, शिवकुमार पुत्र जगदीश राणा निवासी न्यू संजयनगर कालोनी, विश्वास नगर, शाहदरा बताया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चार गाय व एक पिकअप गाड़ी बरामद की। पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और उनका चालान कर दिया। आरोपियों को पकड़ने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह, उप निरीक्षक अतुल कुमार, उप निरीक्षक विपिन कुमार, हैड कांस्टेबल इरशाद, कांस्टेबल गौरव कुमार, जगमोहन सिंह रहे।



# पेड़ गिरने से दो लोगों की मौत

## रहमापुर मुख्य मार्ग पर पेड़ गिरने से लगा था जाम, 15 मिनट बाद ही गिर गया दूसरा पेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** सोमवार को हुई मूसलाधार बारिश के बाद चली तेज हवाओं के झोके से मेरठ मवाना मुख्य मार्ग पर स्थित रहमापुर गांव के पास सड़क किनारे खड़ा यूकेलिप्टिस का पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने से मार्ग बंद हो गया। जिससे मुख्य मार्ग पर वाहनों की दोनों तरफ लंबी-लंबी कतारे लग गईं।

15 मिनट बाद ही सड़क किनारे खड़ा दूसरा यूकेलिप्टस का पेड़ गिर गया। इसमें बाइक सवार बिजेंद्र उर्फ लाला 38 वर्ष पुत्र प्रेम सिंह जाटव निवासी अकबरपुर सादात व रास्ता बाधित होने से खड़ी बस से उतरकर सड़क पर पेड़ को देखने गया। यात्री सलमान 35 वर्ष पुत्र जाहिद निवासी नंगला साहू थाना निवाड़ी गाजियाबाद गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने गंभीर रूप से घायलों को हस्तिनापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। जहां पर दोनों को चिकित्सकों ने उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया। वहीं रास्ता बाधित होने से खड़ी कार पूरी तरह पेड़ के नीचे दब गई। हादसे की जानकारी पर जमा हुई भीड़ ने सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। कार चालक सचिन जैन पुत्र एमपी जैन निवासी लक्ष्मीनगर दिल्ली ने बताया कि वह परिवार के साथ हरिद्वार से हस्तिनापुर तीर्थ स्थल जा रहे थे। उनके साथ पत्नी अनुषा जैन, पुत्री वंशिका 11 वर्ष, पुत्र वंश 8 वर्ष आर्यन 3 वर्ष थे। सचिन जैन ने बताया कि वह भी गिरे पेड़ को देखने गए थे। गनीमत रही की पूरा परिवार से सकुशल बच गया। हादसे के बाद पहुंची पुलिस ने सड़क पर पड़े पेड़ों को जैसे-तैसे पेड़ को हटवाकर रास्ते को सुचारू रूप से खुलवाया। अंडर ट्रेनिंग डीएसपी कृष राजपूत ने बताया कि दोनों लोगों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेरठ मोर्चरी भिजवा दिया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।



## सांड के हमले में युवक घायल

**हसनपुर।** आवारा सांड ने युवक के सींग मारकर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया। घायल को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है। सोमवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रही है। जिसके मुताबिक सैदनगली थाना क्षेत्र के कस्बा चौकी उझारी स्थित मोहल्ला मंसूरपुर पश्चिमी निवासी नदीम पुत्र इशरत किसी कार्य से हसनपुर आया हुआ था। जहां नगर के मोहल्ला लालबाग रेतिया में आवारा सांड ने युवक को सींगों से उठाकर पटक दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं मौके पर जमा लोगों ने सांड को बा मुश्किल भगाया। इसके बाद घायल को एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। इसके बाद घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वहीं लोगों ने सीसीटीवी कैमरे की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी।

# कच्चे मकान की गिरी छत, बुजुर्ग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला/लावड़।** लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जहां जन जीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त है। वहीं भारी बारिश के कारण अब एक के बाद एक हादसे हो रहे हैं। आझौता गांव में बल्लू पुत्र भरतू उम्र लगभग 75 वर्ष का काफी पुराना मिट्टी से बना कच्चा मकान है जिसमें वह अपने पशु को बांधता है बाकी घर के सदस्य पास में ही दूसरे मकान में रहते हैं। सोमवार की सुबह वो अपने कच्चे मकान में बैठा हुआ चाय पी रहा था तभी तेज बारिश के कारण मकान की छत भर भराकर गिर गई और बुजुर्ग बल्लू उसमें दब गया तभी सूचना पर रेस्क्यू टीम ओर दौराला थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गए लेकिन तब तक पड़ोसियों ने किसी तरह उसे वहां से निकाला और बिना देर किए मोदीपुरम के फ्यूचरप्लस अस्पताल पहुंचाया जहां बुजुर्ग का इलाज चल रहा है। पड़ोसियों के अनुसार बल्लू बेहद गरीब है और मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है।

### समय पर नहीं पहुंची एम्बुलेंस, ग्रामीणों में रोष

इस हादसे के बाद स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था की भी पोल खुल गई। जहां प्रदेश सरकार नागरिकों को हर सुविधा मुहैया कराने के लिए टोल फ्री नंबर जारी कर रही है। वहीं इस घटना के बाद समय पर एम्बुलेंस ना पहुंचने के कारण ग्रामीणों ने रोष जताया है।



ग्रामीणों ने बताया कि जिस समय बुजुर्ग बल्लू को मलबे से निकाला जा रहा था तो उस समय पड़ोस में ही रहने वाले मोहित कुमार ने डायल 102 पर कॉल कर एम्बुलेंस की सहायता लेनी चाही तो उन्हें एक घंटे बाद एंबुलेंस आने की बात कही गई जिस पर ग्रामीणों ने रोष जताया और पड़ोसियों ने अपने निजी वाहन से घायल को अस्पताल पहुंचाया। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि अगर किसी के पास अपना वाहन नहीं है ओर भगवान ना करे इस तरह का हादसा हो जाए तो शायद एम्बुलेंस के ना पहुंचने से बड़ा हादसा भी हो सकता है।

# जो अधिकारी आईजीआरएस को गंभीरता से नहीं लेंगे वह स्वयं भुगतेंगे: जिलाधिकारी

## विकास भवन सभागार में की हुई आईजीआरएस की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह द्वारा आईजीआरएस की समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिला. धिकारी ने कहा कि आईजीआरएस शिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता में है, सभी अधिकारी इसको गंभीरता से लें और प्रत्येक शिकायत की मॉनीटरिंग और उसका निस्तारण अधिकारी स्वयं कराये। बैठक में माह जून, जुलाई तथा अगस्त 2025 में असंतुष्ट संदर्भो तथा स्पेशल क्लोज किये गये समस्त संदर्भों की विस्तृत समीक्षा की गई।

आईजीआरएस की शिकायतो को अधिकारी स्वयं देखे, मौके पर जाकर सत्यापन, दूरभाष पर वार्ता कर गुणवत्ता एवं संतुष्टिपरक फीडबैक प्राप्त कर कार्यवाही करें। आईजीआरएस की निगरानी शासन स्तर से की जा रही है शासन की मंशा अनुरूप अधिकारी प्राप्त शिकायतो का निस्तारण संतुष्टिपरक एवं गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित करें। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुये कहा कि लापरवाह एवं खराब प्रदर्शन वाले अधिकारियो को चिन्हित कर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियो का संतुष्टि फीडबैक प्रतिशत 25 प्रतिशत से कम और शून्य है उनका वेतन रोका जाये। बिना सूचना दिये बैठक में अनुपस्थित अधिकारियो का वेतन रोके जाने के निर्देश दिये गये। उन्होने कहा कि जिस विभागध्अधिकारी की लापरवाही के कारण जिले की रैंकिंग खराब होगी उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। जो अधिकारी आईजीआरएस को गंभीरता से नहीं लेंगे वह स्वयं भुगतेंगे।

इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, एसडीएम सदर दीक्षा जोशी, डीएफओ वंदना फोगाट, सीएमओ डा. अशोक कटारिया, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट नवीन कुमार श्रीवास्तव, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गंगा में समा सकता है गांव मीरपुर साधु नांगल!

## बाढ़ से ग्रामीणों के लिए खतरा, गंगा में डूब चुकी है हजारों बीघा जमीन, एडीएम वित्त ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** खादर क्षेत्र के गांव मीरपुर साधु नांगल में बाढ़ की स्थिति लगातार ग्रामीणों के लिए खतरा बनी हुई है जहां हजारों बीघा जमीन गंगा में समा गई है वहीं ग्रामीणों को अस्थाई रूप से बसाने का प्रशासन प्रयास कर रहा है। एसडीएम वित्त के नेतृत्व में पहुंची टीम ने मौके पर जांच कर ग्रामीणों को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया है।

खादर क्षेत्र के गांव मीरपुर साधु नांगल की हजारों बीघा जमीन बाढ़ में समा गई लोगों के सामने रोजी-रोटी पशुओं के चारे की समस्या आ गई है वहीं गांव पर गंगा का खतरा मंडरा रहा है जो कभी भी गंगा में समा सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि



उनकी याद में इतनी भयंकर बाढ़ पहली बार आई है जिससे सब कुछ तबाह हो गया है। लोक दल नेता व एससी एसटी आयोग के सदस्य नरेंद्र खजूरी ने रविवार को बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया था। नरेंद्र खजूरी ने डीएम से वार्ताकर गांव में अतिशीघ्र टीम भेजने के साथ ग्रामीणों को फसलों का उचित मुआवजा दिलाने गांव के पास तटबंध बनाने सरकारी ऋण को माफ करने सहित अनेक मांग की थी इसी के तहत डीएम ने एसडीएम सूर्य नारायण को सोमवार को मौके पर भेजा। एडीएम वित्त ने बताया कि ग्रामीणों को फिलहाल अस्थाई जगह पर बसाने की प्रशासन की योजना है उसके बाद ही अन्य सहायता की जाएगी। ब्लॉक प्रमुख ब्रह्म सिंह प्रतिदिन बाढ़ पीड़ितों के बीच जाकर उनकी हर संभव मदद का आसान दे रहे हैं। सोमवार को भी उन्होंने ग्रामीणों को खाद्य सामग्री वितरित की। इस मौके पर तहस. ीलदार निरंकार सिंह, नायब तहस. ीलदार अंकित तोमर, लेखपाल अजय उपाध्याय, विजेंद्र भाटी, युवा नेता रिशु बढ़ला ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ सैफी सहित थाना पुलिस व अनेक गांवों के प्रधान भी मौजूद रहे।

# गैंगस्टर के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में निरूद्ध तीन आरोपियों को सोमवार दोपहर 12 बजे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया। इंस्पेक्टर बृजेश पांडेय ने बताया कि इसरार पुत्र तरीकत, कलवा पुत्र अहसान और बलजोरा उर्फ पहाड़ी पुत्र उम्मेद निवासी बोंद्रा किठौर गैंगस्टर में निरुद्ध हैं। तीनों के विरुद्ध गौवध के मुकदमें हैं। इसरार पर आर्म्स एक्ट का भी मुकदमा है।

# फांसी पर झूला रिटायर फौजी का बेटा

## परिवार का इकलौता पुत्र था मृतक, घर में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के मोहल्ला शांतिनगर में एक दिवंगत रिटायर्ड फौजी के इकलौते बेटे शिवम त्यागी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चचेरे भाई द्वारा फोन रिसीव न होने पर घटना का पता चला। पुलिस ने गेट तोड़कर शव को निकाला और फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। मृतक के पास से तीन मोबाइल मिले हैं जिनकी जांच की जा रही है। वहीं परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया है।

जानकारी के अनुसार नगर के शांतिनगर में चामुंडा मंदिर के पास सेवानिवृत्त फौजी स्वर्गीय ओमदत्त त्यागी का मकान है।



ओमदत्त त्यागी की पत्नी का निधन भी कुछ समय पहले हो गया था। उनकी एक बेटी की शादी हरियाणा के कुंडली और दूसरी बेटी की शादी बिजनौर में हुई है। तीसरा व इकलौता पुत्र शिवम ही अकेला घर पर रहता था। शिवम का सोमवार की पूर्वाह्न करीब 11 बजे शव घर में आंगन में लगे पंखे पर रस्सी से बने फंदे पर लटका हुआ मिला। चचेरे भाई अनमोल ने कई बार फोन किया तो रिसीव नहीं हुआ। उसने पड़ोसी की छत से जाकर देखा तो शिवम का शव फंदे पर लटका हुआ था। जानकारी मिलने पर चौपला पुलिस चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार मौके पर पहुंचे और उन्होंने जीने का गेट तोड़कर अंदर प्रवेश किया। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। पुलिस को मौके से तीन मोबाइल भी मिले हैं, हालांकि समाचार लिखे जाने तक आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके थे।

# रामलीला हमारी सांस्कृतिक धरोहर: भूपेन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव दरियापुर बुजुर्ग में समा.

### सपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया रामलीला का शुभारंभ

जवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सरिता चौधरी के पति भूपेंद्र चौधरी ने फीता काटकर रामलीला मंचन का उद्घाटन किया। इस मौके पर ग्रामवासियों ने भूपेंद्र चौधरी का ढोल-नगाड़ो के साथ स्वागत किया।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि श्रीराम जी को आदर्श मानकर हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चहिये। आधुनिकता की चकाचौंध मे हमारी युवा पीढ़ी हमारे महापुरुषों का इतिहास



भूल गयी है। इस तरह के आयोजनों से समाज मे एक अच्छा सन्देश जाता है और हमें समाज में अच्छे कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

रामलीलाएं हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर हैं। इस मौके पर चौधरी विजयवीर सिंह, बोबिन चौधरी, नेमपाल सिंह प्रधान, रविन्द्र चौधरी, चन्द्रपाल यादव, ललित चौधरी, विकास चौधरी, कुलद. ीप देवल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस के सामने दो पक्षों में पथराव

## 11 नामजद व 15 अज्ञात पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** पुलिस के सामने दो पक्षों में जमकर पथराव हुआ। जिसमें कई लोग घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला। दरोगा की तहरीर पर 11 नामजद व 15 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करया गया है। पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पायंती खुर्द की है। यहां कैफ व शाहरुख के परिवार रहते हैं। रविवार दोपहर दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। मारपीट के बीच देखते ही देखते दोनों ओर से पथराव होने लगा, जिससे गांव में भगदड़ मच गई। झगड़ा होने की सूचना मिलते ही दरोगा सुधीर कुमार, हेड कांस्टेबल दीपक कुमार और कांस्टेबल आक. ाश कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्षों को समझने का प्रयास किया लेकिन दोनों ने हमला जारी रखा, एक-दूसरे पथराव करते रहे। इतना ही नहीं आरो. पियों ने पुलिसकर्मियों पर पथराव कर दिया। अचानक हुए हमले में बाल-बाल बचे दरोगा और सिपा. हियों ने दीवार की आड़ लेकर खुद को बचाया। मारपीट और पथराव में दोनों ओर से कई लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही कोतवाली से फोर्स गांव पहुंचा। इसके बाद पुलिस कर्मियों ने पथराव कर रहे लोगों पर लाठी फटकार कर दौड़ा दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में दरोगा सुधीर कुमार की तहरीर पर कैफ, नदीम, जीशान, इसरार, अनीस, वासित, शाहरुख, सरोज, मोमी व सबिया समेत 11 नामजद तथा 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी इसरार व शहानावाज को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।



हसनपुर। झारखण्ड महादेव मन्दिर पर भूमि पूजन करते विधायक महेन्द्र सिंह।

# 50 लाख से होगा मन्दिर का सौंदर्यकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर का सौंदर्यीकरण 50 लाख रुपये की लागत से किया जायेगा। विधि विधान से भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ कर दिया गया है।

प्राचीन श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर का सौंदर्यीकरण करवाये जाने की काफी लंबे समय से मांग की जा रही थी। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने बताया उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मंदिर का सौंदर्यीकरण करवाये जाने की मांग की गई थी। पर्यटन विभाग द्वारा मंदिर का सौंदर्यीकरण कराये जाने के लिए 50 लाख रुपये स्वीकृत किये गये हैं। सोमवार को विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी द्वारा कार्य करवाये जाने से ओरव विधि विधान के साथ भूमि पूजन किया गया। श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के ग्राउंड में कुछ दिनों बाद रामलीला का मंचन होगा। काफी समय से श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर का सौंदर्यीकरण करवाये जाने की मांग की जा रही थी। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष कृष्ण अवतार अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, संदीप गुप्ता, महेश प्रजापति, मयंक अग्रवाल, संजय शर्मा, पवन राज आदि मौजूद थे।

# सत्य ही आत्मा का स्वभाव, झूठ से बढ़ते हैं पाप

## पांचवें दिन हुई उत्तम सत्य की व्याख्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** भाद्रपद मास के पवित्र अवसर पर चल रहे दशलक्षण महापर्व का पंचम दिवस सोमवार को 'उत्तम सत्य' के रूप में मनाया गया। इस मौके पर शास्त्री दीपक जैन ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सत्य ही आत्मा का स्वभाव है। जब मन और आत्मा को सरल व शुद्ध बना लिया जाता है, तो सत्य अपने आप जीवन का हिस्सा बन जाता है।

उन्होंने कहा कि झूठ बोलना पाप को बढ़ाता है और इससे मुक्ति पाना कठिन हो जाता है। सत्य का पालन करने से आत्मा के वास्तविक स्वरूप की पहचान होती है और इसी आधार पर मोक्ष की प्राप्ति संभव है। शास्त्री ने स्पष्ट किया कि सत्य शब्द सत से बना है, जिसका अर्थ है वास्तविक होना। उत्तम सत्य धर्म हमें यही सिखाता है कि आत्मा की प्रकृति को जानना और उसे शुद्ध बनाना ही जीवन का परम उद्देश्य होना चाहिए। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और उत्तम सत्य धर्म के गूढ़ महत्व को आत्मसात किया।

# मकान के मलबे में दबकर वृद्धा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** क्षेत्र में 2 दिन से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते मकान गिरने से पशु समेत महिला घायल हो गई। घायल को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

सैदनगली थाना क्षेत्र के उझारी कस्बा स्थित मौहल्ला भीम नगर निवासी सतीश एवं कैलाश तथा भगवत पुत्रगण होरीलाल का परिवार एक ही मकान में रहता हैं। वह परिवार के लोग खेतों पर काम करने गये हुए थे। इस दौरान घर के अंदर अकेली वृद्ध माता रामदेही लेटी हुई थी। जहां तेज बारिश के चलते मकान अचानक भर भराकर गिर गया। जहां मलबे में दबने से वृद्धा गंभीर रुप से घायल हो गई। वहीं एक मवेशी भी मलबे के अंदर दबकर घायल हो गया। उधर मकान गिरने से हुई तड़तड़हट की आवाज को सुनकर मौहल्ले के लोगों ने मकान के मलबे के अंदर दबी वृद्धा को बाहर निकाला। और गंभीर स्थिति में घायल वृद्धा को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल मवेशी को भी उपचार के लिए पशु चिकित्सक को दिखाया। साथ ही मकान गिरने से मोहल्ले में अफरा तफरी का माहौल बन गया फिलहाल मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। रुक रुक कर हो रही तेज बारिश से मकानों को नुकसान होने लगा है।

## पोषण ही जीवन की असली शक्ति



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नेशनल न्यूट्रिशन वीक की शुरुआत सोमवार को मानव रचना द स्कूल में बड़े ही रंगीन अंदाज में हुई। विद्यालय परिसर में आयोजित फ्रूट्स पार्टी ने नन्हें-मुन्नों को स्वास्थ्य और स्वाद का अनोखा संगम परोसा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या सारिका त्यागी ने किया। उन्होंने बच्चों को संतुलित आहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पोषण ही जीवन की असली शक्ति है। यदि भोजन पौष्टिक होगा तो शरीर और मस्तिष्क दोनों का विकास सही दिशा में होगा। उन्होंने समझाया कि मौसमी फल और सब्जियां बीमारियों से बचाव के साथ-साथ शरीर को ऊर्जा से भरपूर बनाते हैं, कार्यक्रम में मोनी चौधरी, सलोनी अलुना, आदिति त्यागी, पलक सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# यमुना का जलस्तर बढ़ने से नदी में समाई नलकूप की बिल्डिंग

## नदी किनारे खड़े होकर रील बना रहे युवक के नीचे की अचानक कटी जमीन, वीडियो वायरल







**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** शबगा गांव में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से किनारों का कटान तेज हो गया है। हथिनीकुंड बैराज से पानी छोड़े जाने और लगातार बारिश के कारण स्थिति गंभीर हो गई है।

यमुना खादर में किनारों के कटान से एक नलकूप की बिल्डिंग नदी में समा गई। स्थानीय लोगों ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया। वीडियो में साफ दिख रहा है कि कैसे देखते ही देखते नलकूप की बिल्डिंग तेज बहाव में समा गई। नदी के बढ़ते जलस्तर से किसानों की हजारों बीघा फसल जलमग्न हो चुकी है। सैकड़ों बीघा फसल पूरी तरह खराब हो गई है। प्रशासन ने लोगों से यमुना के किनारों से दूर रहने की अपील की है। अधिकारी लगातार यमुना के किनारों पर नजर बनाए हुए हैं और नुकसान का आकलन कर रहे हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने प्रशासन से राहत कार्य की मांग की है। वही दूसरी ओर शबगा गांव में यमुना नदी किनारे एक युवक रील बनाने के चक्कर में बड़ी मुसीबत में फंस गया। नदी किनारे खड़े होकर रील बना रहे युवक के नीचे की जमीन अचानक कट गई। वह तेज बहाव में बहने लगा। मौके पर मौजूद उसके चार दोस्तों ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए उसे बचा लिया। यमुना नदी में इन दिनों जलस्तर काफी बढ़ा हुआ है। लगातार हो रही बारिश और ऊपरी इलाकों से छोड़े जा रहे पानी की वजह से नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। प्रशासन ने लोगों से नदी किनारे न जाने की अपील की है। इसके बावजूद कुछ लोग सोशल मीडिया के लिए रील बनाने की जिद में अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि आधा दर्जन युवक नदी किनारे रील बनाने में व्यस्त हैं। प्रशासन ने एक बार फिर लोगों से लापरवाही न बरतने और सतर्क रहने की अपील की है।

## पति को दूध पिलाकर पत्नी फरार लाखों के गहने-नकदी ले उड़ी दुल्हन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**छपरौली।** थाना क्षेत्र से एक शादी शुदा महिला रहस्यमयी तरीके से लापता हो गई। महिला अपने साथ घर से 20 तोला सोना, एक किलो चांदी और करीब पाँच लाख रुपये नकदी भी ले गई है।

मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित पति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 31 अगस्त की रात्री लगभग 12 बजे पत्नी ने उन्हें दूध पिलाया। दूध पीने के बाद वह नींद मे सो गया। देर रात बच्चों की रोने की आवाज सुनकर जब वह जागा तो पाया कि पत्नी घर पर नहीं है। उसने घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो फुटेज में महिला को घर से बाहर जाते हुए देखा गया। बताया गया है कि महिला की उम्र लगभग 27 वर्ष है, लंबाई करीब 5 फीट 5 इंच, रंग गोरा है और वह बैंगनी रंग के कपड़े पहने हुई थी।

पुलिस ने पति द्वारा दि गई तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जनपद में हुआ नो हेलमेट-नो पेट्रोल अभियान का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** 1 सितंबर से 30 सितंबर तक जनपद में नो हेलमेट-नो पेट्रोल अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को गौरीपुर स्थित पेट्रोल पंपों पर चेकिंग की गई। इस दौरान बिना हेलमेट के पेट्रोल लेने आए दोपहिया वाहन चालकों को जागरूक किया गया तथा पेट्रोल पंप संचालकों को भी अभियान के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी दोपहिया वाहन चालकों से अपील की जाती है कि वे हमेशा ISI मानक वाला हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाएं। साथ ही यदि पीछे कोई सवार हो तो उसे भी हेलमेट अवश्य पहनाएं। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में सबसे अधिक मृत्यु बिना हेलमेट वालों की होती है, अत: सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा करें।

## एक नजर

### विभिन्न मांगों को लेकर भाकियू (प्रधान) के कार्यकर्ताओं का कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को एक ज्ञापन दिया और समस्याओं का जल्द समाधान किए जाने की मांग की।

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (प्रधान)के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव संजीव दांगी ने जिलाधिकारी को विज्ञापन देते हुए बताया कि मिलकपुर मिल से सभी किसान परेशान है यह किसी का भुगतान नहीं कर रहा है उन्होंने कहा कि यह धरना दूसरे मिल का सेंटर लाने को लेकर दिया गया है। उन्होंने आवारा गौवंसो और नदियों की सफाई, सड़के बनवाने जैसी समस्याओं का समाधान किए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि जब वह गन्ना लेकर जाते है तो ये नहीं पता चलता है कि उनका गन्ना किस रेट में जा रहा है। उन्होंने कहा कि डीएम गन्ना मंत्री को फोन कर गन्ना मंत्री को किसानों की समस्याओं से अवगत कराकर समाधान किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो समस्त किसान रोड़ जाम कर देंगे। धरने देने वालों में राजवीर सिंह बृजेश सिंह ओमवीर आजाद आशीष तेजपाल अजय जसवीर संजय आदि मौजूद रहे।

**जिलाधिकारी ने की रमाला शुगर मिल की समीक्षा** बैठक के दौरान शुगर मिल प्रबंधन को भी निर्देशित किया गया कि मिल संचालन की प्रक्रिया पारदशह्र और सुचारु रहे मरम्मत कार्य व्यवस्थित तरीके से होना चाहिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि वे नियमित रूप से मौके पर जाकर निरीक्षण करें

**सूचना**
मेरे पुत्रो का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र जावेद, सावेज, साकिब से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
रहीसू पुत्र महमूद निवासी मौहल्ला माता कालोनी बागपत तहसील व जनपद बागपत।

## यमुना नदी में फिर पानी छोड़े जाने से हजारों बीघा फसल हुई बर्बाद, किसान इस समय रो रहे खून के आंसू

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** यमुना नदी में फिर छोड़ा गया हथिनीकुंड बैराज से लाखों की संख्या में पानी। हजारों बीघा फसल बर्बाद और करोड़ों रुपए का नुकसान हो गया है। 50 विवाह तक के किसान भूमिहीन हो गए हैं। सांसद बोले की किसानों को मदद दिलाई जाएगी। इस समय यमुना नदी की धार पूरे शबाब पर है। फिलहाल वर्तमान में यमुना नदी में जलस्तर 45.449 छोड़े जाने से फिर किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यह अपनी रविवार को छोड़ा गया है जो सोमवार के दोपहर तक यमुना नदी में आ गया है।

क्षेत्र के जागौश गांव के किसान मोजी राम रामहेर की 18 बीघा अजय त्यागी जय नारायण त्यागी की 10बीघा बीघा सत्येंद्र शर्मा नरेंद्र सतबीर शर्मा की 25बीघा जय किशन लोधा की 10बीघा सतपाल त्यागी 15 बीघा मांगेराम शर्मा 20 बीघा इंद्रपाल संजय पप्पू की 15 बीघा रामदत्त शर्मा 10 बीघा सुरेश लवकुश अमित शर्मा की लगभग 40 बीघा अनिल मुखिया 10 बीघा विजयपाल प्रधान हरिओम 20 बीघा राजू त्यागी 10 बीघा अनिल त्यागी 5 बीघा गंगा चरण त्यागी की 25बीघा निटु शर्मा 10 बीघा महेन्द्र त्यागी सहेनदर त्यागी 20 बीघा अनिल त्यागी पांच बीघा आदी जागौश के किसानों की खड़ी गन्ने की फसल में अधिक कटान होने से यमुना नदी में समा गई। इसी तरह शबगा गांव के किसान विनोद की 10 बीघा बृजपाल की पांच बीघा चदकी की की पांच बीघा विक्रम बीघा रतन की 7बीघा रामस्वरूप की 10बीघा मेघराज की 8बीघा बलेश की 10बीघा हरपाल की आठ 8बीघा धर्मपाल चौधरी की 10 बीघा रामलाल की पांच बीघा गजेंद्र की पांच बीघा पवन10 की बीघा पवन संदीप प्रमोद की 25 बीघा जनक कुमार सत्येंद्र कुमार 40 बीघा सतीश कश्यप की 10 बीघा जमीन यमुना नदी में समा गई। इस जमीन पर गन्ने की फसल फराटे मार रही थी। यमुना नदी के किनारे पर लाखों रुपए की गन्ने की फसल बर्बाद हो जाने से किसान भी बर्बादी के कगार पर आ गया है अब किसान अपना दुखड़ा किसके सामने रो रोने की भी जगह नहीं मिल रही है। किसानों का कहना है कि पता नहीं सरकार मुआवजा भी देगी तो किस रेट से देगी किसान तो बर्बाद हो गया है। किसानों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। किसान अपने इस समय घड़ियाले आशु रो रहा है। इसके अलावा एनसीआर क्षेत्र के छपरौली टांडा नांगल कुरड़ी बदरखा काकोर कला शबगा जागौश कोताना खेड़ी प्रधान लुहारी फैजपुर निनाना खेड़ा हटाना सुल्तानपुर खेड़ा गांव के किसानों की बात कही जाए तो इन गांवों के लोगों का भी नुकसान हो गया है। यह सभी गांव बाढ़ प्रभावित क्षेत्र यमुना के किनारे बसे हुए है। सिंचाई विभाग के अभियंता अनिल कुमार निमेष ने यमुना नदी के किनारे बसे जागौश गांव का सिंचाई विभाग की टीम के साथ निरीक्षण किया। चौकी बनवाने की मांग की।

## बारिश के चलते भरभरा कर गिरी मकान की छत, चार घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** ढिकोली गांव में बरसात के चलते एक मकान के कमरे की छत भरभरा कर गिर गयी जिसके नीचे सो रहे महिला सहित चार लोग घायल हो गये जिन्हें निजि चिकित्सक के यहा भर्ती कराया गया है। ढिकोली निवासी रामपाल पुत्र मिठने रात्रि परिवार सहित घर पर सोया हुआ था तभी अचानक उसके मकान के कमरे की छत भरभरा कर गिर गयी जिसके मलबे मे दबने से रामपाल उनकी पत्नी राधा बेटी शिवानी और अंशी घायल हो गये आस पडौस के लोगो ने देखा तो भागकर वहा पहुंचे और मलबा हटाकर उन्हें बाहर निकाला जहा राधा को गम्भीर चोटे आयी है। परिजनों ने उसे दिल्ली के एक अस्पताल मे भर्ती कराया है जबकि अन्य तीनो को मामूली चोटे आयी है मलबे मे दबने से जहा चारो घायल हो गये वही घरेलू समान को भी नुकसान पहुंचा है।

## बाढ़ राहत चौकी बनाकर यमुना नदी पर रखी जाए 24 घंटे नजर



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जागौश गांव में जिलाधिकारी ने यमुना नदी का निरीक्षण किया जिसमें ग्राम वासियों ने जिलाधिकारी को यमुना नदी में समा गई गन्ने की फसल के बारे में अवगत कराया। जब जिलाधिकारी जागौश गांव में पहुंची तो यमुना नदी पर गांव के लोगों का जमावड़ा लग गया। उन्होंने यमुना नदी में बर्बाद हुई किसानो की फसल के बारे में भी बारीकी से जानकारी जुटाई। गांव के लोगों ने जिलाधिकारी को बताया कि किसान बर्बादी के कगार पर आ गया है अगर यही हालत बाढ़ की रही तो किसान बिल्कुल ही बर्बाद हो जाएगा। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि गांव में बाढ़ राहत चौकी बनाकर यमुना नदी पर 24 घंटे नजर रखी जाए। गांव के लोगों को जो भी समस्या हो उसके बारे में हमें अवगत कराया जाए। जिलाधिकारी ने ग्राम वासियों से कहा कि यमुना नदी के किनारे मत जाएं सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लवकुश शर्मा ने जिलाधिकारी को किसने की समस्याओं के बारे में भी अवगत कराया। गांव के लोगों ने जिलाधिकारी से यमुना नदी पर बांध तट बनवाने यमुना के किनारे लोहे की जाल की ठोकर लगवाने की मांग की। उन्होंने ग्राम वासियों को आश्वासन दिया की इन सभी समस्याओं से प्रदेश सरकार को अवगत कराया जाएगा। इस मौके पर गांव के लोग मौजूद रहे।

## किसानों से संबंधित मामलों में लापरवाही पाई जाने पर होगी कार्रवाई: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** सोमवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने रमाला शुगर मिल से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मिल संचालन, किसानों के बकाया भुगतान, गन्ना आपूर्ति व्यवस्था तथा शुगर मिल से जुड़े अन्य प्रशासनिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गन्ना किसानों के हितों की सर्वोच्च प्राथमिकता सुनिश्चित की जाए तथा मिल संचालन से जुड़ी किसी भी समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों का बकाया भुगतान नियमानुसार एवं निर्धारित अवधि में किया जाना चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों से संबंधित मामलों में लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों, जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर मिल प्रबंधक आदि मौजूद रहे।



## कार्यालय सचिव ग्राम पंचायत चोपड़ामहेशपुर वि.खं बागपत (बागपत)

पत्रांक: १ /पं.रा.वित्त/१५वॉ वित्त/एसबीएम/अन्य मद / २०२५-२६ दिनांक-30.08.2025

### अल्पकालीन निविदा/कुटेशन आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना के अर्न्तगत राज्य वित्त / केंद्रीय वित्त आयोग/एसबीएम तथा अन्य मद की धनराशि से निम्नलिखित कार्यो को कराने हेतु इच्छुक पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबंद निविदायें/कुटेशन दिनांक-05.09.2025 समय 01.00 बजें अपराह्न तक ग्राम पंचायत कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में निम्नलिखित शर्तो सहित आमंत्रित की जाती है। निविदायें/कुटेशन दिनांक- 05.09.2025 को समय 2.00 बजें अपराह्न ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत के कार्यालय से निविदा मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है।धरोहर राशि 10 प्रतिशत में से 02 प्रतिशत धनराशि निविदा के साथ शेष धनराशि 08 प्रतिशत का कार्य आदेश पर एन.एस.सी./एफ.डी. के रूप में प्राप्त की जायेगी जो सचिव, ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अपेक्षित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. स. | योजना का नाम | स्वीकृत कार्य का विवरण | स्वीकृत लागत | निविदा मूल्य | धरोहर राशि | आमन्त्रण की तिथि | निविदा खुलने की तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रा.वि./ कें. वि. | गढ़ी वाले रास्ते से तालाब तक नाले का निर्माण कार्य। | 167779 | 200 | 2% | 05.09.2025 9 से 12 बजे तक | 05.09.2025 2 से 5 बजे तक |
| 2 | रा.वि./ कें. वि. | मस्जिदसे कृष्णवीर त्यागी पुत्र भीमसेन के मकान तक दोनो साईड़ नाली निर्माण कार्य। | 159263 | 200 | 2% | 05.09.2025 9 से 12 बजे तक | 05.09.2025 2 से 5 बजे तक |
| 3 | रा.वि./ कें. वि. | विभिन्न स्थानों पर नाला सफाई कार्य। | 165349 | 200 | 2% | 05.09.2025 9 से 12 बजे तक | 05.09.2025 2 से 5 बजे तक |
| 4 | रा.वि./ कें. वि. | नीरज से ईश्वर के मकान तक सी.सी.रोड़निर्माण कार्य। | 393500 | 400 | 2% | 05.09.2025 9 से 12 बजे तक | 05.09.2025 2 से 5 बजे तक |

**नोट- अनुबन्ध आदि की कार्यवाही कार्यो की तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के प्राप्त होने के उपरान्त ही सम्पादित की जायेगी। प्राक्कलन की धनराशि घटाई/बढ़ाई जा सकती है। किसी कारणवश उक्त स्वीकृति प्राप्त न होने की दशा में यह निविदा/कुटेशन स्वत: निरस्त समझी जायेगी।**

1. बिना कोई कारण बताये निविदों/कुटेशन निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
2. कोई भी सशर्त निविंदा/कुटेशन स्वीकार नही की जायेगी। समस्त कार्य निर्धारित अवधि **तीन माह** में पूर्ण करने होगें।
3. निविदायें/कुटेशन दरें स्पष्ट भरी जायें, कटिंग/ओवर राईटिंग मान्य नही होंगी।
4. प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा/कुटेशन देनी अनिवार्य है।
5. प्राप्त निविदाओं की समीक्षा उपरान्त सबसे कम दरों वाली निविदा/कुटेशन को ही स्वीकृती प्रदान की जायेगी।
6. प्रत्येक निविदा के साथ ठेकेदार को 100रू. के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित करना अनिवार्य है।
7. भुगतान के पूर्व कार्य के बिल से सभी देय कर एंव जामनत राशि की कटौती नियमानुसार की जायेगी।

**प्रधन**
**ग्राम पंचायत चोपड़ामहेशपुर**
**विकास खण्ड-बागपत (बागपत)**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत चोपड़ामहेशपुर**
**विकास खण्ड-बागपत (बागपत)**


## बंदरों के हमले से व्यक्ति घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** बंदरो के एक जुड़ ने एक व्यक्ति पर हमला बोल घायल कर दिया जिसके चलते व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वही कस्बे के लोगो ने प्रशासन से बंदरो को पकड़वाने की मांग की है।

रटौल निवासी 52 वर्षीय राजू पुत्र किशनलाल घर पर बैठा हुआ था तभी बंदरो का एक जुड़ घर मे आ गया और घर मे रखे कपड़े उठाकर छत पर भाग गये। राजू उनके पीछे छत पर पहुंचा और बंदरो से कपड़े लेने का प्रयास किया जिससे बंदरो ने उस पर भी हमला बोल दिया और वह छत से नीचे कूद गया जिससे उसके दोनो पैर में फेक्चर हो गया। परिजनों ने देखा तो दौडकर वहा पहुंचे और राजू को उठाकर दिल्ली के एक अस्पताल लेकर पहुचे ग्रामीणों ने बताया कि कस्बें में बंदरो का आतंक बना हुआ है। आय दिन बंदर किसी न किसी पर हमला बोल घायल करते रहते है। ग्रामीणों ने प्रशासन से बंदरो को पकड़वाने की मांग की है।

## हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में छोड़ा 3 लाख क्यूसेक पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** तहसील क्षेत्र के यमुना नदी में हथिनीकुंड बैराज से रविवार की रात लगभग 3 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। यह पानी आज रात रात्रि 12तक यमुना नदी में पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। यमुना नदी के किनारे वाले ग्राम वीडियो को सावधान रहने के लिए कहा गया है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने नदी के नजदीक में जाएं। बच्चों में पशुओं को सुरक्षित रखें यमुना नदी के किनारे जाने से रोका जाए। प्रशासन के निर्देशों का पालन किया जाए सभी ग्रामवासी अलर्ट मोड पर रहे और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रशासन से संपर्क करें ग्राम प्रधान जागौश प्रतिनिधि लवकुश शर्मा ने गांव में लाउडस्पीकर के जरिए अलाउंस कराया है की सभी ग्रामवासी अपने पशुओं को यमुना नदी के किनारे से पीछे हटाए अपने बच्चों का भी विशेष ध्यान रखें। यमुना नदी के किनारे कोई भी व्यक्ति ना जाये सुरक्षित रहें सावधान रहे।

**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र आकाश माथुर व पुत्रवधू शिवानी से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
पवन कुमार पुत्र अतर सिंह निवासी ग्राम ट्यौढी थाना बडौत तहसील व जनपद बागपत।

# रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ पोस्ट का डीआईजी ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रेलवे सुरक्षा बल के डीआईजी सैय्यद सरफराज अहमद ने हापुड़ रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ पोस्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं, रिकॉर्ड्स, सीसीटीवी कैमरों और हथियारों की स्थिति का जायजा लिया।

डीआईजी ने आरपीएफ पोस्ट के रिकॉर्ड्स की जांच की और अधिकारियों को उन्हें व्यवस्थित और अपडेट रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की कार्यक्षमता का भी मूल्यांकन किया और स्टेशन की निगरानी प्रणाली को पूरी तरह सक्रिय रखने के लिए कहा। डीआईजी ने हथियारों के उचित रखरखाव पर जोर दिया और मालखाने में रखे सामानों के समय पर निपटान के निर्देश दिए। आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए डीआईजी ने अधिक. ारियों और जवानों को सतर्क रहने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान भीड़ बढ़ जाती है। इसलिए संदिग्ध गति. विधियों पर पैनी नजर रखी जाए। इस निरीक्षण के दौरान सहायक सुरक्षा आयुक्त एसएम असलम और पोस्ट प्रभारी राक. ेश यादव सहित कई आरपीएफ जवान मौजूद थे। सभी ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने का आश्वासन दिया।



# मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना कपूरपुर क्षेत्र में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में लोग एक दूसरे पर हमला करते हुए नज़र आ रहे है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार मामला कपूरपुर थाना क्षेत्र के गांव बझेड़ा कला का है जहाँ गांव में किसी व्यक्ति की मौत हो गई थी। मौत के बाद ज़ब मृत व्यक्ति को दफिने के लिए ले जाया जा रहा था। इसी दौरान भीड़ होने के कारण कंधा लगने को लेकर दो पक्षों के बीच मामूली कहासुनी हो गई। मामूली कहासुनी देखते ही देखते एक विवाद के रूप में बदल गई और दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान किसी व्यक्ति ने मारपीट का वीडियो बना लिया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद पांडेय ने बताया वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए संबंधित मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# निर्माणाधीन पुलिस लाइन का नोडल अधिकारी व प्रमुख सचिव ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ क्षेत्र में निर्माणाधीन नई पुलिस लाइन के कार्य की समीक्षा और निरीक्षण करने के लिए, जनपद के नोडल अधिकारी और प्रमुख सचिव अजय चौहान हापुड़ पहुंचे। जहाँ उन्होंने निर्माणाधीन स्थल का दौरा किया और कार्य की प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जनपद के नोडल अधिकारी और प्रमुख सचिव अजय चौहान ने निर्माण कार्य में इस्तेमाल की जा रही सामग्री की गुणवत्ता की जांच की और कार्यदाई संस्था को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य समय पर पूरा किया जाए और गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि यह परियोजना जल्द से जल्द पुलिस विभाग को सौंप दी जाए। निरीक्षण के बाद, प्रमुख सचिव ने पुलिस विभाग के निर्माण कार्यों की एक समीक्षा बैठक भी की, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



# बिना हेलमेट नहीं मिलेगा पेट्रोल, नो हेलमेट नो - फ्रयूल अभियान हुआ शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में दोपहिया वाहन चलाने वालों के लिए बड़ी खबर है। यूपी सरकार ने बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं देने का निर्देश दिया है। हेलमेट नहीं तो तेल नहीं' के इस नियम का कड़ाई से पालन करने का निर्देश पेट्रोल पंप संचालकों को दिया गया है।

उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने दोपहिया वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं और मौतों की घटनाओं में कमी लाने के प्रयास के तहत राज्य भर में यह नीति अपनाई है। इसी क्रम में हापुड़ ज़िलें में 1 अगस्त 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं मिलेगा। यह फैसला जिला प्रशासन ने सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया है। जिला पूर्ति अधिकारी सीमा बालियान ने बताया कि नए निर्देशों के अनुसार हापुड़ के सभी पेट्रोल पंपों को बिना बिना हेलमेट पहने दोपहिया चालकों को पेट्रोल न देने के आदेश दिए गए हैं। सभी पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें निर्देशित किया गया है कि वह नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान के बारे में पेट्रोल डलवाने के लिए पेट्रोल पंप पर आने वाले वाहन चालकों को जागरूक करें। उन्होंने बताया कि यह नियम 1 सितम्बर से 29 सितम्बर 2025 तक लागू रहेगा। इसका उल्लंघन करने वालों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 223 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान से अब ईंधन लेने के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य हो गया है। इसका मकसद दोपहिया चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का बेहतर तरीके से पालन करने के लिए प्रेरित करना है।



# विकास कार्यों की समीक्षा कर की जलभराव की समस्या पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर पालिका की बैठक में सोमवार को महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत एक दुखद घटना के संदर्भ में हुई, जहाँ नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने सभासद डा. राजेश कुमार के पिता श्री भगवान दास प्रजापति के निधन पर शोक व्यक्त किया। समस्त नगर पालिका परिवार ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की और दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की। इसके पश्चात, अध्यक्ष बंसल ने नगर के विकास कार्यों और जनकल्याण योजनाओं की समीक्षा के लिए एक बैठक आयोजित की।

इस बैठक में अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। मुख्य रूप से नगर में चल रहे जनकल्याणकारी कार्यों की प्रगति, योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और बारिश के दौरान होने वाले जलभराव की समस्या के समाधान पर विस्तृत चर्चा हुई। नगर पालिका अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए और सुनिश्चित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे हों। उन्होंने जलभराव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए इसके निवारण के लिए त्वरित और प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



# ऑपरेशन तलाश अभियान के अंतर्गत दो वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देश पर जिले में लगातार अपराधियों की धर पकड़ हेतु अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही न्यायालय से फरार चल रहे वारंटीयों की गिरफ्तारी को लेकर भी जिले की पुलिस अलर्ट दिखाई दे रही है। लगातार पुलिस द्वारा फरार वारंटीयों को गिरफ्तार का न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को थाना धौलाना पुलिस ने ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत दो वारन्टीयों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि थाना धौलाना पुलिस द्वारा उस्मान पुत्र निजामुद्दीन निवासी मोहल्ला अन्सारियान कस्बा व थाना धौलाना जनपद हापुड सम्बन्धित सीसी नं 76/14 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट और मोनू उर्फ मुनेश पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम बासतपुर थाना धौलाना जनपद हापुड सम्बन्धित सीसी नं. 205/23 धारा 506,323 भादवि से सम्बन्धित वारन्टी को उनके मस्कन से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।




## एक नजर

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोपी बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि 23 अगस्त 2025 को नाबालिग लड़की की मां द्वारा थाने पर शिकायती पत्र देते हुए बताया गया था कि पड़ोस में रहने वाले नाबालिग आरोपी ने उनकी नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर उसके साथ अवैध संबंध बनाएं और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दे डाली। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर संबंधित मामले में आरोपी के खिलफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया था और पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि सोमवार को पुलिस टीम ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोपी बाल अपचारी को उसके मस्कन से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए बाल अपचारी को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश कर बाल संप्रेक्षण गृह भेजा जा रहा है।

### गांजे की तस्करी करने वाले 3 दोषियों को 10 साल की सज़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गांजे की तस्करी करने के मामले में न्यायालय ने 3 आरोपियों को 10 साल की सजा सुनाते हुए एक-एक लाख रुपये कुल 3 लाख रुपये के अर्थदण्ड की सज़ा सुनाई है। पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अन्तर्गत आरोपियों को न्यूनतम समय में सजा दिलाए जाने के क्रम में हापुड़ पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन व मॉनीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए न्यायालय द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने के मामले में 3 आरोपियों को दण्डित कराया गया है।

अभियोजन विभाग से शासकीय अधिवक्ता आशीष कुमार ने बताया कि 13 नवम्बर 2020 को चैकिंग के दौरान आरोपी आसिफ पुत्र मोबीन, नौशाद पुत्र जमील निवासी मौहल्ला सिकन्दर गेट थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ और सरमान पुत्र फखरूद्दीन निवासी मौहल्ला श्यामनगर थाना लिसाड़ी गेट जनपद मेरठ के कब्जे से करीब 190 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ था जिसके सम्बन्ध में थाना सिम्भावली पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया था तथा 6 जनवरी 2021 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। उन्होंने बताया कि सोमवार को आरोपियों को न्यायालय एडीजे/एफटीसी द्वितीय हापुड़ द्वारा 10 साल की सज़ा व एक-एक लाख रुपये कुल 3 लाख रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। अभियोजन विभाग से शासकीय अधिवक्ता आशीष कुमार, विवेचक उप निरीक्षक योगेश कुमार, पैरोकार कांस्टेबल अनुज व कोर्ट मोहर्रिर हेड कांस्टेबल गौरव गौतम का विशेष योगदान रहा।

### पत्नी पर लगाया उत्पीड़न करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव लुहारी निवासी गुड्डू ने बताया कि उसकी शादी गढ़ क्षेत्र के गांव निवासी युवती से हुई। शादी के बाद से ही उसकी पत्नी का व्यवहार कुशलता पूर्वक नहीं रहा। आए दिन उसके परिवार के साथ पत्नी अभद्रता करने लगी। पीड़िता ने बताया कि पिछले दिनों पत्नी अपने मायके आ गई। जब वह उसको लेने के लिए गया तो पत्नी समेत उसके परिजन ने उसके साथ अभद्रता की। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें उल्लेख किया है कि उसकी 15 वर्षीय बेटी को गढ़ नगर में अपनी बहन के घर रह रहा गोहरा मुदाफरा थाना बाबूगढ़ क्षेत्र निवासी एक युवक बहला फुसलाकर ले गया। जिसकी काफी तलाश की, लेकिन बेटी का कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित पिता ने बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर नीरज कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। और आरोपी को गिर" तार कर जल्द ही किशोरी को बरामद कर लिया जाएगा।

# बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, लोग रहे परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** शहर में सोमवार की सुबह हुई मूसलाधार बारिश के कारण शहर के कई हिस्से जलमग्न हो गए। इस दौरान लोगों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना भी पड़ा।

सुबह से शुरू हुई इस बारिश ने सड़कों को तालाब में तब्दील कर दिया, जिससे लोगों के लिए घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया। शहर के प्रमुख इलाके गांधी बाजार, बजाज बाजार, आर्य नगर, न्यू आर्य नगर, भोलापुरी और साकेत क्षेत्रों में भारी जलभराव की स्थिति देखी गई। लोग जल भराव में अपने गंतव्य की ओर जाने के लिए मजबूर रहे। नालियों से पानी उफनकर सड़कों पर फैल गया, जिससे आवागमन बाधित हुआ और लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। व्यापारिक गतिविधियाँ भी प्रभावित हुई। गांधी बाजार और भोलापुरी जैसे व्यस्त इलाकों में दुक. ानदारों को अपनी दुकानें खोलने में देरी हुई, जिससे उनके दैनिक व्यवसाय पर विपरीत प्रभाव पड़ा। आवासीय क्षेत्रों में भी हालात बेहतर नहीं थे। घरों के अंदर और गलियों में जमा हुआ पानी बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से परेशानी का सबब बना हुआ है।

# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने खेल प्रतियोगिता में लहराया परचम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** डीआर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में जेएमएस वर्ल्ड स्कूल हापुड़ ने खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा सम्मानित होकर अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया। यह सम्मान 29 और 30 अगस्त को आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया गया।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित हॉकी टूर्नामेंट में जेएमएस वर्ल्ड स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मैच में एसए इंटरनेशनल स्कूल, निजामपुर को 3-1 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भी जेएमएस के छात्रों ने सबसे ज्यादा मेडल जीतकर चैंपियनशिप अपने नाम की। जिनमें सौम्या चौधरी ने 200m और 800m में दो गोल्ड मेडल, सिद्धि त्यागी ने लॉन्ग जंप में गोल्ड मेडल, अभी बाना ने लॉन्ग जंप में गोल्ड मेडल, यश तेवतिया ने शॉट पुट में गोल्ड मेडल, अमन बाना ने लॉन्ग जंप में सिल्वर मेडल।, शौर्य चौहान ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर जेएमएस वर्ल्ड स्कूल का नाम रोशन किया है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर हापुड़ की स्पोर्ट्स ऑफिसर अरुणा, जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंघल, प्रधानाचार्य डा. निधि मलिक, स्पोर्ट्स ऑफिसर दीपांशु गर्ग और खेल प्रशिक्षक गीता त्यागी मौजूद रहे। उन्होंने सभी छात्रों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# भक्तों ने की भगवान गणेश की आराधना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** श्री वैष्णो कॉलोनी में आयोजित नौ दिवसीय गणपति उत्सव के समापन पर सोमवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री खाटू श्याम संकीर्तन मंडल द्वारा भजन, कीर्तन एवं पूजा का आयोजन किया गया, जहाँ भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंच पर प्रसिद्ध भजन गायिका शिखा बंसल, रश्मि शर्मा सहित अन्य कलाकारों ने मनमोहक भजन प्रस्तुत किए, जिन पर भक्तों ने पूरे जोश के साथ नृत्य किया और भावविभोर होकर भगवान गणपति की स्तुति की। कॉलोनी में सजाए गए भव्य पंडाल में स्थापित गणपति प्रतिमा के दर्शन कर भक्तों ने आनंदित महसूस किया। उत्सव का समापन 4 सितंबर को भव्य शोभायात्रा के साथ गंगा नदी में प्रतिमा विसर्जन के साथ होगा। इस कार्यक्रम में अनु पूजा, नीलम, आशा, रीना, शालिनी, पद्मा, श्वेता, पिंकी, आदेश गुप्ता, मुन्नालाल, संजय बंसल, अकेला, सचिन गुप्ता और जीतू गुप्ता सहित क्षेत्र के सैकड़ों निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




# गृह क्लेश के चलते युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक ने गृह क्लेश के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन द्वारा उसको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने उसको मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत के बाद परिजन का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। परिजन ने बिना किसी कार्रवाई के उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार गांव निवासी युवक पिछले काफी दिनों से अवसाद में चल रहा था। इसको लेकर उसका परिवार में किसी न किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। रविवार की रात को भी युवक का विवाद हुआ तो वह अपने कमरे में जाकर सो गया। सुबह उसकी हालत बिगड़ी तो परिजन ने उसको स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी गंभीर दशा को देखकर मेरठ के लिए रेफर कर दिया। मेरठ के अस्पताल में उसको मृत घोषित कर दिया। युवक की जहर के सेवन से मौत होने की जानकारी चिकित्सक द्वारा परिजन को दी। युवक की मौत के बाद परिजन ने बिना किसी कार्रवाई के उसका अंतिम संस्कार कर दिया है।

## खेत में गोवंश के अवशेष मिलने के मामले में हुई रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव गंदू नगला के जंगल में 30 अगस्त को हुई गोकशी की घटना में अभी तक पुलिस किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ गोकशी की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव गंदूनगला निवासी हरीशचंद ने बताया कि उनका खेड़ा मार्ग पर गन्ने का खेत है। 30 अगस्त को वह अपनी पत्नी बाला के साथ फसल को बांधने के लिए गए थे। वहां उन्होंने देखा कि गोवंश के अवशेष पड़े हुए थे। उनको देखकर पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और अवशेष को कब्जे में लेकर सैंपल को लेब के लिए भेज सुरक्षित स्थान पर दबा दिए गए। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

# प्रेमी को पीटने पर दो पक्षों में पथराव

### पंचायत ने कराया था नाबालिग का निकाह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। प्रेमिका के नाबालिग होने के बाद भी पंचायत ने प्रेमी युगल का निकाह करा दिया गया था। सालभर पहले दोनों घर से भाग गए थे। प्रेमिका के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने प्रेमी का चालान कर दिया था। लंबे समय के बाद प्रेमी के घर लौटने पर दोनों परिवारों के बीच फिर से तनाव बन गया। मारपीट के दौरान जमकर पथराव चला। घटना में सात लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल मामला शांत कराया।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां रहने वाले एक युवक का प्रेम-प्रसंग गांव की ही निवासी एक किशोरी के साथ चल रहा था। डेढ़ साल पहले परिजनों ने दोनों को मिलते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया था। इसके बाद गांव में बैठी पंचायत ने प्रेमिका के नाबालिग होने के बाद भी उसका प्रेमी के साथ में निकाह करा दिया था। बालिग होने पर प्रेमिका की विदाई की बात तय हो गई थी लेकिन आठ महीना पहले दोनों घर से भाग गए थे। प्रेमिका के पिता ने प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर प्रेमी का चालान कर दिया। प्रेमी तो जमानत पर जेल से बाहर आ गया था, लेकिन प्रेमिका अभी तक नारी निकेतन में है। वहीं, जमानत पर छूटने के बाद प्रेमी मजदूरी करने के लिए पंजाब चला गया था। शनिवार को वह घर वापस लौटा था। जिसके गांव में आते ही दोनों परिवारों के बीच फिर से तनाव बन गया। रविवार को प्रेमिका के परिजनों ने प्रेमी को पीट दिया। इसके बाद दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। जमकर मारपीट हुई, एक-दूसरे पर पथराव किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल बीच बचाव कराया। घटना में प्रेमी समेत सात लोग घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने मामले में दोनों पक्ष के 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की बात कही।

■ **प्रेमिका अभी भी नारी निकेतन में रह रही।**

# इमाम हसन की शहादत पर निकाला अमारी का जुलूस

### शिया समुदाय का शोक खत्म, अजाखानों से उतारे काले अलम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। हजरत इमाम हसन असकरी की शहादत को याद करते हुए सोमवार को शहर में जुलूसे अमारी निकाला गया। मजलिस के बाद इमामबाड़ों से काले अलम उतार दिए गए। इसके साथ ही शिया समुदाय में जारी मोहर्रम का शोक भी खत्म हो गया।

रिवायत के मुताबिक जुलूस की शुरुआत शहर के मोहल्ला काजीजादा स्थित इमामबाड़ा चांदसूरज से हुई। सिब्ते सज्जाद व हमनवां ने मर्सिया ख्वानी की। धर्मगुरु ने फजाईल और मसाईब बयां किए। कहा कि हुकूमत ने इमाम हुसैन असकरी को जहर देकर शहीद कर दिया था। जुलूस में सबसे आगे ऊंट चल रहे थे, जिसके ऊपर आमारिया थी। इसके बाद अलम, तख्त और दुलदुल चल रहा था। जुलूस जब काजी गली स्थित इमामबाड़ा छज्जी पहुंचा तो मुदस्सिर अली खां और साथियों ने मर्सिया पढ़ा। यहां मौलाना डा.शहवार हुसैन ने मजलिस को खिताब किया। यहां से जुलूस नौबतखाना, सट्टी और हक्कानी से होते हुए इमामबाड़ा सज्जादियां पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान सभी इमामबाड़ो के काले अलम उतार दिए गए। शहर की मातमी अंजुमन असगरी, बनी हाशिम, रजा-ए-हुसैनी, गुलजारे हैदरी, सज्जादिया, मोहम्मदी, हुसैनी, सादात, इमामिया, अकबरी, हाशमी और मासूमिया ने मातम और नौहा ख्वानी की। जुलूस का संचालन अंजुमने रजाकाराने हुसैनी ने किया। काईद गुलाम सज्जाद और जनरल सेक्रेटरी खुर्शीद हैदर जैदी के अलावा इंमदाद आबिदी, डा.चंदन नकवी, हुसैन हैदर, शाने मेहदी, मोहम्मद गालिब, बाहर हैदर, मोहम्मद तकी खां, कमर रजा सलीम, शाने मुज्तबा, सैय्यद मुज्तबा, दायम रजा, जाफर रजा ने निगरानी की।

## अलविदा हुसैन की सदाओं के साथ उतारे अलम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। अलविदा हुसैन-अलविदा हुसैन की सदाओं के बीच शिया समुदाय में जारी शोक खत्म हो गया। काला तजिए का जुलूस निकलने के साथ ही इमामबाड़ों से काले अलम उतार दिए गए।

सोमवार को शहीद-ए-कर्बला का आखिरी जुलूस अंजुमन-ए-सोगवारने हुसैनी के संयोजन में बस्ती स्थित इमाम बारगाह दौलत शहीद से दोपहर में बरामद हुआ। यहां सबसे पहले मजलिस को खिताब करते हुए दिल्ली से आए मौलाना सज्जाद रब्बानी ने कर्बला में इमाम हुसैन व उनके कुनबे की कुर्बानियों पर रौशनी डालते हुए सच्चाई के रास्ते पर चलने की हिदायत दी। मजलिस के बाद काला ताजिया बरामद किया गया। जिसमें पीछे-पीछे चल रहे अकादार जार-ओ-कतार रोते हुए सीनाजनी करते हुए चल रहे थे। जुलूस मजहर-ए-कर्बला, फातिमा इंटर कॉलेज, हुसैनी चौक, कोतवाली नौगावां सादात होता हुआ शिया जामा मस्जिद पहुंचा। जहां इमाम-ए-जुमा मौलाना मसरुर अब्बास ने अपनी तकरीर में वाक्या कर्बला बयान किया। तयशुदा रास्तों से गुजरते हुए जुलूस देर शाम इमाम बारगाह दौलत शहीद पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान हैदर रजा, अली इमाम, अतहर अब्बास, हसन हैदर, मीसम अब्बास आदि मौजूद रहे।

### मुहर्रम का आखिरी जुलूस बरामद

**सैदनगली**। नगर मे 8 रबीउल अव्वल सोमवार को मुहर्रम का आखरी जुलूस चुपताजिया यानी जुलूसे अमारी बरामद हुआ। सर्वप्रथम इमामबारगाह दादे हिमायत अली मे मजलिस हुई जिसमे मर्सियाखुवानी मास्टर नईमुल हसन और हमनवा ने की। जबकि मजलिस को सफी मुक्तदा ने खिताब करते हुए कहा कि रसूल की औलाद का काफला कर्बला, कूफा व शाम की दर्दनाक मुसीबतें उठाने के बाद अपने वतन मदीना पुहंचा और सबसे पहले रसूल के रौजे पर जाकर हाजिरी दी। मजलिस के बाद मुहम्मद अब्बास के मकान से जुलूसे अमारी बरामद हुआ जिसमे ऊंटों पर अमारियाँ ,जुलजनाह, अलम शामिल थे। जुलूस तयशुदा रास्तों से होता हुआ अपने मकाम पर जाकर खत्म हुआ। जुलूस के दौरान बिहार से तशरीफ लाए मौलाना वफा हैदर ने तकरीर की, सवारी अरीब हैदर, सफदर अली, मिसाल अब्बास आदि ने पढ़ी और नोहे मुहम्मद अब्बास, मुहम्मद हैदर आदि ने पढ़े।

# 25 हजार 344 अभ्यर्थी देंगे पीईटी परीक्षा

### जिले में 6 व 7 सितम्बर को आयोजित होगी परीक्षा, डीएम ने ली तैयारियों संबंधी बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि पीईटी परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करायी जायेगी। परीक्षा के लिए 14 केन्द्रों का निर्धारण किया गया है जिन पर 25 हजार 344 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

6 व 7 सितम्बर को जिले में 14 केन्द्रों पर पीईटी परीक्षा सम्पन्न करायी जायेगी। जिसके लिए 14 केन्द्र बनाये गये हैं। जिले में 25 हजार 344 अभ्यर्थी शामिल होंगे। पहली पाली में 6 हजार 336 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। आज कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने सैक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक व संबंधित अधिकारियों की बैठक ली तथा निर्देश दिये कि परीक्षा का दायित्व निष्पक्ष रूप से निभायें। संवेदनशीलता, सुचिता एवं पारदर्शिता बरती जाये। शांति व्यवस्था भंग न होने पाये। परीक्षा के दिन बड़ी संख्या में परीक्षार्थी जिले में प्रवेश करेंगे, उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। महिला अभ्यर्थियों के लिए विशेष प्रबंध किये जायें। सैक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करें। सीसीटीवी, विद्युत व्यवस्था, साफ सफाई, पेयजल आदि का उचित प्रबंध करें। एएसपी अखिलेश भदौरिया ने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध करेगी। परीक्षा दो पालियों में 10 से 12 व दोपहर 3 से 5 बजे तक सम्पन्न करायी जायेगी। इस मौके पर वरिष्ठ कोषाधिकारी अशोक राव गौतम, पीडी डीआरडीए अमरीश कुमार आदि मौजूद रहे।

### इन केन्द्रों पर होगी परीक्षा

**अमरोहा**। पीईटी परीक्षा के लिए जिले में 14 केन्द्र बनाये गये हैं। जिनमें एएसएम माडन एकेडमी खाता, एकेके इंटर कालेज, भगवत सरन इंटर कालेज, दिल्ली पब्लिक स्कूल अतरासी, जीजीआईसी, जीआईसी, हिल्टन कान्वेंट, आई एम इंटर कालेज, जेएस हिन्दू इंटर कालेज, जेएस डिग्री कालेज, कुंदन माडल इंटर कालेज, एलएसए, सिख इंटर कालेज नारंगपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।




■ अमरोहा। कलेक्ट्रेट में पीईटी परीक्षा की तैयारियों संबंधी बैठक लेतीं डीएम निधि गुप्ता।

## पूरी ताकत से लड़ेंगे पंचायत चुनाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार एडवोकेट ने कहा कि पार्टी जिला पंचायत का चुनाव पूरी ताकत से लड़ेगी। आज हर वर्ग का रूझान पार्टी की तरफ है। प्रेस को जारी नोट में जिलाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि जो भी कार्यकर्ता जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ना चाहता है वह अपने वार्ड में दो-दो हजार सदस्य बनाये। उन्होंने कहा कि हर समाज का रूझान अब आजाद समाज पार्टी की तरफ है। पंचायत चुनाव पूरी ताकत से लड़ा जायेगा।

# जुलूस में अड़ंगा न डाले प्रशासनः महबूब

### अनुमति न दिए जाने पर जताई नाराजगी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने जुलूसे मौहम्मदी की अभी तक प्रशासन द्वारा अनुमति न दिये जाने पर नाराजगी व्यक्त की।

आज आजाद रोड स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि उन्हें कुछ समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली है कि पिछले 65 सालों से निकलने वाले जुलूसे मौहम्मदी पर इस बार प्रशासन ने रोक लगा दी है। अमरोहा अमन, चैन, शांति व भाईचारे का पैगाम देने वाला शहर है। मुस्लिम कमेटी के नेतृत्व में जुलूसे मौहम्मदी निकाला जाता है। उन्होंने प्रशासन से जुलूसे मौहम्मद निकालने की अनुमति तत्काल देने की मांग की। जुलूस की अनुमति के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को मुस्लिम कमेटी द्वार तमाम प्रपत्र मुहैया करा दिये गये हैं। उन्होने कहा कि जुलूसे मौहम्मदी शांतिपूर्ण तरीके से हर हाल में निकाला जायेगा। इसमें प्रशासन को किसी तरह का अड़ंगा नहीं डालना चाहिए।

# क्राप सर्वे में न लगाई जाए पंचायत सहायकों की ड्यूटी

### कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पंचायत सहायकों ने कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंप क्राप सर्वे से ड्यूटी हटाए जाने व उच्च गुणवत्ता के मोबाइल फोन उपलब्ध कराये जाने की मांग की।

सोमवार को पंचायत सहायक कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होने कहा कि उनकी ड्यूटी क्राप सर्वे से हटायी जाये। लोकेशन बीस मीटर से बढ़ाकर 150 मीटर की जाये। उच्च गुणवत्ता के मोबाइल फोन उपलब्ध कराये जायें ताकि उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत न हो। यदि खेतों में सर्वे कराया जाता है तो दुर्घटना होने पर कम से कम दस लाख रूपये की आर्थिक सहायता दी जाये। यदि उनसे दूसरे विभागों का कार्य लिया जाता है तो सहयोग के तौर पर सचिवालय में रहकर कराया जाये न कि खेतों में घुमाकर। उन्होंने कहा कि पंचायत से जुड़े 29 विभागों की सूचनाओं के कारण वह काफी व्यस्त रहते हैं इसलिए उन पर काम का बोझ कम डाला जाये। ज्ञापन सौंपने वालों में शाहरूख चौधरी, जिलाध्यक्ष कृपाल सिंह, अजय कुमार, सुरेन्द्र सिंह, राजबाला, प्रियंका, रोहित चौधरी आदि मौजूद रहे।

# पहली शादी छिपाकर की दूसरी शादी

### विवाहिता ने रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। विवाहिता ने पति पर पहली शादी छिपाकर दूसरी शादी करने का आरोप लगाया है। विवाहिता ने जब इसका विरोध किया तो उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। मामले में पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां रहने वाले एक व्यक्ति की बेटी के पति की आठ महीना पहले मृत्यु हो गई थी। करीब दो महीना पहले परिजनों ने उसकी शादी पास के ही एक गांव निवासी युवक के साथ कर दी थी। आरोप है कि महिला की जिस युवक के साथ दूसरी शादी की गई है वह पहले से शादीशुदा था। उसके पांच बच्चे भी हैं।लेकिन उसने अपनी पहली शादी का जिक्र नहीं किया। ससुराल जाने के बाद विवाहिता को जब इसकी जानकारी हुई कि उसका पति पहले से शादीशुदा है तो उसने विरोध करना शुरू कर दिया। जिसे लेकर घर में विवाद रहने लगा। आरोप है कि पति व देवर उसके साथ मारपीट करने लगे। रविवार शाम पति व देवर ने मारपीट कर विवाहिता को घर से निकाल दिया। पीड़िता ने मायके जाकर परिजनों को जानकारी दी। बाद में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कोतवाली में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कही।

# बुलैरो सवार युवकों ने की फायरिंग, दहशत

### किसान ने रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बोलेरो सवार युवकों ने गांव में जमकर हंगामा काटा। विरोध करने पर किसान के घर पर चढ़ाई कर दी। दरवाजा तोड़ते हुए पथराव किया। आरोप है कि फायरिंग कर दहशत फैला दी। गांव में जाग होने पर हमलवार जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। 31 अगस्त की रात की घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव जग्गा नंगला की है। यहां पर रहने वाले किसान सीटू पंवार ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि रात में करीब डेढ़ बजे जब वह शोर सुनकर घर से बाहर निकले तो बाहर खड़े कुछ युवक हंगामा कर रहे थे। आरोप है कि सभी नशे में धुत थे। सीटू पंवार ने जब इसका विरोध किया तो युवकों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। घर पर चढ़ाई करने के इरादे से दरवाजा तोड़ दिया, पत्थरबाजी करने लगे। शोर सुनकर गांव में जाग हो गई, लोग घरों से बाहर निकल आए। उसी दौरान एक युवक ने तमंचा निकालकर सीटू पंवार पर फायर झोंक दिया। गनीमत रही कि गोली शरीर से सटकर गुजर गई। आरोप है कि युवकों ने फोन कर अपने साथियों को भी बुला लिया तथा बाद में बोलेरो में सवार होकर हूटर बजाते हुए भाग गए। पीड़ित ने छह नामजद आरोपियों के अलावा अज्ञात के खिलाफ तहरीर दे दी है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मुकदमा दर्ज कर जल्दी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### गतिरोध खत्म, काम पर लौटे अधिवक्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। एक सप्ताह से अधिक समय से चली आ रही बार एसोसिएशन की हड़ताल आखिरकार सोमवार को समाप्त हो गई। अधिवक्ताओं की मांगों और नाराजगी को लेकर चल रहे गतिरोध का समाधान उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव के साथ हुई सकारात्मक वार्ता से निकल सका। वार्ता में सभी बिंदुओं पर चर्चा करते हुए एसडीएम ने अधिवक्ताओं को ठोस और स्पष्ट आश्वासन दिया, जिसके बाद अधिवक्ताओं ने अपनी सांकेतिक हड़ताल खत्म करने का फैसला लिया और न्यायिक कार्यों में लौट आए।

# 50 लाख रुपये नौ प्रतिशत ब्याज से अदा करें

### उपभोक्ता फोरम का बीमा कम्पनी को आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बीमा कंपनी ने क्लेम का भुगतान करने से इनकार कर दिया। सुनवाई के दौरान न्यायालय स्थाई लोक अदालत में बीमा कंपनी को क्लेम के 50 लाख रुपये नौ प्रतिशत ब्याज समेत अदा करने का आदेश दिया है। इतना ही नहीं शारीरिक, मानसिक क्षतिपूर्ति के अलावा वाद व्यय के खर्च के रूप में एक लाख रुपये अलग से देने होंगे। धनराशि का भुगतान करने के लिए बीमा कंपनी को दो महीने की मोहलत दी है।

गजरौला थाना क्षेत्र के गांव फौंदापुर निवासी किसान श्योराज सिंह ने अपनी पत्नी अंजू चौहान के नाम से जीवन बीमा के तहत 50 लाख की पॉलिसी ली थी। श्योराज सिंह खुद इस पॉलिसी में नॉमिनी बने थे। पॉलिसी 28 फरवरी 2022 को जारी की गई, जिसका प्रीमियम अंजू चौहान के खाते से जमा होता था। अप्रैल 2022 को अचानक अंजू चौहान की तबियत बिगड़ गई। मेरठ के एक ट्रामा सेंटर में उनका इलाज चला लेकिन आखिर में अंजू चौहान को बचाया नहीं जा सका। पत्नी की मृत्यु के बाद श्योराज सिंह ने क्लेम के लिए बीमा कंपनी में आवेदन किया। जरूरी सभी दस्तावेज उन्होंने वेबसाइट पर अपलोड करा दिए गए।औपचारिकताएं पूरी होने के बाद कंपनी ने 26 जुलाई 2021 को आरटीजीएस के माध्यम से 4763 रुपये 25 पैसे श्योराज सिंह के खाते में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद श्योराज सिंह ने बाकी 49.95 लाख रुपये के लिए बीमा कंपनी से संपर्क किया तो उन्होंने भुगतान करने से मना कर दिया। बाद में श्योराज सिंह ने बीमा कंपनी के अधिकारियों से बात की तो उन्होंने भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उत्पीड़न से तंग होकर शिवराज सिंह ने स्थाई लोक अदालत की शरण ली थी। अध्यक्ष ओमवीर सिंह, सदस्य मोहम्मद मतीन और सिराज अहमद ने सुनवाई के दौरान बीमा कंपनी की ओर से रखे गए तर्क खारिज कर दिए। क्लेम की धनराशि 49,55,236 रुपये का भुगतान याचिका दायर करने की तिथि से नौ प्रतिशत ब्याज समेत देने का आदेश दिया।

# कार की टक्कर से टैम्पो सवार मजदूर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कोतवाली क्षेत्र में गजरौला मार्ग पर मनौटा गांव के नजदीक सवारी भरकर गजरौला जा रहे टेंपो को सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने जोरदार साइड मार दी। जिसमें जनपद संभल के थाना नखासा निवासी 35 वर्षीय कमल सैनी पुत्र कंछिद गंभीर रूप से घायल हो गया। वही टेंपो भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों द्वारा उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान 35 वर्षीय कमल सिंह की मौत हो गई। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव जब गांव पहुंचा तो परिवार के लोगों में चीख पुकार मच गई। परिजनों ने बताया कि मृतक मजदूरी करने के लिए जा रहा था। वह अपने पीछे पत्नी बबीता समेत तीन मासूम बेटियों राधिका मनी और श्री को रोते बिलखते छोड़ गया है। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जायेगी।

# नंद के घर आनन्द भयो, जय कन्हैया लाल की...

### धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। आनंद धाम आश्रम में स्वामी हीरानंद महाराज की पुण्यतिथि पर चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस का आयोजन सोमवार को भक्तिमय माहौल में हुआ। कथा वाचक सौरभ कौशिक महाराज ने भक्त ध्रुव की तपस्या और भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया।

कथा के दौरान जैसे ही श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग आया, पूरा पंडाल नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की'' के जयकारों से गूंज उठा। ढोल-नगाड़ों और शंख-घंटी की ध्वनि ने वातावरण को और अधिक पावन बना दिया। भक्तों ने झूमते हुए भक्ति गीत गाए और बाल गोपाल के झूले को सजाकर बड़े हर्षोल्लास से झुलाया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने स्वामी हीरा नंद महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनका जीवन समाज को धर्म और आध्यात्मिकता की ओर प्रेरित करने वाला रहा है। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे जिनमें अनूप अग्रवाल, राखी, सिम्मी, सुधा शर्मा, राकेश अग्रवाल, सुमन, सर्वेश, कमलेश, पुष्पेंद्र, संजीव, दीपक शर्मा, संतोष, आशु, सोनू, अशोक, के.पी. यादव, बिनोद, हरिओम, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, रजनी अग्रवाल, विजय अग्रवाल प्रमुख रहे। भक्ति और उल्लास से ओतप्रोत यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय बन गया।



# उत्तम सत्य दिवस पर गूंजे भक्ति और सत्य के स्वर

**■ दशलक्षण पर्व के पांचवें दिन मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, प्रवचनों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जैन समाज का महापर्व दशलक्षण पर्व नगर में पूरे हर्ष और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। सोमवार को पर्व का पांचवा दिन उत्तम सत्य दिवस के रूप में बड़ी श्रद्धा और भक्ति से संपन्न हुआ। दिनभर श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर फूटा महल एवं श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर शौकत अली रोड पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

सुबह से ही भक्तों ने भगवान की पूजा-अर्चना कर आत्मशुद्धि एवं आंतरिक पवित्रता का संकल्प लिया। शाम को आयोजित धर्मसभा में इंदौर और मथुरा से आए विद्वानों ने धर्मप्रेमियों को संबोधित किया। ब्रह्मचारिणी बबीता दीदी एवं ब्रह्मचा. रिणी प्रज्ञा दीदी (इंदौर) ने कहा कि सत्य केवल वाणी का आभूषण नहीं, बल्कि आत्मा की पहचान है। सत्य के मार्ग पर चलने वाला जीवन में सरलता और निष्कलंकता प्राप्त करता है। असत्य से दुख मिलता है, जबकि सत्य आत्मा को शांति और आनंद प्रदान करता है। शास्त्री अंकित जैन (मथुरा) ने अपने प्रवचन में कहा कि सत्य धर्म की नींव है। यदि सत्य न हो तो धर्म का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा।



परिस्थिति चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हो, हमें सत्य का पालन करना चाहिए। असत्य क्षणिक लाभ देता है, जबकि सत्य ही आत्मा के उत्थान और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करता है। प्रवचनों के उपरांत मंदिरों में आरती का आयोजन हुआ।

दीपों की लौ और भजनों की गूंज से वातावरण भक्ति-रस में सराबोर हो गया। इसके बाद बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

नृत्य, भजन और धार्मिक गीतों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी को प्रभावित किया और सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

इस प्रकार दशलक्षण पर्व का पांचवां दिन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। मंदिरों का वातावरण पूरे दिन भक्ति-भाव, आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा।

# जिम संचालकों के खिलाफ एसपी को सौंपा पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** हाल ही में सोशल नेटवर्किंग के द्वारा पता चला की कुछ जिम संच. ालक सभी नियम को ताक पर रख कर मनमानी कर रहे है और जितना दोषी यह है उतने वो लोग भी जो वहाँ आकर उनको सपोर्ट करते है।
जिम संचालकों को यह बात पर ध्यान देना चाहिए की यदि जिम में लड़कियाँ है तो उनके लिए लेडी टेनर जरूरी है और लड़कियां जिम कर रही है तो उनकी वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर नहीं डालना चाहिए।

जिम की आड़ में रामपुर में झंगुर बाबा और लव जिहाद की जड़े पनपने लगे उससे पहले ही प्रशासन को अवगत करना उचित है और इसी के लिये राष्ट्रीय हिंदू जागृति संघ की प्रदेश अध्यक्ष एवं श्री चित्रगुप्त पीठ की जिला प्रमुख की अध्यक्षता में इक डेलीगेशन एडीएम जंग बहादुर यादव



और पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्रा से मिलेने पहुंचा और उनको ज्ञापन के माध्यम से अवगत करया। और कहां जिम संचालकों को बुलाकर उनको सख्ती से अवगत करवाया जाये ताकि रामपुर का माहौल खराब नहीं हो।

हमारी संस्कृति को ठेस न पहुँचे। इस डेलीगेशन में प्रदेश अध्यक्ष कंचन सक्सेना, जिला अध्यक्ष संजय शर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गीता अरोड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगीता अग्रवाल, पश्चिम क्षेत्र उपाध्यक्ष वेद आहूजा, नगर मंत्री रेनू सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष जया गुप्ता, दुर्गा वाहिनी की शुभागी, मारवा समाज सेवी वीना अग्रवाल जी उपस्थित रही।

# सैफनी पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर शांतिभंग में किया चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** पुलिस द्वारा 01अभियुक्त राजाबाबू पुत्र बलवन्त सिंह नि.मौ. जाटवान कस्बा व थाना सैफनी जनपद रामपुर उम्र 26 वर्ष को मौ.भूड़ा गेट पर मकान के कब्जे को लेकर लेकर आमदा फसाद कर रहा था। शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस में पुलिस ने अपनी हिरासत में लेकर उसके उपरांत आवश्यक विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त उपरोक्त को मा. न्यायालय एसडीएम शाहबाद जनपद रामपुर महोदय के समक्ष तहसील शाहबाद पेशी हेतु भेजा गया।

# एचटी लाइन में ब्रेकडाउन होने से मसवासी नगर समेत 32 गांव की बिजली आपूर्ति 12 घंटे रही बाधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** मामूली बूंदाबांदी और तेज हवा के बीच हाई टेंशन लाइन में हुए ब्रेकडाउन से मसवासी नगर समेत 32 गांव की बिजली आपूर्ति 12 घंटे बाधित रही जिससे क्षेत्र वासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा है नगर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ब्रेकडाउन दूर करने के पश्चात सुचारू हो सकी है। सोमवार को तेज हवा और बारिश के बीच टांडा से दड़ियाल होकर मसवासी पहुंच रही 33 हजार केवी लाइन पर पेड़ टूट कर गिर गए जिसकी वजह से ब्रेकडाउन हो गया जिससे मसवासी नगर समेत आसपास के गांव चाऊपुरा, भूवरा,



बिजारखाता, मोतीपुरा, खोद रहमतग. ंज, करीमपुर, सीतारामपुर, अलीगंज, कुंदनपुर, पट्टी कला घोसीपुरा, शेखूपुर सेमरा लाडपुर, की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली आपूर्ति बाधित होने से नगर सहित क्षेत्र को लोगो को बिजली किल्लत का सामना करना पड़ा। क्षेत्र वासियों का आरोप है की मामूली हवा चलने से पेड़ों की टहनियों एचटी लाइन से टकरा जाती है जिससे लाइन में ब्रेकडाउन हो जाता है और बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। सोमवार को तेज हवा व बारिश के कारण एच टी लाइन पर पेड टूट कर गिर गए जिसकी वजह से पुरा दिन विद्युत अपूर्ति चौपट होकर रह गई बिजली कर्मियों ने पेट्रोलिंग कर ब्रेकडाउन को दूर किया तब कहीं जाकर बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी।वही अवर अभियन्ता मोहन लाल ने बताया कि एचटी लाइन का ब्रेकडाउन दूर कर बिजली आपूर्ति चालू करने का प्रयास किया जा रहा है।

# सैफनी पुलिस ने एक वारंटियर को गिरफ्तार कर रामपुर न्यायालय भेजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन कराये जाने के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी शाहबाद के कुशल नेतृत्व में सोमवार को न्यायालय द्वारा जारी एनबीडब्लू वारंटी मलखान उर्फ पाजी पुत्र अजब सिंह नि.ग्राम जटपुरा थाना सैफनी जनपद रामपुर सम्बन्धित के केस नं. 169/07, अपराध सं.- 772/06 धारा 60/62 Ex Act में गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय जनपद रामपुर भेजा जिसमें गिरफ्तार करने वाली टीम में उप.नि. धुरेंदर सिंह, कांस्टेबल नीरज कुमार मौजूद रहे।

# एक्सीडेंट में हुई युवक की मौत, तीन अन्य घायल, घर में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी/रामपुर।** नगर क्षेत्र के अंतर्गत छितौनी गांव निवासी मोहम्मद अली उम्र 22 वर्ष की रविवार देर शाम सड़क हादसे में मौत हो गई। यह हादसा शाहबाद-बिलारी मार्ग पर ग्वारखेड़ा गांव के पास हुआ, जहाँ दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में मोहम्मद अली और समीर सहित तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, मोहम्मद अली अपने भाई समीर के साथ बिलारी से खरीदारी करके घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत घटनास्थल पर



पहुंची और सभी घायलों को बिलारी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। मोहम्मद अली की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहाँ इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।घ्दो साल बाद घर लौटा था मोहम्मद अली घ्मोहम्मद अली हैदराबाद में हेयर कटिंग सैलून में काम करते थे और दो साल बाद एक हफ्ते पहले ही घर लौटे थे। उनके परिजनों ने बताया कि वह अपने भाई समीर के साथ बिलारी से खरीदारी करने गए थे। जैसे ही उनके परिवार को हादसे की खबर मिली, उनमें को. हराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन घटनास्थल की तरफ दौड़े। जवान बेटे का शव देखकर माँ और बहन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गाँव में शोक का माहौल है। घ्पुलिस ने मोहम्मद अली के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और मामले की जाँच कर रही है। जांच होने के उपरांत आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# महिला ने पति समेत नौ लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकद्दमा कराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**टांडा/रामपुर।** क्षेत्र की महिला ने पति समेत नौ लोगों पर दहेज उत्पीड़न और हत्या के प्रयास का आरोप लगाया, मुकदमा दर्ज। नगर के थाना टांडा क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर ईश्वरपुर में विवाहिता ने दहेज उत्पीड़न, मारपीट, शारीरिक शोषण और हत्या के प्रयास का गंभीर आरोप लगाते हुए पति सहित नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। एफआईआर एसपी के आदेश पर दर्ज की गई है। रामपुर निवासी पीड़िता का कहना है कि उसका विवाह दिसंबर 2020 में भूप सिंह के साथ हुआ था। मायके पक्ष द्वारा हैसियत के अनुसार दहेज देने के बावजूद पति भूप सिंह, जेठ और देवर लगातार असंतोष जताते रहे तथा चारपहिया वाहन व पांच लाख रुपये की मांग करते रहे। मांग पूरी न होने पर उसे प्रताड़ित किया जाता था। पीड़िता ने बताया कि विवाह के बाद उसने एक पुत्री को जन्म दिया, जिसके बाद उत्पीड़न और बढ़ गया। आरोप है कि देवर के विवाह के बाद देवरानी व जेठानी भी उसे ताने देने लगीं और उत्पीड़न में शामिल हो गईं। महिला का कहना है कि 30 अगस्त की सुबह करीब 11 बजे दहेज को लेकर उसके साथ मारपीट की गई। दोपहर में पति उसे जबरन कोसी नदी पर ले गया और धक्का दे दिया। खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने किसी तरह उसकी जान बचाई। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष के लोग उसके जेवर व दस हजार रुपये छीन लिए। वहीं, जेठ और देवर उस पर गलत नजर रखते हैं और कई बार अश्लील हरकतें कर चुके हैं।
महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति, जेठ, देवर, जेठानी, देवरानी समेत कुल नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

# नगर पंचायत नरपत नगर में भूमि पूजन के बाद पुलिस चौकी का निर्माण कार्य शुरू, खड़े किए पिलर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के दिशा निर्देश पर नगर पंचायत नरपतनगर में पुलिस चौकी का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। पुलिस चौकी के निर्माण के लिए पिलर खड़े कर दिए गए हैं। पिछले दिनों नगर पंचायत नरपत नगर में पुलिस चौकी के निर्माण के लिए घोषणा की गई थी। पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र मसवासी पुलिस चौकी से उप निरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा को नवनियुक्त पुलिस चौकी का प्रभारी भी बना दिया है। चौकी प्रभारी मनोज कुमार मिश्रा ने जन सहयोग से अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे



के दिशा निर्देश में भूमि पूजन के बाद स्वार बाजपुर मार्ग के किनारे पुलिस चौकी के निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस पुलिस चौकी में बूढ़ी दढ़ियाल, जमिनगंज, दूंदावाला, पीपलसाना, नरपत नगर, मोतीपुरा, खोद, गागन नगली समेत एक दर्जन गांव शामिल किए गए हैं। इन गांवों के लोग पहले रिपोर्ट दर्ज करने के लिए स्वार कोतवाली जाते थे।

# बारिश में पालिका टीम ने जलभराव का लिया जायजा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** नहर में सोमवार सुबह से दोपहर तक हुई मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया।हालांकि लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की।लेकिन लगातार बारिश के चलते नगर के मोहल्ला बरगद,भब्बलपुरी,पड़ाव,पुराना बाजार और हाजीपुरा में जलभराव हो गया। पालिका टीम ने नगर में जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। पालिका के अवर अभियंता अभिनेश तिवारी, वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी और लेखा लिपिक शुभम भारती ने नगर के नालों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नालों में बरसात के पानी की निकासी की स्थिति का जायजा लिया। अवर अभियंता अभिनेश तिवारी ने नालों की सफाई और पानी की निकासी की स्थिति का निरीक्षण किया और सम्बन्धितओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर पानी की निकासी की व्यवस्था कराई।

# राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की पंचायत में शामिल हुए रामपुर के सैकड़ों किसान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रविवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की एक बैठक गजरौला इंटर कॉलेज में हुई। जिसमें रामपुर जिला अध्यक्ष संजोर अली पाशा पूरे दलबल के साथ गजरौला पहुंचकर पंचायत में शामिल हुए। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष बी एम सिंह और एडवोकेट महमूद प्राचा से मुलाकात की।

संगठन के सभी साथियों को भी मिलवाया बी एम सिंह को किसानों को आ रही परेशानियां के बारे में अवगत कराया। समय रहते जो जरूरी समस्याएं हैं रामपुर जिले की वह उनको बताएं और उन्होंने उत्तर देते हुए समझाया की हम सबको



अपनी लड़ाई अपने संगठन के माध्यम से खुद ही लड़ना होगी।
किसान का उत्पीड़न लंबे समय से हर प्रदेश व जिला मंडल में हो रहा है जिसकी समस्याएं आए दिन हमें मिलती रहती हैं। हम सभी शिकायतों को लिखित में सरकार को भेजेंगे समय रहते समाधान भी कराएंगे। रामपुर जिला अध्यक्ष संजोर अली पाशा ने अगवत करते हुए समस्याओं को लेटर पैड पर देने की बात की। जहां पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मंडल अध्यक्ष जिला अध्यक्ष संभल जिला अध्यक्ष बिजनौर जिला अध्यक्ष अमरोहा जिला अध्यक्ष गजरौला जिला अध्यक्ष मेरठ जिला अध्यक्ष हापुड़ बहुत से जिलों के जिला अध्यक्ष मौजूद रहे।

साथ में रामपुर से जाने वालों के नाम नासिर मियां, मोहम्मद जाहिद, दर्शन लाल मोर्या, प्रधान मास्टर मंगल सिंह, ज्ञान मौर्य, सुमेरी लाल, बृजलाल, जगदीश सागर, नरा. ेत्तम, हनीफ खां, जुल्फिकार, भूपेंद्र मौर्य, जफर खां, शारिक खां , जावेद खान, असलम खान, अयूब खां, फुरकान खां , सफरुद्दीन मंसूरी, कमरुद्दीन मियां आदि लोग मौजूद रहे।

# लगातार दो दिन से हो रही बारिश के कारण कच्चे मकान की छत भर भराकर गिरी, हजारों का नुकसान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी/रामपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भजनपुर निवासी जलीस पुत्र शफी अहमद 35 वर्ष सोमवार की सुबह लगभग 7 बजे घर के बने दल्लान में अपने बेटे मोहम्मद शान 4 वर्ष व बेटी रिदानूर 7 वर्षीय के साथ बैठा हुआ था।

जलीस की पत्नी परवीन जहां अंदर घर में वर्तन व कपड़ों को सम्भाल कर रख रही थी। लगातार दो दिन से हो रही बारिश के कारण अचानक बने कच्चे मकान की छत व दीवार भर भराकर गिर गई तथा छत गिरने से बर्तन, कपड़े, अनाज, संदूक



आदि दब गया। गरीब का काफी नुकसान हुआ है। जिसमें जलीस की पत्नी परवीन जहां उसमें दब गई जलीस ने अपनी पत्नी को बचाने के लिए शोर मचाया शोर सुनकर आस पास के लोगों ने आकर देखा तो तुरंत आनन-फानन में मकान की छत के नीचे दबी परवीन जहां को बड़ी भारी मशक्कत कर बाहर निकाला। देखा कि परवीन जहां बेहोशी हालत में थी जल्द ही एकत्र लोगों ने क्षेत्र पंचायत सदस्य मेहर अली व ग्राम प्रधान साबिर हुसैन को सूचना दी। सूचना पाकर सूचना पाकर मौके पर पहुंचे क्षेत्र पंचायत सदस्य मेहर अली ने थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा व एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा अपनी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचकर पूछताछ कर जानकारी ली। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि तत्काल ही उच्चाधिकारी गणों को मोबाइल फोन द्वारा सूचना दे दी गई है। एंबुलेंस भी मौके पर पहुंच गई थी जल्द ही बेहोश पड़ी परवीन जहां को एंबुलेंस से उपचार हेतु सी एच सी केंद्र शाहाबाद भेजा और कहा कि शांति व्यवस्था संबंधित कोई समस्या नहीं है तथा उपरोक्त को निहायत गरीब बताया जा रहा है। वह मेहनत मजदूरी कर अपने बच्चों का भरण पोषण कर रहा था फिलहाल मेहर अली व प्रधान ने पड़ोस में बने मकान में रहने की जगह दे दी है।

# मसवासी नगर क्षेत्र में दिनभर हुई जबरदस्त बारिश से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

**■ गुदडी मेला भी हुआ जल मगन, दुकानदारों का हुआ बुरा हाल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** मसवासी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में तेज हवाओं के बीच भारी बारिश होने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। नगर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई है जिससे क्षेत्र वासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा वहीं भारी बारिश से नगर में लगा गुदडी मेला भी जल भराव का शिकार हो गया है।

सोमवार को सुबह से ही तेज हवाओं के बीच बारिश शुरू हो गई जो देर शाम तक रुक रुक कर होती रही तेज हवाओं के चलते और बारिश से जहां लोगों को गर्मी से निजात



मिली है वही क्षेत्र की बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई जिससे क्षेत्रवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा भारी बारिश से फैसले भी जलमगन हो गई है गांव के गलियारों से लेकर खलिहान तक जल भराव की स्थिति पैदा हो गई है। नगर में चल रहा गुदडी मेला भी भारी बारिश के कारण जल भराव का शिकार हो गया है झूले समेत बच्चों के अन्य मनोरंजन साधन भी जल भराव का शिकार हो गए।

# मूसलाधार बारिश में ग्राउन्ड जीरो पर उतरे राज्यमंत्री संग जिलाधिकारी



**पीलीभीत।** बीते तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते पूरा शहर जलमग्न हो गया। जल निकासी न होने से गुस्साये लोगो ने डिग्री कालेज रोड पर ओम लॉन के पास जाम लगा दिया।

शहर में जल निकासी की जटिल समस्या को देखते हुए गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार सोमवार को ग्राउन्ड जीरो पर उतरे जहां उन्होने जिलाधिक.ारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर बुलाकर जल निकासी न होने की स्थिति दिखाई और इस पर गहरी नाराजगी जाहिर की। सड़कों पर कई कई फुट पानी भरा होने के दौरान ही राज्यमंत्री संजय गंगवार एवं जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह सहित सभी अधिकारियों ने मौका मुआयना किया। इस दौरान राज्यमंत्री संजय गंग.वार ने जल निकासी न होने पर और जनता को हो रही परेशानी पर नाराजगी जताते हुए कहा की नालो के चोक होने और उनकी कनेक्टीविटी नही होने के कारण जल निक.ासी हो पा रही जिसका खामियाजा शहर वासियों को भुगतना पड़ रहा है। राज्यमंत्री संजय गंगवार ने इसके लिए जिम्मेदार लोगो के खिलाफ जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होनें कहा की अभी बाढ़ की स्थिति नही है लेकिन शहर में हालात बाढ़ जैसे हो गये जहां से लोगो का आवागमन और दिनचर्या अत्यन्त कठिन हो गई है इसके लिए जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और प्रभावी कार्यवाही भी होनी चाहिए। ओम लॉन के समीप गुस्साये लोगो को शान्त करते हुए राज्यमंत्री संजय गंगवार ने कहा की चोक नलों को खुलवाये जाने की कार्यवाही जेसीवी लगाकर की जायेगी उन्होनें खुद मौके पर जाकर चोक नालों की सफाई अपने सामने खड़े होकर करवाई और लोगो को आश्वस्त किया की जनता की हर परेशानी को दूर किये जाने के शीघ्रता से हर सम्भव प्रयास किये जा रहे है।

राज्यमंत्री संजय गंगवार, डीएम एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ लगभग एक घंटा तक शहर की जलमग्न हुई सड़कों पर घुमते रहे और जल भराव की स्थिति का जायजा लेने के बाद तत्काल जल निकासी के इन्तजाम दुरूस्त करने की व्यवस्था करने को कहा। इस मौके पर एडीएम रितू पुनिया, पालिका ईओ संजीव कुमार सहित विभागों के कर्मचारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहें।

## एसडीएम प्रजाक्ता त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में राधाष्टमी मेला सकुशल संपन्न

xk०/kuA राधाष्टमी महोत्सव का विशाल मेला इस बार एसडीएम प्रजाक्ता त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व और प्रशास.निक टीम की मेहनत से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। भीड़ नियंत्रण, व्यवस्था, कर्मठता ने श्रद्धालुओं को सुचारु दर्शन कराए। एसडीएम ने रिसीवर कमेटी, मंदिर कर्मियों और गोस्वामी समाज से सामंजस्य स्थापित कर मेले को नई दिशा दी। पहली बार लाइव दर्शन की व्यवस्था कर उन्होंने अपनी दूरदर्शिता का परिचय दिया, जिसकी सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। मेला सम्पन्न होने पर राधारानी मंदिर के रिसीवर सुशील गोस्वामी ने प्रसादी ओढ़नी उड़ाकर एसडीएम का स्वागत किया और प्रशासनिक सहयोग के लिए आभार जताया। एसडीएम प्रजाक्ता त्रिपाठी ने बताया कि एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ, मंडलायुक्त शैलेंद्र सिंह, डीआईजी शैलेश पांडे, डीएम चंद्र प्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार के निर्देशन में पूरा मेला सकुशल संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि एसपी देहात सुरेश चंद रावत, सीओ अनिल कुमार सिंह, तहसीलदार सुशील कुमार गुप्ता, नायब तहस.ीलदार मीनू राजपूत व चंद्रिका प्रसाद, थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्रा सहित राजस्व व पुलिस विभाग के हर कर्मी ने पूरी निष्ठा से अपनी जिम्मेदारी निभाई।

### ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान जारी

**बुलंदशहर।** जिले में एसएसपी दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने ओवर स्पीडिंग वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की है। अगस्त माह में ट्रैफिक पुलिस ने स्पीड लेजर गन से वाहनों की रफ्तार मापी। निर्धारित गति सीमा से अधिक स्पीड में चलने वाले करीब 1100 वाहनों की ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। टीएसआई राजीव कुमार और उनकी टीम ने यह कार्रवाई की।

## दिल्ली बरेली ट्रेन चलाने को लेकर व्यापारियो ने स्टेशन मास्टर को दिया ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पुरनपुर पीलीभीत के नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला के नेतृत्व में भारी संख्या में व्यापारियों ने पूरनपुर रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय रेल मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन स्टेशन मास्टर पूरनपुर को दिया जिसमें रेल मंत्री को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला ने कहा कि पूरनपुर से लखनऊ वाया पूरनपुर बरेली दिल्ली के लिए नियमित ट्रेन संचालन चालू किया जाए साथ ही माधौटांडा रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाए जिससे कि व्यापारियों का व्यापार बढ़ सके साथ ही आम जनता को दिल्ली बरेली जाने की समस्या का निराकरण हो सके।जनप्रतिनिधियों से मांग है की शीघ्र से शीघ्र ही ट्रेन का संचालन शुरू करवाने की माँग की रेल संचलन को लेकर आज पूरा एक साल हो गया है लेकिन अभी तक कोई लंबी रूट की ट्रेन नहीं मिल पाई। प्रतिनिधिमंडल में रवि जायसवाल, सैयद जफर अली, युवा अध्यक्ष नितिन वर्मा स्वर्णकार, परवेज खान, बृजेश शुक्ला, दीपक गुप्ता सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।

## राजपूत करणी सेना के बरेली मंडल अध्यक्ष बनाए गए देवेश सिंह परमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** देवेश सिंह परमार को श्री राजपूत करणी सेना मंडल अध्यक्ष बरेली बनाए जाने पर जिला पीलीभीत की पूरी टीम ने शुभकामनाएं दी। जिला अध्यक्ष ठाकुर रविंद्र सिंह ने जनपद के 40 क्षत्रिय युवाओं को श्री राजपूत करणी सेना में सदस्यता दिलाई। इस दौरान उन्होंने सभी साथियों से संगठन को मजबूत कर देश हिट व समाज हित में कार्य करने की सलाह दी।

## संस्कृति विवि में मंत्रोच्चारण के साथ शुरू हुआ 'दीक्षारंभ 2025'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में 'दीक्षारंभ 2025' का आयोजन विधिविधान के साथ हुआ। मंत्रोच्चार के मध्य हवन से उठी पवित्र ज्वाला की तपिश और हवन सामग्री की सुगंध ने विद्यामंदिर के समस्त वातावरण को सुखद बना दिया। नवीन सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने विश्वविद्यालय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एक ओर अनुशासन का पाठ पढ़ाया तो दूसरी ओर उनको बताया कि विवि में उनके अध्ययन के लिए किस तरह की विश्वस्तरीय सुविधाएं मौजूद हैं। दो सितंबर तक चलने वाले इस दीक्षारंभ कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्कृति विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय द्वारा नव प्रवे.शित बी.फार्मा, डी.फार्मा और एम.फार्मा प्रथम वर्ष के छात्रों को इंटरैक्टिव सत्रों, कार्यशालाओं और गतिविधियों की एक श्रृंखला के माध्यम से उनकी शैक्षणिक यात्रा के लिए तैयार किया गया।

# अपाहिज का शव रेलवे ट्रेक पर मिला

**कोसीकलां।** गोपालबाग क्षेत्र से दो दिन पूर्व गायब हुए एक वृद्ध का शव कोसी–गोपालबाग रोड स्थित रेलवे पुल के नीचे रेलवे ट्रेक पर मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में ले पंचनामा भर दिया।

परिजनों को सूचना मिली तो वह मौके पर पहुंच गए और कानूनी कार्रवाई से इंकार कर दिया। जीआरपी ने शव परि.जनों को सौप दिया। गोपाल.बाग निवासी वेदप्रकाश पुत्र स्वं रतनलाल (70) गत दिवस अचानक घर से गायब हो गया। परिजनों ने अपने मिलने वालो व रिस्तेदारो के यहां वृद्ध के बारे में जानकारी की, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। सोमवार की दोपहर करीब 1 बजे वृद्ध का शव कोसी–गोपालबाग रोड स्थित रेलवे पुल के नीचे रेलवे स्टेशन ट्रेक पर मिला।

सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में ले पंचनामा भर शिनाख्त कराने की कोशिश की तो परि.जनों ने मृतक की पहचान वेदप्रकाश के रूप में की। जीआरपी प्रभारी अंकुज धामा ने बताया कि मृतक लकवाग्रस्त था, दोपहर करीब एक बजे उसका शव पुल के नीचे रेलवे ट्रेक पर मिला। वृद्ध मालगाडी की चपेट में आ गया था, परिजनों ने कोई कानूनी कार्रवाई करने से इंकार कर दिया तत्पष्चात शव परिजनों को सौप दिया गया।

# डीएम ने किया गौशाला का निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सिकंदराबाद।** सोमवार को डीएम श्रुति ने विकास सिक.दंराबाद ब्लॉक के गांव भौखेड़ा में संचालित वृहद गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौवंशों के भरण पोषण के लिए की गई व्यवस्था का जायजा लिया। गौशाला में लगभग 371 गौवंश संरक्षित होना बताया गया।

गौवंशों की देखभाल के लिए 11 केयर टेकर तैनात है। गौशाला में साफ–सफाई का अभाव होने पर नाराजगी जाहिर की। गौशाला का संचालन ठीक प्रकार से नहीं किये जाने पर ग्राम प्रधान व सचिव को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। डीएम ने साफ–सफाई व्यवस्था कराने तथा गौशाला परिसर में खड़ंजा सही कराने के निर्देश दिये। बीडीओ ने कहा कि 21 अगस्त 2025 से पूर्व इस गौशाला का संचालन श्याम पर्यावरण ट्रस्ट द्वारा किया जाता था। जिनके द्वारा गौवंशों का रख–रखाव सही प्रकार से नहीं करने के कारण नोटिस देकर हटा दिया गया है। ट्रस्ट की लापरवाही के कारण गौवंशों के भरण–पोषण के लिए आये भूसे को खुले में रखे जाने से वह खराब हो गया। पेयजल की व्यवस्था ठीक नहीं होने, गौवंशो को धूप से बचाव के लिए त्रिपाल आदि की ठीक व्यवस्था नहीं करने, अभिलेख पूरा नहीं करने के साथ ही गौशाला का संचालन भी इनके द्वारा ठीक प्रकार से नहीं किया गया।

जानकारी होने के बावजूद भी सचिव द्वारा ट्रस्ट को भुगतान किये जाने एवं कोई कार्यवाही नहीं करने पर डिएम ने ग्राम पंचायत सचिव के विरूद्ध कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि देते हुए नियमानुसार विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिये। भूसा स्टोर को ठीक कराकर उसमें ही भूसा स्टोर करने के निर्देश दिये। प्रतिदिन हरे चारे की व्यवस्था की जाती है।

गौचर की भूमि पर हरा चारा बोये जाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। रजिस्टर का अवलो.कन करते हुए निर्देशित किया कि रजिस्टर को अद्यतन रखा जाये। पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि गौवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए आवश्यकतानुसार उपचार दिया जाये। गौवंशों का वैक्सीनेशन एवं ईयर टैगिंग भी की जाये। बाहर से प्राप्त होने वाले चोटिल गौवंशों को अलग रखकर उनका उपचार कराये जाने के निर्देश दिये गये। बीडीओ को निर्देशित किया कि विकास ब्लॉक के तहत सभी गौशालाओं का नियमित निरीक्षण करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को कराया जाये।

## अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** ओबीसी महासभा की ओर से पूरनपुर प्रशासन से अनुरोध है कि भू–माफिया द्वारा किए गए अवैध प्लाटिंग और पुलिया बंद करने के मामले में तुरंत कार्रवाई की जाए। लगातार हो रही बरसात के कारण जलभराव की समस्या गंभीर हो गई है, जिससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है। पूरनपुर शहर के चारों तरफ बड़े पैमाने पर प्लाटिंग हो रही है भू माफियों ने रोडों पर बनी पुलिया भी बंद कर दी हैं जवकी पूरनपुर शहर एवं देहात क्षेत्र का पानी सुडकुआ ताल में आता है। लेकिन बन्डा रोड़ पर प्लटिंग होने से पानी रुक गया है और रोड पर पुलिया बनी हुई थी, उनको बंद कर दिया गया है, जिससे पानी का निकास पूर्ण रूप से बंद है आसपास के मोहल्ले बाढ़ की चपेट में हैं। अवैध प्लाटिंग को हटाने और जल निकासी की व्यवस्था करने के लिए कदम उठाए जाएं। इससे न केवल लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि भविष्य में ऐसी समस्याओं का समाधान भी हो सकेगा।

## महिला को मारी गोली, घायल

**बुलंदशहर।** सोमवार को कोतवाली नगर में कोर्ट से लौट रही एक महिला पर काली नदी के निकट अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। पीड़िता पूजा का अपने पति हरीश से विवाद चल रहा है। जिसकी सुनवाई के लिए महिला कोर्ट आई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूजा की ससुराल कोतवाली देहात क्षेत्र के नैथला गांव में है। उसका मायका खानपुर थाना क्षेत्र के भदौरा में है। कोर्ट से लौटते समय पति हरीश ने पूजा को गाड़ी में बिठाकर छोड़ने की बात कही। काली नदी से पहले उसने पूजा को ई–रिक्शा में बैठा दिया। काली नदी पर घात लगाए बैठे दो हमलावरों ने ई–रिक्शा रुकवाया और पूजा पर गोली मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए।

## कलेक्ट्रेट पर भाकियू चंढूनी का प्रदर्शन

**बुलंदशहर।** सोमवार को दौलतगढ़ गांव में भूमि विवाद को लेकर भारतीय किसान यूनियन चंढूनी ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर प्रदर्शन किया। भाकियू चंढूनी के नेता कुलदीप गुड्डू के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि वे पिछले 20 वर्षों से इस जमीन पर मकान बनाकर रह रहे हैं। अब कुछ भू–माफिया उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। किसान नेता कुलदीप गुड्डू ने स्थानीय लेखपाल और पुलिसकर्मियों पर भू–माफिया को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से माफिया बेखौफ होकर ग्रामीणों को धमका रहे हैं।

## मिनिरल वाटर नहीं केमिकल पी रहे लोग

dk lhdykA नगर में स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के चलते विना मार्का के मिनरल वाटर की सप्लाई धडल्ले से की जा रही है नगर से दूर हटकर देहात क्षेत्रों में प्लांट लगा कर पानी को आर.ओ द्वारा फिल्टर कर बेचा जा रहा है, जिस पर स्वास्थ्य विभाग के आलाधिकारी मौन साधे है।

नगर से दूर हटकर गोपाल बाग, हाइवे क्षेत्र में लगाये गये आर.ओ द्वारा पीने के पानी को फिल्टर कर नगर मे धडल्ले से इसकी विक्री की जा रही है। पानी की कमी के चलते ये वाटर सप्लायर लोगों को विन आईएसआई मार्का के नलो में आ रही वाटर सप्लाई के पानी को ही बोतलों में पैक कर बेच रहे है। आर ओ द्वारा फिल्टर कर विक्री किये जा रहे पीने के पानी में लोगो द्वारा स्मैल आने की षिकायत भी देखी गयी है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पडता है किन्तु लोगो की मजवूरी है कि इस पीने के पानी के सप्लायी करने वाले लोग मार्का किये हुए पानी से कुछ कम दरों पर वेक रहे है जिससे लोग सस्ता होने की वजह से इसको आसानी से अपनी दिनचर्या में सुमार कर लेते हैं। कभी कभी इन पानी की बोतलों में छोटे छोटे कीडे भी देखे गये है और अधिकांष लोगों द्वारा इनकी षिकायत भी स्वास्थ्य विभाग से की गयी लेकिन नतीजा सिफर ही रहा है। स्वास्थ विभाग की अनदेखी लोगो को इस पानी को पीने पर मजवूर कर रही है। यदा कदा इन लोगो पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्यवाही भी की जाती है लेकिन सुबिधा शुल्क के सामने अधिकारी वौना हो जाते है और उक्त धंधे को गति देते रहते हैं। लोगो का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग इन लोगो पर सख्त कार्यवाही करे तो लोगो को इस विना मार्का के पीने के पानी से वचाया जा सकता है जिससे लोगो के स्वास्थ्य पर इस पानी को पीने से पड रहे प्रतिकूल असर को खत्म किया जा सके और लोगों को इस जहर से पीने से रोका जा सके।

## नगर को स्वच्छ रखने में सफाई मित्र का सम्मान

dk lhdykA नगर पालिका चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल ने कहा की नगर को स्वच्छ रखने में सफाई मित्रों की अहम भूमिका है। सोमवार को नगर पालिका प्रांगण में आयोजित सफाई नायक विजय वाल्मीकि के विदाई समारोह में चेयरमैन ने कहा कि नगर क्षेत्र को आगे ले जाने और सर्वांगीण विकास की धारा में वाल्मीकि समाज का अत्यधिक योगदान है, इन्हीं की मेहनत पर बल पर क्षेत्र को स्वच्छ रखा जा सकता है। हमारा उद्देश्य है कर्मचारियों का संपूर्ण बकाया भुगतान समय पर किया जाए। इसके लिए पूर्ण प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने कर्मचारियों से मेहनत और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। लेखाकार योगेंद्र रावत ने सफाई कर्मचारियों के योगदान को सराहना की।


# वृन्दावन चंद्रोदय मंदिर में हर्षोल्लास से मनाया गया राधाष्टमी महोत्सव



**वृन्दावन।** भक्ति वेदांत स्वामी मार्ग स्थित वृन्दावन चंद्रोदय मंदिर में ब्रज की अधिष्ठात्री देवी एवं भगवान श्रीकृष्ण की आल्हादिनी शक्ति श्रीमती राधा रानी का प्राकट्योत्सव 'राधाष्टमी' भक्तिमय वातावरण में उल्लासपूर्वक मनाया गया। मंदिर परिसर को विविध प्रकार के पुष्पों का चयन कर बडेद्द ही मनोहारी रूप से सुसज्जित किया गया। इस अवसर पर श्रीश्री राधा वृन्दावन चंद्र का धूप आरती, नवीन परिधान धारण, पुष्प बंगला, झूलन उत्सव, छप्पन भोग, महाभिषेक, पालकी उत्सव एवं भजन संध्या का दिव्य आयोजन किया गया।

भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की अष्टमी को मनाए जाने वाले इस पर्व पर राधा रानी एवं वृन्दावन चंद्र का महाभिषेक वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। पंचामृत (दूध, दही, घी, शहद, बूरा), विभिन्न फलों के रस, जड़ी–बूटियों एवं पुष्पों से महाभिषेक की प्रक्रिया को संपन्न कराया गया। इस अवसर पर ठाकुरजी को नीले एवं श्वेत वर्ण के रेशमी परिधानों के साथ रजत कढ़ाई युक्त वस्त्रों से अलंकृत किया गया। वृन्दावन चंद्रोदय मंदिर के अध्यक्ष श्री चंचलापति दास ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमती राधा रानी का एक नाम 'भव व्याधि विनाशिनी' है। जो भक्त उनके चरणों में पूर्ण समर्पण करता है, उन्हें राधा रानी भवसागर से पार लगाकर श्रीकृष्ण भक्ति प्रदान करती हैं एवं अपने निज धाम में आश्रय देती हैं। उन्होंने आगे कहा कि जीव प्रकृति के तीनों गुणों के वश होकर जन्मदृमृत्यु के चक्र में फंसा रहता है, किन्तु राधा रानी अपने आश्रित भक्तों की माता की भांति रक्षा एवं पोषण करती हैं तथा उन्हें भक्ति मार्ग पर अग्रसर करती हैं। इस पावन अवसर पर हमें राधा रानी से निरंतर प्रार्थना करनी चाहिए कि वे हमें अपने चरणों की सेवा का अवसर प्रदान करें। राधाष्टमी महोत्सव के दौरान हरिनाम संकीर्तन में भक्तों ने भावविभोर होकर सहभागिता की। मथुरा, आगरा, लखनऊ, जयपुर, दिल्ली, भरतपुर सहित विभिन्न नगरों से आए श्रद्धालुओं ने उत्सव में भाग लिया और दिव्य आध्यात्मिक आनंद का अनुभव किया।

# झमाझम बारिश से मौसम सुहाना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिले में मौसम का मिजाज रविवार से बदल गया है। झिमाझम बारिश का शुरू हुआ सिलसिला सोमवार को भी जारी रहा। सोमवार की सुबह से बारिश के चलते मौसम खुशनुमा हो गया है। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली।

कभी तेज तो कभी हल्की बारिश के बाद मुख्य सड़कों समेत गली मोहल्लों में जलभराव और कीचड़ से लोगों की आफत आ गई है। शहर में डीएम रोड, कालाआम, कचहरी रोड, साठा, आनंद विहार, देवीपुरा समेत विभिन्न सड़कों पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है।

राहगीर और वाहन चालकों का निकलना तक मुश्किल हो गया है। वहीं स्कूलों में भी बारिश के चलते छुट्टी कर दी गई। बारिश के चलते बिजली सप्लाई भी ठप हो गई है। शहर समेत 600 से अधिक गांवों में बिजली संकट बन गया है। न्यूनतम तापमान 25 और अधिकतम 26 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। मौसम विभाग के मुताबिक अभी एक सप्ताह तक मौसम का यही मिजाज बना रहेगा। स्याना में सोमवार को सुबह से हो रही बारिश ने मौसम को सुहाना बना दिया है। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से तापमान में गिरावट आई है।

पिछले कुछ दिनों से 28 डिग्री सेल्सियस पर चल रहा तापमान अब घटकर 25 डिग्री हो गया है। बारिश के कारण नगर के मुख्य बाजारों में पानी भर गया। नालियों से ओवरफ्लो होकर सड़कों पर गंदा पानी फैल गया। जिससे लोगों और व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह के समय जल भराव की वजह से लोगों ने बाजार की ओर जाने से बचा।

# अग्रवाल सभा के नव निर्वाचित अध्यक्ष ने निकाली धन्यवाद रैली

**कोसीकलां।** श्री कोस.ीकलां अग्रवाल सभा के द्विवार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर संजीव जाविया कांटेदार मुकाबला ने अपने प्रतिद्वंद्वी दिनेश बठैनियां को 406 मतों से करारी शिकस्त दी। वहीं मंत्री पद के उम्मीदवार जगद.ीश गोयल विजयी रहे। दोनो निर्वाचित अध्यक्ष मंत्री ने अग्रसेन महाराज पार्क से महाराज का पूजन कर नगर भृमण कर आभार व्यक्त किया बारिश भी मतदाताओं के उत्साह को नही डिगा सकी। मतदान में बुजुर्ग मतदाताओं ने जोश के साथ हिस्सा लिया।

रविवार सुबह से शुरू हुए मतदान में 2050 मतदाताओं ने वोट डाले। सरायशाही अग्रवाल धर्मशाला में बने बूथ पर चुनाव अधिकारी राहुल अग्रवाल एडवोकेट और पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शुरू हुआ। बारिश की वजह से चुनाव अघधिकारी ने मतदान का समय 4 बजे से बढ़ाकर 5 बजे तक कर दिया। शाम 5 बजे तक 2049 मत पड़े। अध्यक्ष पद के लिए संजीव जाविया को 1217 मत मिले। उन्होंने 406 मतों से अपने प्रतिद्वंद्वी दिनेश बठैनिया को हरा दिया। तीनों राउंड में संजीव की बढ़त जीत का कारण बनी।

वहीं मंत्री पद के उम्मीदवार जगदीश गोयल ने रामकिशन फालैनिया को 5 मतो के मामूली अंतर से हरा दिया। तीनों राऊंड में कशमाकश बनी रही। जबकि कुल 10 मतदाताओं ने नोटा का प्रयोग किया। इसी के साथ अध्यक्ष पद पर संजीव जाविया एवं मंत्री पद पर जगदीश गोयल विजयी रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# महिला एकदिवसीय विश्व कप के लिए पुरस्कार राशि में चार गुना वृद्धि



**वर्ष 2022 में पुरस्कार राशि 35 लाख अमेरिकी डॉलर थी, जिसे बढ़ाकर 138.8 कर दी**

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए भारत में 30 सितंबर से दो नवंबर तक होने वाले आगामी महिला एकदिवसीय विश्वकप के लिए पुरस्कार राशि में चार गुना से अधिक की वृद्धि की है।

आईसीसी द्वारा आज की गई घोषणा के अनुसार, न्यूजीलैंड में 2022 में खेले गए इस टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में कुल पुरस्कार राशि 35 लाख अमे. रिकी डॉलर (लगभग 30-80 करोड़ रुपये) थी। जिसे इस बार बढ़ाकर कुल 138.8 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 117.74 करोड़ रुपये) कर दिया है। यह राशि 2023 में होने वाले पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए निर्धारित पुरस्कार राशि एक करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 88 करोड़ रुपये) से भी अधिक है। आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि यह घोषणा महिला क्रिकेट के सफर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। पुरस्कार राशि में यह चार गुना वृद्धि महिला क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और इसके दीर्घकालिक विकास के प्रति हमारी स्पष्ट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारा संदेश सरल है, महिला क्रिकेटरों को यह पता होना चाहिए कि अगर वे इस खेल को पेशेवर रूप से चुनेंगी तो उनके साथ पुरुषों के समान व्यवहार किया जाएगा। आईसीसी ने टूर्नामेंट के प्रत्येक चरण के लिए पुरस्कार राशि में भी वृद्धि की है। विश्वकप विज. ेता को अब 44.8 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 39.42 करोड़ रुपये) मिलेंगे। यह 2022 में ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को मिली 13-2 लाख अमेरिकी डॉलर (11-62 करोड़ रुपये) की राशि से दोगुना से अधिक है। उपविजेता टीम को 22.4 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 19. 71 करोड़ रुपये) मिलेंगे। हारने वाले दोनों सेमीफाइनलिस्टों को 11-2 लाख अमेरिकी डॉलर (9.86 करोड़ रुपये) मिलेंगे। ग्रुप-स्टेज में प्रत्येक जीत के लिए विजेताओं को 34,314 अमेरिकी डॉलर (30-2 लाख रुपये) मिलेंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### उ.मुबंई में होगा सांसद खेल महोत्सव

**मुम्बई, वार्ता।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयुष गोयल ने हॉकी, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, फुटबॉल, जेवलिन, शूटिंग, तीरंदाजी खेलों से खिलाड़ियों को जोड़ने के लिए कांदिवली पश्चिम स्थित एमसीए क्लब में सोमवार को उत्तर मुंबई में सांसद खेल महोत्सव की घोषणा की। गोयल ने मुम्बई स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सांसद खेल महोत्सव की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव 21 सितंबर से 25 दिसंबर के बीच व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम खेल को हर घर तक पहुंचाने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य लगभग एक लाख खिलाड़ियों को जोड़ने और भारत में खेले जाने वाले सभी खेलों जैसे हॉकी, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, फुटबॉल, जेवलिन, शूटिंग, तीरंदाजी आदि को प्रोत्साहन देने का है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही हम हमारे खिलाड़ियों को अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं जिससे वो देश के साथ-साथ विश्व में भारत का नाम रोशन कर सकें।

### एस20 की नीलामी में एंडरसन और शाकिब उपलब्ध

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन, बांग्लादेश के शाकिब अल हसन नौ सितंबर को होने वाले एसए 20 2026 की नीलामी के लिए उपलब्ध 541 खिलाड़ियों में शामिल हैं। नीलामी के लिए एंडरसन सहित इंग्लैंड के कुल 97 खिलाड़ी उपलब्ध हैं जिसमें मोईन अली, एलेक्स हेल्स और एसए20 2025 फाइनल के प्लेयर ऑफ़ द मैच टॉम एबेल शामिल हैं। एंडरसरन ने टी-20 ब्लास्ट में लैंकशायर के लिए खेलते हुए टी-20 क्रिकेट में 11 वर्षों बाद वापसी की थी, वहीं उन्होंने द हंड्रेड में मैनचेस्टर ऑरिजिनल्स के लिए आठ में से तीन मैच खेले। ऑलराउंडर शाकिब अल हसन और तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान नीलामी के लिए उपलब्ध बांग्लादेश के 14 खिलाड़ियों में शामिल हैं। डी'आर्की शॉर्ट और पीटर हत्योग्लू नीलामी सूची में शामिल केवल दो ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं क्योंकि बीबीएल और एसस20 एक साथ होने वाले हैं। नीलामी में 28 वेस्टइंडीज और 24 श्रीलंकाई खिलाड़ी हैं, जबकि दीपेंद्र सिंह ऐरी नीलामी सूची में शामिल एकमात्र नेपाली खिलाड़ी हैं। एडन मारक्रम, जिन्होंने सनराइजर्स ईस्टर्न केप द्वारा रिटेन न किए जाने का फैसला किया, सूची में दक्षिण अफीका के 300 खिलाड़ियों में प्रमुख हैं, उनके साथ टी-20 विश्व कप 2024 के उपविजेता खिलाड़ी अनरिख नॉर्खिए, क्विंटन डी कॉक, केशव महाराज, तबरेज शम्सी और गेराल्ड कोएत्जी भी शामिल हैं।

# जेमी ने टेस्ट क्रिकेट से लिया ब्रेक



**● कहाः मैं खुद को बेहद भाग्यशाली मानता हूं कि मैंने इंग्लैंड के लिए दो टेस्ट मैचों सहित 99 प्रथम श्रेणी मैच खेले है**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ऑराउंडर जेमी ओवरटन ने सोमवार को शारीरिक क्षमता का हवाला देते हुए टेस्ट क्रिकेट से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने की घोषणा की। जेमी ओवरटन ने आज सोशल मीडिया मंच पर अपनी पोस्ट में लिखा कि काफी सोच-विचार के बाद, मैंने लाल गेंद वाले क्रिकेट से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने का फैसला किया है।

मैं खुद को बेहद भाग्यशाली मानता हूं कि मैंने इंग्लैंड के लिए दो टेस्ट मैचों सहित 99 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। उन्होंने कहा कि लाल गेंद वाले प्रथम श्रेणी क्रिकेट ने मेरे पेशेवर करियर की नींव रखी है और अब तक मुझे खेल में मिले हर अवसर का प्रवेश द्वार रहा है। यहीं से मैंने खेल सीखा और इसने मेरे लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं को बल दिया जो मुझे इतने लंबे समय तक प्रेरित करती रहीं। हालांकि, मेरे करियर के इस पड़ाव पर, 12 महीने के कैलेंडर में क्रिकेट की मांगों के साथ, अब हर स्तर पर सभी प्रारूपों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होना, शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से, संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आगे मेरा ध्यान सफेद गेंद वाले क्रिकेट पर रहेगा और मैं उच्चतम स्तर पर खेलने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास जारी रखूंगा। 2022 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले ओवरटन ने अब तक केवल दो टेस्ट मैच खेले हैं, उनका आखिरी मैच हाल ही में समाप्त हुई घरेलू श्रृंखला में भारत के खिलाफ ओवल में था। इस ऑलराउंडर ने टेस्ट की दो पारियों में केवल दो विकेट लिए और नौ रन बनाए।

2012 में सरे के साथ शुरू हुआ उनका प्रथम श्रेणी करियर थोड़ा ज़्डादा शानदार रहा है, जहां 31 वर्षीय ओवरटन ने 21-51 की औसत से 2410 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और 13 अर्द्धशतक शामिल हैं। गेंदबाजी में, उन्होंने 99 मैचों में 31-66 की औसत से 239 विकेट लिए हैं।

# चंद्रशेखर-प्रशांत की भारतीय जोड़ी ने किया बड़ा उलटफेर

**● चंद्रशेखर और विजय की भारतीय जोड़ी ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सेमीफाइनलिस्ट जोड़ी को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** भारत के अनिरुद्ध चंद्रशेखर और विजय सुंदर प्रशांत ने यूएस ओपन 2025 टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल वर्ग के पहले दौर में आठवीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी की इवान किंग और क्रिश्चियन हैरिसन की जोड़ी को हराकर बड़ा उलटफेर किया।

मुकाबले में अनिरुद्ध चंद्रशेखर और विजय सुंदर प्रशांत की भारतीय जोड़ी ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इस साल के फ्रेंच ओपन की सेमीफाइनलिस्ट जोड़ी को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। आठवें गेम में अपनी सर्विस गंवाने के बाद भारतीय जोड़ी ने पहला सेट गंवा दिया, लेकिन दूसरे गेम के छठे गेम में अमेरिकी जोड़ी की सर्विस तोड़कर वापसी की और निर्णायक सेट तक का सफर तय किया। अनिरुद्ध चंद्रशेखर और विजय सुंदर प्रशांत की जोड़ी ने तीसरे सेट में भी अपनी लय बरकरार रखी और शुरुआती गेम में इवान किंग और क्रिश्चियन हैरिसन की सर्विस तोड़कर मैच के बाकी समय तक अपनी सर्विस बचाए रखी। अंतिम क्षणों में वैकल्पिक खिलाड़ी के रूप में ड्रॉ में प्रवेश करने वाली भारतीय जोड़ी दूसरे दौर में ब्राजील के फर्नांडो रोम्बोली और ऑस्ट्रेलिया के जॉन-पैट्रिक स्मिथ की जोड़ी के साथ मुकाबला करेगी। हालांकि, पुरुष युगल ड्रॉ में भारत की ऋत्विक चौधरी बोलिपल्ली और एन-श्रीराम बालाजी की जोड़ी अपने पहले दौर के मैच से आगे नहीं बढ़ पाई। भारतीय जोड़ी बार्ट स्टीवंस और वासिल किरकोव की डच-अमेरिकी जोड़ी के खिलाफ 3-6, 7(10)-6(8), 6-4 से हार गई और साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम से बाहर हो गई।

# सबालेंक, नोवाक व अल्काराज क्वार्टरफाइनल में

**● एकल वर्ग के मुकाबले में सबालेंका ने स्पेन की किस्ट्रीना बुक्सा को 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया**



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका, सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जो. कोविच और स्पेन के दिग्गज कार्लोस अल्काराज ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में एकल वर्ग के मुकाबले में सबालेंका ने स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा को 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अपने शुरुआती तीन राउंड में कड़ी परीक्षा दे चुकी गत चैंपियन को फ्लशिंग मीडोज में विश्व की 95वें नंबर की खिलाड़ी को हराने और लगातार पांचवीं बार अंतिम-आठ में जगह बनाने में केवल 73 मिनट लगे। सबालेंका का अगले दौर में मुकाबला कजाकिस्तान की एलिना रिबाकिना और चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रा. ेसोवा के बीच होने वाले मैच के विज. ेता से होगा। आर्थर ऐश स्टेडियम में रविवार रात नोवाक जोकोविच ने जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ को हराकर एक ही सीजन में चारों ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज़ खिलाड़ी बनकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। वहीं अल्काराज ने ओपन युग में 13 ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने की उपलब्धि हासिल की। एक घंटे 49 मिनट तक चले मुकाबले 38 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जर्मन क्वालीफायर जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 6-3, 6-3, 6-2 से हराकर अपने करियर के 14वें यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच का अगला मुक. ाबला अमेरिकी नंबर 4 सीड टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने इससे पहले चेक गणराज्य के टॉमस मचाक को सीधे सेटों में हराया था। मैच के बाद साक्षात्कार में जोकोविच ने कहा कि अगर आप अच्छी सर्विस करते हैं तो यह निश्चित रूप से मददगार होता है। मुझे लगता है कि पिछले राउंड में और आज भी मेरी सर्विस बहुत अच्छी रही। शायद मुझे उतनी मेहनत करने की ज़रूरत नहीं है।

अपने करियर के ज़्डादातर समय मैं बेसलाइन से दौड़ता, फिसलता और घिसटता रहा हूं। लेकिन जब सही समय आता है, तो मैं आक्रामक होने का प्रयास करता हूं। रात भी ऐसा ही हुआ। इस जीत के साथ जोकोविच ने रोजर फेडरर और आंद्रे अगासी को भी पीछे छोड़ दिया, जो दोनों 13-13 यूएस ओपन क्वार्टर फ़ाइनल में पहुंचे थे, और अब वह 14-14 के साथ अकेले खड़े हैं। ओपन एरा रिकॉर्ड बुक में अब वह केवल कॉनर्स से पीछे हैं, जो 17 क्वार्टर फाइनल तक पहुंच चुके हैं।



# आकर्शी कश्यप को मिला एनटीपीसी कोरबा का समर्थन

**रायपुर, वार्ता।** भारत की उभरती हुई बैडमिंटन स्टार आकर्शी कश्यप को एनटीपीसी कोरबा ने अपनी सीएसआर पहल के तहत समर्थन दिया है। आकर्शी ने लागोस इंटरनेशनल क्लासिक्स 2025 में रजत पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। आकर्शी ने अपनी खुशी व्यद्र करते हुए कहा कि यह उपलब्धि एनटीपीसी कोरबा और मेरे शुभचिंतकों के निरंतर समर्थन के बिना संभव नहीं थी। यहां का अनुभव मुझे और कड़ी मेहनत करने और बड़ी सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित करता है। आकर्शी की अगली चुनौती वियतनाम इंटरनेशनल सीरीज़ है जो नौ से 14 सितंबर 2025 तक खेली जाएगी।

# सोनी बेकर द. अफ्रीका के खिलाफ करेंगे अंतर्राष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट में पदार्पण

**● सोनी बेकर ने मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के लिए 145 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हुए सात मैचों में 9 विकेट हासिल किए**



**हेडिंग्ले, वार्ता।** हैम्पशायर के तेज गेंदबाज सोनी बेकर मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के साथ इंग्लैंड की एकदिवसीय श्रृंखला के पहले मैच से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करेंगे। 22 वर्षीय बेकर ने अब तक केवल 11 लिस्ट ए मैच खेले हैं, लेकिन हंड्रेड के दौरान उन्होंने शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। उन्होंने मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के लिए 145 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हुए सात मैचों में नौ विकेट लिए। उन्होंने सर्दियों में लायंस के साथ प्रभावशाली प्रदर्शन किया और इस साल की शुरुआत में उन्हें इंग्लैंड का अनुबंध मिला। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अपना पहला एकदिवसीय मैच खेल रहे जोफ्रा आर्चर और ब्रायडन कार्से इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण में उनके साथ शामिल होंगे। हैरी ब्रुक दूसरी श्रृंखला में एकादश की कप्तानी कर रहे हैं, जबकि जेमी स्मिथ और बेन डकेट अपनी सलामी जोड़ी बनाये रखा गया है। पहले एकदिवसीय मैच के लिए इंग्लैंड की एकादश इस प्रकार है:- जेमी स्मिथ, बेन डकेट, जो रूट, हैरी ब्रुक (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), जैकब बेथेल, विल जैक्स, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद और सन्नी बेकर।

# टेनिस प्रीमियर लीग का ऐतिहासिक सातवां सीजन अहमदाबाद में

**मुंबई, वार्ता।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के तत्वावधान में आयोजित होने वाली टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) का सातवां सीजन नौ से 14 दिसंबर तक अहमदाबाद के गुजरात विश्व. विद्यालय टेनिस स्टेडियम आयोजित होगा। महाराष्ट्र के बाहर पहली बार आयोजित होने वाले टीपीएल के सातवें सीजन में लिएंडर पेस, सानिया मिर्जा, महेश भूपति, रकुल प्रीत सिंह और सोनाली बेंद्रे जैसे दिग्गजों द्वारा समर्थित आठ-फ्रैंचाइजी प्रतियोगिता में एटीपी रैंकिंग में 30 से 50 के बीच रैंकिंग वाले अंतर्राष्ट्रीय टेनिस सितारे, दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन रोहन बोपन्ना सहित भारत के शीर्ष खिलाड़ी शामिल होंगे। टीपीएल के सह-संस्थापक, कुणाल ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि हमें टीपीएल को पहली बार गुजरात में लाकर खुशी हो रही है। शहर की ऊर्जा, बुनियादी ढांचा और खेलों के प्रति जुनून इसे एक आदर्श मेजबान बनाते हैं। सातवां सीजन अहमदाबाद के प्रशंसकों के लिए विश्व स्तरीय टेनिस एक्शन प्रदान करते हुए एक विशेष संस्करण होने का वादा करता है। गुजरात टेनिस संघ के सचिव श्रीमल भट्ट ने कहा कि गुजरात के इतिहास में पहली बार, 30 से 50 वर्ष की आयु के शीर्ष एटीपी रैंकिंग वाले खिलाड़ी हमारे राज्य में आ रहे हैं। यह गुजरात में टेनिस के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन होगा।

# दक्षिण कोरिया ने बांग्लादेश को, मलेशिया ने चीनी ताइपे को हराया

**राजगीर, वार्ता।** दक्षिण कोरिया ने सोमवार को बांग्लादेश को हराकर एशिया कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। वहीं मलेशिया की टीम ने चीनी ताइपे को एकतरफा मुकाबले में 15-0 से रौंदा। बिहार स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी हॉकी स्टेडियम, खेले गए क्वार्टर फाइनल के ग्रुप बी में दक्षिण कोरिया ने बांग्लादेश को 5-1 के विशाल अंतर से परा. जित कर सुपर फोर में अपनी जगह पक्की कर ली है।

मैच की शुरुआत से ही दक्षिण कोरियाई टीम ने अपनी आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। टीम के स्टार खिलाड़ी डेन सोन ने शानदार मैदानी गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके दो मिनट बाद ही कोरिया ने पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद दूसरे क्वार्टर में भी दक्षिण कोरिया का दबदबा बना रखा 16वें मिनट में सिंगबू ली ने मैदानी गोल दागकर स्कोर 3-0 कर दिया। इसके बाद 22वें मिनट में सेयोंग ओह ने चौथा गोल दागकर स्कोर 4-0 पहुंचा दिया। इसी दौरान 22वें मिनट में ही शोहानुर शोबुज ने पेनाल्टी कॉर्नर पर बांग्लादेश की टीम के लिए गोल किया। मैच के अंतिम क्षणों में दक्षिण कोरिया ने उन्हें मिले पेनाल्टी स्ट्रोक को अनुभवी खिलाड़ी जिहुन यांग ने गोल दागकर 5-1 के स्कोर के साथ अपनी टीम की जीत पक्की कर दी। वहीं एक अन्य मैच में मलेशिया ने चीनी ताइपे को एकतरफा मुकाबले में 15-0 से हराया।

# वेस्ट दिल्ली लायंस ने जीता डीपीएल का खिताब



**● नितीश राणा ने एक विकेट लेकर 79 रनों की पारी भी खेली, वेस्ट दिल्ली लायंस ने सेंटर दिल्ली किंग्स को हराया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** नितीश राणा (एक विकेट/79रन) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत वेस्ट दिल्ली लायंस ने सेंट्रल दिल्ली किंग्स को छह विकेट से हराकर दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2025 का खिताब अपने नाम किया।

अरुण जेटली स्टेडियम में रविवार रात हुए रोमांचक फाइनल मुकाबले में सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 173 रनों का स्कोर खड़ा किया। युगल सैनी ने 48 गेंदों में 65 रन बनाये। प्रांशु विजयरन ने 25 गेंदों में 50 रनों की पारी खेली। आर्यन राणा (21), सिद्धार्थ जून (10) और जोंटी सिद्धू ने 10 रनों का योगदान दिया। मैच की शुरुआत में ही किंग्स का शीर्ष क्रम दबाव में लड़खड़ा गया और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। एक समय तो वे 78/6 के स्कोर पर लड़खड़ा रहे थे और वेस्ट दिल्ली लायंस पूरी तरह से नियंत्रण में दिख रही थी। जब युगल सैनी और प्रांशु विजयरन क्रीज पर आए तो कहानी नाटकीय रूप से बदल गई। दोनों ने धैर्य, संयम और चतुराई भरे शॉट चयन का परिचय देते हुए सातवें विकेट के लिए 78 रनों की शानदार साझेदारी की। युगल ने 48 गेंदों पर 65 रनों की दृढ़ पारी खेलकर पारी को संभाला, जिसमें लगातार रन बनाने के साथ-साथ समय पर चौके भी शामिल थे। दूसरे छोर पर, प्रांशु ने शानदार आक्रामक खेल दिखाया और सिर्फ़ 24 गेंदों पर नाबाद 50 रनों की शानदार पारी खेली। अंतिम ओवरों में उनके निडर स्ट्रोक्स ने सुनिश्चित किया कि किंग्स न केवल वापसी करें, बल्कि लायंस के शुरुआती दबदबे को कम करते हुए शानदार लय भी बनाए रखें।वेस्ट दिल्ली लायंस के लिए मनन भारद्वाज और शिवांक वशिष्ठ ने दो-दो विकेट लिये। नितीश राणा, शुभम दुबे, मयंक गुसाई ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 174 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, सेंट्रल दिल्ली किंग्स के गेंदबाजों सिमरजीत सिंह और अरुण पुंडीर ने लगातार दो विकेट झटके, जिससे पांचवें ओवर में ही 48/3 के स्कोर पर लायंस की स्थिति खराब हो गई। ऐसे संकट के समय कप्तान राणा ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने मयंक गुसाईं के साथ मिलकर 42 रनों की साझेदारी करके टीम को जीत की राह पर बनाए रखा। गुसाईं (11 गेंदों पर 15 रन) तेजस बरोका का शिकार बने, लेकिन तब तक कप्तान ने नियंत्रण हासिल कर लिया था। इसके बाद राणा को ऋतिक शौकीन के रूप में एक आदर्श साथी मिला और दोनों ने सुनिश्चित किया कि आगे कोई झटका न लगे।

# केरल पर्यटन मंत्री आज सीताथोर्ड कायकिंग उत्सव का करेंगे उद्घाटन

**● प्रतियोगिताओं का आयोजन पुरुष-महिला, पुरुष युगल, महिला युगल और मिश्रित श्रेणियों में होगा**

**पथनमथिट्टा, वार्ता।** केरल के पर्यटन मंत्री पी ए मोहम्मद रियास मंगलवार को सीताथोड़े में राज्य पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित कोडियेरी बालकृष्णन मेमोरियल सीताथोड कयाकिंग महोत्सव के पहले संस्करण का उद्घाटन करेंगे।

सुबह 9:30 बजे शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता विधायक केयू जनीश कुमार करेंगे जबकि उपाध्यक्ष चित्तयम गोपकुमार कोन्नी में सीताथोड़े अग्निशमन केंद्र के पास कक्कट्टार नदी में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं को हरी झंडी दिखाएंगे। पर्यटन विभाग के अंतर्गत केरल एडवेंचर टूरिज्म प्रमोशन सोसाइटी (केएटीपीएस) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को तकनीकी रूप से केरल कयाकिंग सोसाइटी और कैनोइंग एसोसिएशन का समर्थन प्राप्त है। प्रतियोगिताओं का आयोजन पुरुष, महिला, पुरुष युगल, महिला युगल और मिश्रित श्रेणियों में किया जाएगा जो 15 वर्ष से अधिक आयु के कयाकरों के लिए खुली है। कुल 110 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है जिनमें पुरुष एकल में 40, महिला एकल में 14, पुरुष युगल में 34, महिला युगल में आठ और मिश्रित युगल में 14 प्रतिभागी शामिल हैं। इस महोत्सव में केरल के बाहर चार राज्यों से 12 कयाकर तथा यूक्रेन और नेपाल से दो अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागी भी शामिल हो रहे हैं। प्रतिभागियों के लिए लाइफ जैकेट पहनना अनिवार्य है जबकि कयाक, जैकेट और पैडल केएटीपीएस द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे।

# सम्पादकीय

**मंगलवार, 2 सितम्बर 2025**

## भारत की कूटनीतिक जीत

ट्रम्प से जारी टैरिफ वॉर के बीच चीन के तीसरे बड़े तियानजिननगर में हुए एससीओ समिट में पहलगाम आतंकी हमले की निंदा भारत की कूटनीतिक जीत है। भारत की इस जीत में रूस की भूमिका भी काफी अहम रही है। एससीओ समिट में मोदी-पुतिन और जिनपिंग की जुगलबंदी भी अमेरिका के लिए कड़ा संदेश है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओद्ध के शिखर सम्मेलन में भारत ने एक उपलब्धि हासिल कर ली है। एससीओ के साझा घोषणापत्र में आतंकवाद की निंदा की गई और पहलगाम आतंकी घटना की भर्त्सना हुई। यह पीएम मोदी की कूटनीतिक जीत है। चीन जो अभी तक पहलगाम पर चुप्पी साधे था और ऑपरेशन सिंदूर के वक्त खुल कर पाकिस्तान के पक्ष में था, वह भी इस घोषणापत्र से सहमत हो गया। दरअसल भारत को यह उपलब्धि हासिल करवाने में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पूरा सहयोग किया। यह निंदा उस मंच से की गई जिसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी मौजूद थे। तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन भी आमंत्रित नेताओं में से थे। इनके अलावा सैन्य परेड में दक्षिण पूर्व एशिया के देशों के राष्ट्रप्रमुख पहुंच रहे हैं। भारत शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके सम्मेलन में हिस्सा लेने चीन गए थे। यह 2001 में बना था, तब चीन और रूस के अलावा कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान और किर्गिस्तान इसके सदस्य देश थे। 2017 में भारत भी इस संगठन में आ गया। उसी वर्ष पाकिस्तान भी अस्ताना के शिखर सम्मेलन में पाकिस्तान भी इसका सदस्य देश बना था। आज इसमें बेला रूस को मिला कर 10 देश हैं। इसका पिछला शिखर सम्मेलन पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में 15 और 16 अक्टूबर को हुआ था। उसमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नहीं शरीक हुए थे। तब विदेश मंत्री एस। जयशंकर गए थे। 2024 के इस शिखर सम्मेलन में रूस और चीन से पुतिन तथा शी की बजाय उनके देशों के प्रधानमंत्री पहुंचे थे। इसके विपरीत 2025 में चीन के तियानजिन शहर में हुए एससीओ के 30 और 31 अगस्त के शिखर सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री स्वयं गए। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि उन्होंने अमेरिका और उसकी लाबी के देशों से कोई दूरी बना ली हो। भारत आज भी क्वाड से जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री के चीन पहुंचने के पूर्व जापान भी गए थे, जो क्वाड का महत्त्वपूर्ण देश है। इस तरह उन्होंने यह संकेत भी दिया कि अमेरिका के प्रति वे कोई कटुता नहीं पाले है। तियानजिन चीन का तीसरा बड़ा शहर है। चीन ने टेक्नोलॉजी में जो तरक्की की है, उसका प्रदर्शन भी किया गया। चीन ने अपनी एआई तकनीक की क्षमताओं का प्रदर्शन भी किया। जो भी उसकी इस तरक्की को देखता है उसकी आँखें फटी की फटी रह जाती हैं। चीन टेक्नोलाजी में अमेरिका से जरा भी पीछे नहीं है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी यह भी अच्छी तरह जानते हैं कि चीन भले पड़ोसी हो और आर्थिक रूप से समृद्ध हो किंतु आज भी वह आर्थिकी में अमेरिका के मुकाबले आधा ही है। अमेरिका 30 ट्रिलियन डॉलर पर खड़ा है, जबकि चीन की अर्थव्यवस्था 18 ट्रिलियन डॉलर की है और भारत मात्र 4 ट्रिलियन डॉलर पर टिका है। इसलिए जाहिर है व्यापार के लिए अमेरिका ही अकेला ऐसा देश है, जहां भारत अपना माल बेच सकता है, खपा सकता है, मगर कोई भी देश अपना स्वाभिमान खत्म कर व्यापार नहीं कर सकता।

### सत्ता के हाथ में धर्म को देंगे, तो हानि ही होगी



लोगों से अपील है कि वे धर्म काज से मंत्री-नेताओं को दूर रखें, धर्म की आड़ में राजनीति समाज के लिए नुकसानदायक है, राजनीतिज्ञ जहां घुसते हैं, आग लगाए बिना नहीं रहते, सत्ता के हाथ में धर्म को देंगे, तो हानि ही होगी, धर्म कार्य, समाज कार्य और राजनीति कार्य अलग- अलग हैं। धर्म व्यक्तिगत श्रद्धा का विषय है, कुछ राजनीतिज्ञ इसका इस्तेमाल करते हैं, इससे विकास और रोजगार का विषय दोयम दर्जे का हो जाता है, बोलना आसान है, करना कठिन है, मैं अधिकारी नहीं हूं, लेकिन मुझे अनुभव है कि जिस क्षेत्र में मैं काम करता हूं, वहां मन से सच बोलने की मनाही है।

**-नितिन गडकरी**
**केंद्रीय मंत्री**



## जल प्रलय के सन्देश



**तनवीर जाफरी**

भारत के पंजाब राज्य को सबसे उपजाऊ धरती के राज्यों में सर्वोपरि गिना जाता है। इसका मुख्य कारण यही है कि यह राज्य खेती के लिए सबसे जरूरी समझे जाने वाले कारक यानी पानी के लिए सबसे धनी राज्य है। सिंधु नदी की पांच सहायक नदियां सतलुज, ब्यास, रावी, चिनाब और झेलम इसी पंजाब राज्य से होकर बहती हैं। इन पांचों नदियों में केवल व्यास ही एक ऐसी नदी है जो केवल भारत में बहती है शेष सतलुज, रावी, चिनाब और झेलम नदियां भारत से होते हुए पाकिस्तान में भीप्रवाहित होती हैं। यही नदियां जो पंजाब को उपजाऊ भूमि बनाने और यहां की संस्कृति का आधार समझी जाती हैं इन दिनों यही नदियां भारत से लेकर पाकिस्तान तक जल प्रलय का कारण बनी हुई हैं। इन नदियों के उफान पर होने का कारण जम्मू कश्मीर व हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार होने वाली तेज बारिश यहां तक कि अनेक स्थानों पर बादल फटने जैसी घटनाओं को माना जा रहा है।

दरअसल पिछले कुछ दिनों हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पंजाब के जलागम क्षेत्रों में असामान्य रूप से भारी बारिश हुई। कई जिले तो ऐसे भी थे जहां केवल एक ही दिन में पूरे एक महीने की बारिश दर्ज की गई। जैसे केवल अमृतसर और गुरदासपुर में 150-200 मिमी से अधिक वर्षा दर्ज हुई। इससे शहरी जलनिकासी प्रणाली पूरी तरह फेल हो गई। दुर्भाग्यवश हमारे देश के अधिकांश राज्यों में बरसाती जल निकासी प्रणाली प्राय: फेल ही रहती है। भ्रष्टाचारयुक्त निर्माण से लेकर सरकारी अम्लों की अकर्मण्यता व गैर जिम्मेदार जनता द्वारा नाले नालियों में अवांछित वस्तुओं की डम्पिंग यहां तक कि मरे जानवर से लेकर रजाई गद्दे बोतलें प्लास्टक पॉलीथिन आदि सब कुछ नालों व नालियों में फेंक देने जैसी गैर जिम्मेदाराना प्रवृति, जल निकासी प्रणाली के फेल होने में सबसे अहम भूमिका निभाती है।

एक ओर तो भारी बारिश व जलभराव उसके बाद भारत के सबसे विशाल भाखड़ा नंगल डैम, पोंग डैम रणजीत सागर डैम व शाहपुर कंडी जैसे डैम्स से अतिरिक्त पानी का छोड़ा जाना भी पंजाब की बड़े हिस्से की तबाही का कारण बन गया। इन डैम्स से पानी छोड़ना भी इसलिए जरूरी हो गया था क्योंकि इनमें इनकी क्षमता से अधिक जलभराव हो गया था। उदाहरण के तौर पर भाखड़ा डैम का जल स्तर 1,671 फीट तक पहुंच गया था तो पोंग डैम का जलस्तर भी अधिकतम से ऊपर चला गया था। इसी के परिणाम स्वरूप राज्य की सतलुज, ब्यास और रावी नदियां उफान पर आ गईं थीं। भारत से पानी छोड़ने के कारण ही पाकिस्तान के पंजाब प्रान्त में भी बाढ़ आई, जहां रावी, सतलुज और चेनाब नदियां प्रभावित हुईं। इस स्थिति के मद्देनजर भारत ने पहले ही मानवीय आधार पर पाकिस्तान को तीन चेतावनियां जारी कर दी थीं।

भारतीय पंजाब के जो जिले इस भीषण जल प्रलय में प्रभावित हुए उनमें गुरदासपुर, पठानकोट, होशियारपुर, कपूरथला, अमृतसर, तरन तारन, फिरोजपुर व फजिल्का के नाम खासतौर पर उल्लेखनीय हैं जबकि लुधियाना और जालंधर में भी बढ़ का प्रभाव देखने को मिला। दर्जनों पुल टूट गए, सैकड़ों पशु बह गए अनेक वाहन तेज बहाव में समा गए। लाखों एकड़ फसल तबाह हो गई, तमाम मकान बह गए या क्षतिग्रस्त हो गए। दर्जनों जगह से हाईवे व मुख्य मार्ग बंद हो गए। और इस प्रलयकारी हालात से जूझने में कई जगह पंजाब का वह किसान स्वयं को असहाय महसूस करता दिखाई दिया जो हमेशा पूरी हिम्मत व हौसले के साथ दूसरों की सेवा सत्कार के लिए तत्पर दिखाई देता है। एक अनुमान के अनुसार राज्य के 500 से अधिक गांव डूबे गए इन गांवों में लगभग 6,600 से अधिक लोग फंसे थे। अमृतसर के रामदास क्षेत्र में रावी नदी का धुसी बांध टूट गया, जिससे 40 गांव डूब गए। इसी तरह गुरदासपुर में लगभग 150, कपूरथला में करीब 115, और अमृतसर में लगभग 100 गांव इस प्रलयकारी बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुए। गोया इस बार की बाढ़ ने कृषि-प्रधान पंजाब की अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। इस बाढ़ के चलते सैकड़ों घर, 300 से अधिक स्कूल अनेक सड़कें, पुल और बिजली लाइनें आदि क्षतिग्रस्त हो गईं। अमृतसर में गुरुद्वारा बाबा बुढ़ा साहिब डूब गया। कई जगह रेल यातायात बाधित हुआ अनेक ट्रेन्स कैंसिल कर दी गईं। हाईवे टूटने व क्षतिग्रस्त होने के चलते 1,000 से अधिक सड़कें बंद कर गईं। अकेले वैष्णो देवी में बारिश के चलते हुए भूस्खलन से 30 से अधिक मौतें होने की खबर है।

अभी तक जो अनुमान लगाया जा रहे उसके मुताबिक धान, गन्ना व मक्का की लगभग 1।5 लाख एकड़ फसल पूरी तरह डूब गई। पंजाब में लगभग 3 लाख एकड़ से अधिक भूमि जलमग्न हो गई। इन बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के किसानों को सितंबर-अक्टूबर में होने वाली रबी की फसलों में भी नुकसान की आशंका बनी हुई है। पंजाब में आई बाढ़ से हुआ अरबों रूपए का यह नुकसान खाद्य मुद्रास्फीति को भी प्रभावित करेगा। बाढ़ और बारिश-संबंधी हादसों से भारत व पाकिस्तान में अनेक मौतें भी हुई हैं जबकि अनेक लोग लापता भी हो गए हैं। इसी तरह हजारों पशुओं के बह जाने, मरने,बीमार पड़ने के साथ साथ उनके चारों की भी भारी कमी दर्ज की जा रही है। इन्हीं हालात में बीमारियों का भी खतरा बढ़ गया है। इससे पर्यटन उद्योग भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। आपदा के इस समय में सेना एनडीआरएफ व एसडीआरएफ द्वारा 5,000 से अधिक लोगों की जान बचाई गई व उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। इन ऑपरेशन्स में चिनूक हेलीकॉप्टर, चीता हेलीकॉप्टर,नावें और एम्फीबियन वाहन इस्तेमाल किए गए।

पंजाब और खासकर पहाड़ी क्षेत्रों में होने वाली असाधारण बारिश व बादल फटने जैसी अनेक घटनाओं ने मौसम वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों को हैरत में डाल दिया है। इन हालात के लिए जहां दुर्लभ परिस्थितियों में पूर्वी, दक्षिणी और पश्चिमी मौसम प्रणालियों के एक साथ आने को जिम्मेदार माना जा रहा है वहीं ग्लेशियर का लगातार पिघलते जाना भी बाढ़ को और अधिक भयावह बना रहा है। माना जा रहा है कि यह बाढ़ 1988 की उस भीषण बाढ़ से भी प्रलयकारी है जिसे हजार वर्षों में एक बार आने वाली बाढ़ की संज्ञा दी गई थी। गोया हमें जल प्रलय के इस सन्देश को समझना होगा कि इन हालात के लिए ग्लोबल वार्मिंग के परिणामस्वरूप होने वाला जलवायु परिवर्तन ही सबसे अधिक जिम्मेदार है। और निश्चित रूप से विकास और इसके नाम पर पैदा किए गए ग्लोबल वार्मिंग के यह हालात पूरी तरह मानवजनित हैं।

भारतीय पंजाब के जो जिले इस भीषण जल प्रलय में प्रभावित हुए उनमें गुरदासपुर, पठानकोट, होशियारपुर, कपूरथला, अमृतसर, तरन तारन, फिरोजपुर व फजिल्का के नाम खासतौर पर उल्लेखनीय हैं जबकि लुधियाना और जालंधर में भी बढ़ का प्रभाव देखने को मिला। दर्जनों पुल टूट गए, सैकड़ों पशु बह गए अनेक वाहन तेज बहाव में समा गए। लाखों एकड़ फसल तबाह हो गई, तमाम मकान बह गए या क्षतिग्रस्त हो गए। दर्जनों जगह से हाईवे व मुख्य मार्ग बंद हो गए। और इस प्रलयकारी हालात से जूझने में कई जगह पंजाब का वह किसान स्वयं को असहाय महसूस करता दिखाई दिया जो हमेशा पूरी हिम्मत व हौसले के साथ दूसरों की सेवा सत्कार के लिए तत्पर दिखाई देता है। एक अनुमान के अनुसार राज्य के 500 से अधिक गांव डूबे गए इन गांवों में लगभग 6,600 से अधिक लोग फंसे थे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## पुनर्जनन के दौरान अंग की मूल आकृति का निर्माण

वर्ष 2013 में नेचर पत्रिका में मकोतो टेकिओ और उनके साथियों ने बताया था कि नाखूनों की तली में स्टेम कोशिकाएं होती हैं, जो न सिर्फ निरंतर सख्त और किरेटिनयुक्त नाखून बनाने वाली को. शिकाओं में बदलती रहती हैं, बल्कि वे ऐसे संकेत भी भेजती हैं जो उंगली के पुनर्जनन को गति देते हैं।

चाहे सुंदर दिखने के लिए या सफाई और सहूलियत के लिए हम कभी-कभी नाखून काटते हैं, लेकिन थोड़े दिनों बाद ही वे वापस बढ़ जाते हैं। किरेटिन नामक प्रोटीन से बने नाखून हमें क्षति से सुरक्षित रखते हैं। यदि किसी नवजात शिशु की उंगली के ऊपरी पोर वाला हिस्सा (जोड़ के पहले तक की किसी जगह से) कट या टूट जाता है तो उंगली अपनी मूल आकृति में पुनरू बन जाती है।

वर्ष 2013 में नेचर पत्रिका में मकोतो टेकिओ और उनके साथियों ने बताया था कि नाखूनों की तली में स्टेम कोशिकाएं होती हैं, जो न सिर्फ निरंतर सख्त और किरेटिनयुक्त नाखून बनाने वाली कोशिकाओं में बदलती रहती हैं, बल्कि वे ऐसे संकेत भी भेजती हैं जो उंगली के पुनर्जनन को गति देते हैं। गौरतलब है कि स्टेम कोशिकाएं कई प्रकार की कोशिकाओं में तब्दील और विकसित हो सकती हैं। ये कोशिकाएं Wnt संकेत मार्ग को सक्रिय करती हैंय यह प्रक्रिया पुनर्जनन के लिए आवश्यक तंत्रिकाओं को आकर्षित करती है। छिपकली हमारे घरों में एक अनचाहा मेहमान है। हम अक्सर इसे मारने की कोशिश करते हैं, लेकिन अक्सर हाथ केवल इसकी पूंछ ही आती है। भगोड़ी छिपकली अपनी पूंछ छोड़कर भाग निकलती है और उसे फिर से बना लेती है, ठीक नवजात शिशु की घायल उंगली की तरह। इस प्रक्रिया की आणविक जैविकी का सार एलिजाबेथ हचिन्स और उनके साथियों ने 2014 में प्लॉसवन पत्रिका में प्रस्तुत किया था। इस प्रक्रिया को अंजाम देने में 300 से अधिक जीन शामिल होते हैं और इस दौरान घाव को भरने और पूंछ वापस उगाने के लिए कई विकासात्मक और घाव-प्रतिक्रिया पथ सक्रिय होते हैं। हालांकि जंतुओं और वनस्पतियों दोनों में घाव की मरम्मत सम्बंधी शोध पारंपरिक रूप से जीन-नियंत्रित क्रियापथों पर केंद्रित रहा है। लेकिन हालिया शोध विकासात्मक पादप विज्ञान में भौतिक संकेतों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता हैं। भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं शोध संस्थान IISER, पुणे की मेबेल मारिया मैथ्यू और कालिका प्रसाद ने हाल ही में करंट बायोलॉजी में प्रकाशित अपने एक अध्ययन में विकास और पुनर्जनन पर एक कम अध्ययन किए गए लेकिन महत्वपूर्ण कारक पर प्रकाश डाला हैरू कोशिकीय ज्यामिति। शोधकर्ताओं ने अध्ययन में देखा की कि कैसे शंक्वाकार आकृति का मूलाग्र कट जाने के बाद पुनरू अपने आकार में पनप जाता है। उन्होंने पाया कि मौजूदा कोशिकाओं ने अपनी ज्यामिति को बदलकर नई बनी कोशिकाओं की कतार को एक तिरछे, झुके पथ पर संरेखित किया। अंतत: को. शिकाओं की इन तिरछी पंक्तियों ने जड़ की शंक्वाकार आकृति का पुनर्निर्माण किया। तकनीकी शब्दों में, इस प्रक्रिया को आकृति-जनन कहा जाता है। आकृति-जनन वह जैविक प्रक्रिया है जो किसी जीव को उसका आकार और संरचना विकसित करने में मदद करती है। इसमें को. शिकाओं की समन्वित वृद्धि, विभाजन, विभेदन और व्यवस्थापन शामिल होता है जिससे ऊतक, अंग और यहां तक कि एक संपूर्ण जीव का निर्माण होता है। मूलाग्र पुनर्जनन की प्रणाली का अध्ययन सरसों परिवार के एरेबिडोप्सिस थैलिआना Arabidopsis thaliana पौधे पर किया गया था। इसमें यह समझा गया था कि को. शिका ज्यामिति में परिवर्तन आकृति-जनन में कैसे योगदान देते हैं और उसे सुगम बनाते हैं। उन्नत सूक्ष्मदर्शी और उपकरणों की मदद से टीम ने देखा कि जड़ों की सामान्य घनाकार कोशिकाओं की आकृति बदलकर समचतुर्भुज हो गई। फिर यह परिवर्तित कोशिकाएं विकर्ण रेखा पर विभाजित हुईं जिससे त्रिकोणीय प्रिज्म आकृति की कोशिकाएं बनीं। विकर्ण रेखा से विभाजन ने आस-पड़ोस की कोशिकाओं की वृद्धि को एक तिरछे पथ पर मोड़ा, जिन्होंने मिलकर कटा हुआ पतला सिरा फिर से बनाया। गणितीय और भौतिक विश्लेषण करने पर पता चला कि इन बदलावों के पीछे जो वास्तविक बल काम करता है वह है आंतरिक यांत्रिक तनाव। यह एक प्रकार का तनाव है जो कोशिकाओं को आकार बदलने और निर्धारित रूप से विभाजित होने के लिए उकसाता है। आकृति-जनन को समझने में जहां लंबे समय से स्टेम कोशिकाएं और जेनेटिक क्रियापथ अध्ययन का केंद्र रहे हैं, वहां यह अध्ययन एक अनदेखे महत्वपूर्ण पहलू पर प्रकाश डालता हैरू कोशिकाएं तनाव में अपनी आकृति को कैसे ढालती हैं। यह दर्शाता है कि कोशिका की आकृति और ज्यामिति ऊतक पुनर्जनन के दौरान आकृति-जनन में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

**-डॉ. डी बालसुब्रमण्यन**

## गुमनामी बाबा के कमरे से निकला सामान खास क्यों है



**विनीत नारायण**

पिछले हफ्ते नेताजी सुभाष चंद्र बोस के विषय में इस कॉलम में जो मैंने लिखा था उस पर बहुत प्रतिक्रियाएं आई हैं। पाठकों को और जानने की उत्सुकता है। इस विषय में यूट्यूब पर तमाम इंटरव्यू व रिपोर्ट्स हैं। वहां आप 'गुमनामी बाबा' या सुभाष चंद्र बोस' टाइप करके उन्हें देख सकते हैं। विशेषकर अनुज धर, चंद्रचूड़ घोष, शक्ति सिंह, डॉ दिनेश सिंह तोमर, आदि के इंटरव्यू व जी टीवी पर एक 'गुमनामी बाबा का बॉक्स नंबर 26' जैसी रिपोर्ट्स देख, सुनकर आप दंग रह जाएंगे।

पिछले लेख में मैंने उनके कमरे से मिली 2760 वस्तुओं में से कुछ का जिक्र किया था। यहां उन सामानों में से कुछ और का विस्तार से वर्णन कर रहा हूं। ए सूची इतनी प्रभावशाली है कि केवल साधना करने वाले संत का सामान नहीं हो सकता। आप सोचने पर मजबूर हो जाएंगे कि 'गुमनामी बाबा' अगर नेताजी सुभाष चंद्र बोस नहीं थे तो और कौन थे? ए सूची जब मैंने देश के एक सबसे बड़े पुलिस अधिकारी रहे सज्जन को पढ़वाई तो वे भी दंग रह गए।

'गुमनामी बाबा' के कमरे में अंग्रेजी, बंगला व संस्कृत साहित्य की 304 पुस्तकें मिली हैं। वहीं 260 आध्यात्मिक पुस्तकें भी मिली हैं। मेडिकल साइंस पर 118, राजनीति व इतिहास पर 57, रहस्य और तंत्रशास्त्र पर 46, रामायण व महाभारत पर 36, सुभाष चन्द्र बोस पर 34, यात्रा वृतांत ग्रन्थ 33 व ज्योतिष और हस्तरेखा विज्ञान पर 12 पुस्तकें मिली हैं। अब जरा अंग्रेजी की पुस्तकों के लेखकों नाम और उनके लिखे ग्रंथों की संख्या देखिए, चार्ल्स डिकेंस (51), अलेक्सांद्र सोल्जेनित्सिन (11), विल ड्यूरांट (11), शेक्सपियर का लिखा सम्पूर्ण साहित्य व 9 नाटक, टी. लोबसांग रम्पा (10), वाल्टर स्कॉट (8), अलेक्जेंडर डुमास (8), एरिक वॉन डेनिकेन (4), पीजी वोडहाउस (3), कुलदीप नैयर (3) आदि पुस्तकें उनके बक्सों और अलमारी से निकली हैं। ऐसे उच्च कोटि के विश्व. विख्यात साहित्य को पढ़ने वाला कोई भजनानंदी साधु नहीं हो सकता। सभी जानते हैं कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक संपन्न व कुलीन परिवार से थे। आईसीएस (वर्तमान में आईएएस) की परीक्षा में, 1920 में उनकी चौथी रैंक आई थी। आजादी की लड़ाई लड़ने के लिए 1921 में उन्होंने इतनी बड़ी नौकरी से इस्तीफा दे दिया था।

उनके कमरे से जो तमाम बर्तन व रसोई का सामान मिला है उनमें से कुछ विदेशों में निर्मित हैं जो उनके लाइफस्टाइल को दर्शाता है। चूंकि वे होम्योपैथी के अच्छे जानकर थे इसलिए इसकी व दूसरी तमाम दवाइयां भी मिली हैं। आप सोच लीजिए कि गुमनामी बाबा नेताजी सुभाष चंद्र बोस नहीं थे तो और कौन थे?

उपरोक्त साहित्य के अलावा, उनके कमरे से रीडर्स डाइजेस्ट, अमरीकी पत्रिका टाइम, इलस्ट्रेटेड वीकली ऑफ इंडिया, ब्लिट्ज, ऑर्गेनाइजर, जुगवाणी, द पायनियर, आज, अमृत प्रभात, अमृत बाजार पत्रिका, आनंद बाजार पत्रिका, दैनिक जागरण, द स्टेट्समैन, टेलीग्राफ, टाइम्स ऑफ इंडिया व अमर उजाला जैसी तमाम प्रतिष्ठित पत्रिकाएं और अखबार भी मिले हैं।

उनके बक्से में से उनके परिवार व निकट के लोगों के 110 चित्र मिले हैं। जिनमें नेताजी के माता-पिता का फ्रेम करा हुआ चित्र, मखमली कपड़े में लिपटा हुआ उनके बक्से में रखा था। शक्ति सिंह के अयोध्या स्थित घर, 'राम भवन' के जिस कमरे में गुमनामी बाबा रहते थे, उसमें दीवार पर मां काली का चित्र टंगा था। जिनकी वे रोज धूप-बत्ती जला कर पूजा करते थे। रोचक बात यह है कि 23 जनवरी को देश भर में जहां भी उनका जन्मदिन मनाया जाता था उसकी खबरों में से सुभाष चंद्र बोस की फोटो निकाल कर संग्रह की गई हैं। इसी बक्से से नेताजी की बचपन से मित्र रहीं और क्रांतिकारी संगठन की नेत्री लीला रॉय, पंडित नेहरू, राजेन्द्र प्रसाद और महात्मा गांधी के चित्र भी मिले हैं।

उनके संगीत संग्रह में महिषासुरमर्दनी स्रोत की रिकॉर्डिंग, रवींद्र संगीत, नजरुल इस्लाम, श्यामा संगीत, केएल सहगल, ज्योतिका रॉय, उस्ताद फैयाज खघन, पं. रवि शंकर का सितार वादन, बिस्मिल्लाह खघं की शहनाई, नेताजी के बचपन से मित्र और मशहूर गायक दिलीप कुमार रॉय के गाए गीत, हेमंत कुमार के गीत, पन्नालाल घोष, लालन फकीर आदि की गायकी के रिकॉर्ड भी मिले हैं। इसके अलावा बॉलीवुड की फिल्म 'सुभाष चंद्र बोस' का पूरा साउंडट्रैक भी मिला है। इंग्लैंड के टाइपराइटर और जर्मनी की बनी दूरबीन, जापानी क्रॉकरी, दो महंगी घड़ियां जिनमें से एक सोने की बनी ओमेगा घड़ी बिल्कुल वैसी है जैसी नेताजी की मां ने उन्हें जन्मदिन पर भेंट की थी, जिसे वो अक्सर पहना करते थे। दूसरी महंगी घड़ी रोलेक्स की है। गोल फेम के 8 चश्में जिसमें से एक का फेम शायद सफेद सोने का है। इन सब सामानों में सबसे भावुक वस्तु है नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पिता जानकी नाथ बोस की एक पुरानी छतरी जो, उनकी यादगार के प्रतीक रूप में गुमनामी बाबा ने सहेज कर रख रखी थी। इस छतरी को नेता जी के भतीजी ललिता बोस ने पहचाना।

उनके कागजों में अयोध्या व काशी के विस्तृत नक्शे, भारत के सड़क मार्गों व फौजी ठिकानों के नक्शे, मध्य एशिया, मध्य पूर्व एशिया व दक्षिण पूर्व एशिया के नक्शे, जिन्हें हाथ से बनाया गया था, भी वहां बरामद हुए हैं। उनके सबसे प्रिय साथी पवित्र मोहन रॉय की संपत्तियों के नक्शे व एक अन्य साथी अतुल कृष्ण गुप्तो की ढाका में छूट गई संपत्ति के नक्शे आदि भी मिले हैं। उनके रहन-सहन के स्तर दर्शाते हुए उनके कमरे से नहाने के 75 साबुन मिले हैं, जो महंगे ब्रांड के हैं, जैसे यार्डले, क्यूटीक्यूरा, पियर्स, पोंड्स, लेवेंडर व डडू आदि। सबको मालूम है कि सुभाष चंद्र बोस 'चेन स्मोकर' थे। वे लगातार सिगरेट पीते थे। उनके सामानों में 'गोल्ड फ्लैक' व 'इंडिया किंग्स', सिगरेट के कई पैकेट, रोल बनाकर सिगरेट बनाने वाले कागज के 15 पैकेट व इन कागजों में भरने वाले तंबाकू के पैकेट और इनको लपेट कर सिगरेट बनाने वाली छोटी सी मशीन, जो इंग्लैंड की बनी हुई है। 3 विदेशी पाइप व तम्बाकू के पैकेट, सिगरेट जलाने वाले लाइटर भी मिले हैं। उनके कमरे में अंग्रेजी व बंगला में हस्त लिखित 1683 पत्र भी मिले हैं। दो भारतीय और एक अमरीकी हस्तलेखन विशेषज्ञों ने यह प्रमाणित किया है कि इन पत्रों पर पाई जाने वाली लिखाई 1935-36 की नेताजी सुभाष चंद्र बोस की लिखाई से पूरी तरह मेल खाती है।

पूजा के सामानों में तीन मुखी व छह मुखी रुद्राक्ष की, स्फटिक व तुलसी की 28 मालाएं मिली हैं। गौमुखी कमण्डल, आचमनी, शिवलिंग, शिवजी व मां काली के चित्र, मैहर की देवी का चित्र, चंदन की लकड़ियां, सिंदूर, आलता, शंख जिसे कान के पास लाने पर वह गूंजता है मिला है। गुमनामी बाबा के कमरे से 13 कमीजें, 4 पैंट, 31 बनियान, 31 चड्डी, 58 धो. तियां, 3 वार्मर, 2 दस्ताने, 2 बरसाती कोट, 30 तौलिए, 1 जैकेट, 2 जोड़ी काले जूते, 1 जोड़ी लाल जूते, चेरी ब्लॉसम की पॉलिश के डिब्बे, जूता चमकाने की क्रीम, खड़ाऊं, बंदर टोपी, 7 गद्दे, राजस्थानी रजाई जिस पर रेशम की कढ़ाई है, चादर व तकिए आदि भी मिले हैं। उनके कमरे से जो तमाम बर्तन व रसोई का सामान मिला है उनमें से कुछ विदेशों में निर्मित हैं जो उनके लाइफस्टाइल को दर्शाता है। चूंकि वे होम्योपैथी के अच्छे जानकर थे इसलिए इसकी व दूसरी तमाम दवाइयां भी मिली हैं। अब आप खुद ही सोच लीजिए कि गुमनामी बाबा अगर नेताजी सुभाष चंद्र बोस नहीं थे तो और कौन थे?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इशारा ट्रम्प की ओर, जिनपिंग बोले: दादागिरी की राजनीति बर्दाश्त नहीं

## ट्रम्प का नाम लिए बिना चीन के राष्ट्रपति का एससीओ के मंच से बड़ा हमला

**जिनपिंग ने ऐसी विश्व व्यवस्था की मांग की जो न्याय व समानता पर आधारित हो और जिसमें सभी को भागीदारी का अधिकार हो**

**तियानजिन (चीन)।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शुरुआत में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था में धमकी वाले व्यवहार की कड़ी आलोचना की और अधिक निष्पक्षता, न्याय और बहुपक्षीयता की मांग की।

जिनपिंग की ओर से यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब चीन ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से भारत समेत कई देशों पर भारी टैरिफ लगाए जाने की कड़ी निंदा की है। फिलहाल अमेरिका और चीन ने टैरिफ पर एक अस्थाई समझौता किया है, जिसमें ट्रम्प ने बीजिंग पर भारी टैरिफ को फिर से 90 दिनों के लिए टाला है, ताकि बातचीत जारी रह सके। हालांकि, पिछले हफ्ते ट्रम्प ने फिर धमकी दी थी कि अगर चीन अमेरिका को दुर्लभ खनिजों (रेअर-अर्थ मिनरल्स) का निर्यात रोकेगा, तो वह 200 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। राष्ट्रपति जिनपिंग ने यह बात 20 से ज्यादा देशों के नेताओं के सामने कही, जिनमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और मध्य एशिया, पश्चिम एशिया, दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के राष्ट्राध्यक्ष शामिल थे।

उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कुछ शक्तिशाली देशों पर हठधर्मिता और शक्ति की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने एक ऐसी विश्व व्यवस्था की मांग की जो न्याय और समानात पर आधारित हो और जिसमें सभी को भागीदारी का अधिकार हो। जिनपिंग ने कहा, लगभग 24 साल पहले जब इस संगठन की स्थापना हुई थी, तब हमने 'शंघाई भावना' की नींव रखी थी। यह भावना आपसी विश्वास, आपसी लाभ, समानता, सलाह-मशविरा, सभ्यताओं की विविधता का सम्मान और साझा विकास की कोशिशों पर आधारित है। हमने अपनी सीमाओं पर सैन्य विश्वास बढ़ाने की व्यवस्था सबसे पहले की, जिससे हमारी लंबी सीमाएं दोस्ती, विश्वास और सहयोग का सेतु बन गईं।

हमने सबसे पहले आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की तीन ताकतों के खिलाफ मिलकर बहुपक्षीय कार्रवाई शुरू की। हमने कानून व्यवस्था और सुरक्षा सहयोग को लगातार आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा, हमने कानून व्यवस्था और सुरक्षा सहयोग को बढ़ाया, मतभेदों को सही तरीके से संभाला और सुलझाया, बाहरी दखल का स्पष्ट रूप से विरोध किया और क्षेत्र में शांति व स्थिरता बनाए रखी। हमने सबसे पहले बेल्ट एंड रोड पहल की शुरुआत की हम हमेशा अंतर्राष्ट्रीय न्याय और निष्पक्षता के पक्ष में खड़े रहते हैं, सभ्यताओं के बीच समावेश और आपसी सीख को बढ़ावा देते हैं और प्रभुत्ववादी सोच और शक्ति की राजनीति का विरोध करते हैं। चीनी राष्ट्रपति ने कहा, भविष्य को देखते हुए हमें आज की चुनौतियों और बदलावों से भरी दुनिया में शशंघाई भावनाश को आगे बढ़ाना चाहिए। हमें मजबूत कदमों के साथ आगे बढ़ना चाहिए और अपने संगठन की संभावनाओं का बेहतर उपयोग करना चाहिए। हमें मतभेदों को किनारे रखकर एकता की राह पकड़नी चाहिए, क्योंकि साझा लक्ष्य ही हमारी ताकत और लाभ का स्रोत हैं। मतभेदों के बीच समानता तलाशने की इच्छा, समझदारी और दूरदर्शिता को दर्शाती है। अपने भाषण में जिनपिंग ने आगे कहा, एससीओ के सभी सदस्य देश एक-दूसरे के दोस्त और साझेदार हैं।



**बोलती तस्वीरें:** तियानजिन। चीन में हुए शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन की वैश्विक सफलता ने सदस्य देशों के नेताओं में जोश भर दिया है, रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने जब चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग को (SCO) की खूबियां गिनाईं, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा भी खुशी से चकम उठा।

# जिनपिंग का संयुक्त, डब्ल्यूटीओ व्यवस्था को मजबूत करने का आह्वान

**जिनपिंग ने एससीओ से 'वास्तविक परिणामों और उच्च दक्षता के लिए प्रयास' करने का भी आग्रह किया**

**तियानजिन/नई दिल्ली।** चीनी के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों से संयुक्तराष्ट्र पर केंद्रित विश्व व्यवस्था की रक्षा करने का आह्वान किया है।

जिनपिंग तियानजिन एससीओ राष्ट्राध्यक्ष परिषद की 25वीं बैठक में बोल रहे थे। जिनपिंग ने चीन की अध्यक्षता में हो रहे इस सम्मेलन के पूर्ण अधिवेशन में अपने संबोधन मे कहा कि हमें न्याय और निष्क्षता को बनाए रखना चाहिए, द्वितीय विश्व युद्ध के इतिहास के बारे में सही दृष्टिकोण को बढ़ावा देना चाहिए, युद्ध की मानसिकता, गुटों के टकराव और धौंस-धमकी का विरोध करना चाहिए और संयुक्त राष्ट्र की केंद्रीय भूमिका वाली अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की व्यवस्था की रक्षा करनी चाहिए। चीनी राष्ट्रपति ने संयुक्त राष्ट्र-केंद्रित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था की रक्षा करने और विश्व व्यापार संगठन को केंद्र में रखते हुए बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली का समर्थन करने का भी आह्वान किया। उन्होंने इस वर्ष एससीओ सदस्य देशों के लिए दो अरब युआन (लगभग 28.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर) के अनुदान की घोषणा की, साथ ही एससीओ इंटरबैंक कंसोर्टियम के माध्यम से अगले तीन वर्षों में 10 अरब युआन के अतिरिक्त ऋण की भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि अन्य एससीओ सदस्य देशों में चीन का संचई निवेश पहले ही 84 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो चुका है, जबकि वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार 500 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया है। चीनी राष्ट्रपति ने एससीओ से 'वास्तविक परिणामों और उच्च दक्षता के लिए प्रयास' करने का भी आग्रह किया।

# भूकंप की तीव्रता और उसका असर...

## आंकड़ों के आईने में देश-विदेश में आए कुछ बड़े भूकंप

**नई दिल्ली।** भूकंप अमूमन हर दिन आते हैं। दुनियाभर में एक दिन में औसतन 55 झटके लगते ही रहते हैं। आइए जानते हैं कि रिक्टर स्केल पर किस तीव्रता का भूकंप कितना खतरनाक हो सकता है।

### 0-1.9 तीव्रता:

इसका एहसास सिर्फ सिस्मोग्राफ पर होता है, किसी को पता नहीं चलता।

### 2-2.9 तीव्रता:

हल्का कंपन महसूस होता है इंसान इसे महसूस कर सकता है।

### 3-3.9 तीव्रता:

ऐसा एहसास होता है जैसे करीब से कोई ट्रक गुज़रा हो।

### 4-4.9 तीव्रता:

खिड़कियां टूट सकती हैं दीवारों पर टंगी फ्रेम गिर सकती हैं।

### 5-5.9 तीव्रता:

फर्नीचर जैसा भारी सामान हिल सकता है और जान-माल के खासे नुकसान की संभावना बन जाती है।

### 6-6.9 तीव्रता:

यह भूकंप विनाशकारी साबित हो सकता है। बड़ी से बड़ी इमारतों की नींव दरक सकती है और ऊपरी मंजिलों को नुकसान हो सकता है।

### 7-7.9 तीव्रता:

इस तीव्रता वाले भूकंप में इमारतें तक ढह जाती हैं जमीन के अंदर पाइप फट जाते हैं। यह भी बेहद विनाशकारी हो सकता है। पिछले साल फरवरी में तुर्की और सीरिया में आए 7.8 तीव्रता के भूकंप ने भारी तबाही मचाई थी जिसमें 50000 से अधिक लोग मारे गए और लाखों ज़ख्मी हुए थे। कई शहर पूरी तरह तबाह हो गए थे।

### 8-8.9 तीव्रता:

इस तीव्रता वाला भूकंप पूरे शहर को नुकसान पहुंचा सकता है। इमारतें और बड़े-बड़े पुल भी नहीं झेल पाते और ध्वस्त होकर गिर जाते हैं। साथ ही समुद्र में सुनामी आने का गंभीर खतरा बना रहता है।


### 9 या उससे अधिक तीव्रता:

यह सबसे ज्यादा विनाशकारी भूकंप होता है। मैदान में खड़े शख्स को धरती लहराती हुई दिखाई देगी और बहुत बड़े सुनामी का खतरा रहेगा। इस तरह के भूकंप कभी-कभार ही आते हैं। अब तक दुनिया में सिर्फ 5 बार ही 9 या उससे अधिक की तीव्रता वाले भूकंप आए हैं।

**दुनिया के कुछ सबसे भीषण भूकंप**

**1952 (रूस):** पांचवां सबसे बड़ा भूकंप, तीव्रता 9.0 दुनिया में यह पहली बार 9.0 की तीव्रता वाला भूकंप था। इस दौरान सुनामी आई और करोड़ों रुपये की संपत्ति बर्बाद हो गई।

**1960 (चिली):** दुनिया का सबसे भीषण भूकंप, तीव्रता 9.5। इसे 'ग्रेट चिली अर्थक्वेक' के नाम से भी जाना जाता है। इसमें करीब 1655 लोग मारे गए और 20 लाख से अधिक बेघर हुए।




**1964 (अलास्का, अमेरिका):** दूसरा सबसे भीषण भूकंप, तीव्रता 9.2 इसमें 130 लोग मारे गए और 2.3 बिलियन डॉलर की संपत्ति का नुकसान हुआ।

**2004 (सुमात्रा, इंडोनेशिया):** तीसरा सबसे भीषण भूकंप। इसका असर भारत के अंडमान निकोबार द्वीप तक दिखा। बड़े-बड़े सुनामी लहरें उठीं जिसने कई देशों को अपनी चपेट में लिया। 2.80 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई और दक्षिण एशिया व पूर्वी अफीका में 11 लाख लोग बेघर हुए।

**2011 (तोहोकु, जापान):** चौथा सबसे विनाशकारी भूकंप, तीव्रता 9.1। इससे पूरे क्षेत्र में सुनामी आ गई। 15,000 से अधिक लोग मारे गए और 1.30 लाख से अधिक लोगों को घर छोड़ना पड़ा।

## देश में आए भूकंप...

**1. किन्नौर भूकंप, हिमाचल प्रदेश (19 जनवरी, 1975)**
- **परिमाण:** 6.8
- **स्थान:** किन्नौर जिला, हिमाचल प्रदेश
- **प्रभाव:** यह भूकंप ऊपरी सतलुज घाटी में आया था। इसके कारण लगभग 60 लोगों की मौत हुई और कई गांवों में भारी क्षति हुई। भूस्खलन और चटानों के गिरने से भी काफी नुकसान हुआ था।

**2. बिहार-नेपाल भूकंप (21 अगस्त, 1988)**
- **परिमाण:** 6.9
- **स्थान:** भारत-नेपाल सीमा पर (बिहार में दरभंगा, सहरसा, मुजफ्फरपुर और पूर्णिया जैसे जिले प्रभावित हुए)
- **प्रभाव:** इस भूकंप में भारत और नेपाल दोनों में 1000 से अधिक लोगों की जान गई थी, जिनमें से सैकड़ों भारत में थे। हजारों लोग घायल हुए और बड़े पैमाने पर संपत्ति का नुकसान हुआ।

**3. उत्तरकाशी भूकंप, उत्तराखंड (20 अक्टूबर, 1991)**
- **परिमाण:** 6.8
- **स्थान:** उत्तरकाशी जिला, उत्तराखंड (तब उत्तर प्रदेश का हिस्सा)
- **प्रभाव:** गढ़वाल हिमालय क्षेत्र में आए इस भूकंप में 760 से अधिक लोगों की मौत हुई और लगभग 5,000 लोग घायल हुए। हजारों घर नष्ट हो गए, जिससे बड़े पैमाने पर विस्थापन हुआ।

**4. लातूर भूकंप, महाराष्ट्र (30 सितम्बर, 1993)**
- **परिमाण:** 6.2
- **स्थान:** लातूर और उस्मानाबाद जिले, महाराष्ट्र
- **प्रभाव:** यह भारत के सबसे घातक भूकंपों में से एक था, क्योंकि यह एक स्थिर महाद्वीपीय प्लेट क्षेत्र में आया था, जहाँ भूकंपों की उम्मीद कम होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### कृति सैनन बनीं यूएनएफपीए की मानद राजदूत



**मुंबई।** संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष इंडिया ने बॉलीवुड अभिनेत्री, निर्माता और उद्यमी कृति सैनन को लैंगिक समानता के लिए अपना मानद राजदूत नियुक्त किया है। कृति सैनन अपनी नई भूमिका में, महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों और कल्याण की वकालत करेंगी और सशक्तिकरण, शिक्षा, लैंगिक हिंसा को समाप्त करने और सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपना समर्थन प्रदान करेंगी। कृति सनोन ने अपनी नई भूमिका के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि लैंगिक समानता के लिए यूएनएफपीए इंडिया की मानद राजदूत के रूप में शामिल होकर मुझे बेहद सम्मानित महसूस हो रहा है।

### क्रैश हुआ पाक सेना का हेलिकाप्टर, पांच जवानों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे कश्मीर (पीओके) के गिलगित- बाल्टिस्तान क्षेत्र में सोमवार तड़के सेना का एक हेलिकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पांच सैन्यकर्मी मारे गए। मृतकों में दो अधिकारी भी शामिल हैं। पाकिस्तानी सेना की ओर से जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक, एमआई-17 हेलिकाप्टर नियमित प्रशिक्षण मिशन पर था, जिसमें उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आ गई।

# भारत को कमतर आंकना नासमझी, मोदी और जिनपिंग की मुलाकात अमेरिका को एक बड़ा संदेश

**एक चीनी भू-राजनीतिक विशेषज्ञ ने पीएम मोदी व शी जिनपिंग की मुलाकात को ऐतिहासिक बताया**

**अमेरिका दबाव बनाना चाहता है, उसे चिंता है कि भारत गुटनिरपेक्ष दुनिया का नेतृत्व कर सकता है: टैंगन**

**बीजिंग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को चीन के तियानजिन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। इस मुलाकात पर पूरी दुनिया की निगाहें रहीं।

दरअसल दोनों नेताओं की मुलाकात ऐसे समय हुई, जब अमेरिका की ट्रम्प सरकार की टैरिफ नीति ने पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल पुथल मचाई हुई है। एक चीनी भू-राजनीतिक विशेषज्ञ ने पीएम मोदी और शी जिनपिंग की मुलाकात को ऐतिहासिक बताया और कहा कि यह अमेरिका लिए एक कड़ा संदेश है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ताइहे इंस्टीटयूट के वरिष्ठ फेलो एइनार टैंगन ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प भारत को मजबूर करना चाहते थे, लेकिन भारत जैसे देश को, जो बाजारों और श्रम के लिए इतना महत्वपूर्ण है, उसे कमतर आंकना, मुझे नहीं लगता कि यह ठीक है। उन्होंने सुझाव दिया कि नई दिल्ली के पास इस धौंस जमाने वाले देश का सामना करने का अवसर है। टैंगन ने एनडीटीवी पर एक पैनल चर्चा के दौरान कहा कि पीएम मोदी और शी जिनपिंग की यह बैठक केवल भारत और चीन के बारे में नहीं थी, बल्कि कई देशों की चिंताओं के बारे में भी थी, जो अमेरिका के टैरिफ से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि यह अहम पल है, जो वाशिंगटन को भारत के प्रति उसके मनमाने व्यवहार के लिए एक कड़ा संदेश देता है। टैंगन ने कहा कि अमेरिका भारत पर दबाव बनाना चाहता है। उसे चिंता है कि भारत गुटनिरपेक्ष दुनिया का नेतृत्व कर सकता है और अमेरिका को बता सकता है कि आप हमारे साथ औपनिवेशिक खेल नहीं खेल सकते और हमें चीन, रूस और कई अन्य देशों सहित एक-दूसरे के खिलाफ नहीं खड़ा कर सकते। अमेरिका ने रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जिसके बाद भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। भारत ने इसे अनुचित बताया है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि ट्रम्प, भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम का श्रेय न देने के लिए भारत से नाराज हैं और टैरिफ नीति के पीछे ये भी एक बड़ी वजह है।

### अफगान में भीषण भूकंप के बाद हर ओर तबाही का मंजर

# वैश्विक संस्थाओं ने बढ़ाए मदद के हाथ

**भूकंप की तीव्रता 6.0 आंकी गई, कई शहरों में अधिकतर गांव तबाह हो गए**

**काबुल।** अफगानिस्तान में आए भीषण भूकंप के बाद अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं सहायता पहुंचाने एवं राहत-बचाव कार्यों में तेजी ला रही हैं। तालिबान अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि इस विनाशकारी भूकंप में कम से कम 800 लोग मारे गए जबकि 2500 से अधिक घायल हुए हैं।

इससें कुनार और नांगरहार क्षेत्रों में अधिकतर गांव पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। सीबीएस न्यूज़ ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने भूकंप की तीव्रता 6.0 आंकी है और यह स्थानीय समयानुसार रविवार रात 11:47 बजे आया जिसका केंद्र नांगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर से लगभग 27 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में आठ किलोमीटर की गहराई में था। इसकी वजह से यह ज्यादा विनाशकारी साबित हुआ है।

भूकंप के बाद भी कई झटके महसूस किए गए जिनमें आज सुबह 5.2 तीव्रता का एक हल्का झटका भी शामिल था जिससे स्थानीय लोग अपने घरों से बाहर आ गए। दक्षिण में 350 किलोमीटर से भी जयादा दूर काबुल और इस्लामाबाद तक इसके झटके महसूस किए गए, जहां इमारतें हिल गई थी। अफगानिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता शराफ़त ज़मान ने पुष्टि की है कि अधिकांश मौतें कुनार प्रांत में हुई जहां 610 से जयादा लोगों की मौत और 1300 से जयादा लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है।

नांगरहार में भी कम से कम 12 लोगों की मौत और सैकड़ों लोगों के घायल होने की खबर है। आपदा क्षेत्र के वीडियो फुटेज में स्थानीय लोगों को अंधेरे में अपने हाथों से ढहे हुए घरों को खोदते हुए, मलबे के नीचे से जीवित बचे लोगों एवं शवों को बाहर निकालते हुए देखा गया। हेलीकॉप्टरों और एम्बुलेंसों ने घायलों को अस्पतालों तक पहुंचाया जबकि अस्थाई स्ट्रेचरों की मदद से अन्य लोगों को चिकित्सा टीमों तक पहुंचाया जा रहा था।

# पुतिन से मिले प्रधानमंत्री मोदी

## कहा: संकट में एक-दूसरे का साथ दिया है भारत-रूस ने

**तियांजिन/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका की विभिन्न देशों पर आयात शुल्क लगाए जाने की घोषणा से दुनिया भर में मची उथल-पुथल के बीच सोमवार को यहां तियांजिन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर महत्वपूर्ण चर्चा की।

उन्होंने कहा कि भारत तथा रूस हमेशा कठिन समय में एक दूसरे के साथ खड़े रहे हैं तथा उनकी साझेदारी दोनों देशों के साथ-साथ वैश्विक शांति, स्थिरता तथा समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है। चीन की दो दिन की यात्रा के अंतिम दिन स्वदेश रवाना होने से पहले मोदी ने तियांजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्र प्रमुखों के 25 वें सम्मेलन के समापन के बाद पुतिन के साथ बातचीत में रूस-यूक्रेन संघर्ष के जल्द समाप्त होने की भी उम्मीद जताई। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने आर्थिक, वित्तीय तथा ऊर्जा क्षेत्रों सहित द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की और द्विपक्षीय संबंधों में मजबूती पर संतोष व्यक्त किया।

उन्होंने दोनों देशों के बीच विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। मोदी ने दोनों देशों के बीच प्रगाढ संबंधों तथा नियमित संपर्क का उल्लेख करते हुए कहा कि हम लगातार संपर्क में रहे हैं। दोनों पक्षों के बीच नियमित रूप से कई उच्च स्तरीय बैठकें भी हुई हैं। इस वर्ष दिसम्बर में हमारे 23 वें शिखर सम्मेलन के लिए 140 करोड़ भारतीय उत्सुकतापूर्वक आपका इंतजार कर रहे हैं।


प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वैदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108